WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, बुधवार, 8 जनवरी 2025 शुक्ल पक्ष-नवमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 316 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

इसे ही कहते है मारो घुटना फूटे आंख। नई दिल्ली विधानसभा का चुनाव लड़ रहे भाजपा के एक बड़बोले नेता ने कांग्रेस नेत्री को लेकर आपित्तजनक टिप्पणी कर दी। जिसका कांग्रेसजन तो विरोध कर रहे हैं किन्तु इस टिप्पणी से आम आदमी पार्टी की नेत्री और नई दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी इतना ज्यादा आहत हुई कि प्रेस कांफ्रेन्स के दौरान रो पड़ी। ये वही आतिशी है जो उस समय चुप्पी साधे बैठी थी। जब आम आदमी पार्टी की ही राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से न सिर्फ बदसलूकी हुई थी बल्कि उनके साथ मारपीट भी की गई थी।

मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही लाइसेंस भी निरस्त

■ पत्रकार की हत्या के मुख्य आरोपी के ठेके और फर्मों पर कार्रवाई जारी

रायपुर/नवप्रदेश। पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद अब शासन स्तर पर कार्रवाई होनी शुरू हो गई है। इस कड़ी में लोक निर्माण विभाग ने उसका अ वर्ग ठेकेदार के पंजीयन को निलंबित कर दिया है। लोक निर्माण विभाग की ओर से सोमवार को जारी आदेश में बताया गया कि मुख्य अभियंता, बस्तर परिक्षेत्र जगदलपुर ने विभाग में पंजीकृत अ वर्ग ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड का मुख्य आरोपी के रूप में गिरफ्तार किए जाने पर पंजीयन को निलंबित किए जाने की अनुशंसा की थी। इस अनुशंसा को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने सुरेश चंद्राकर के अ वर्ग पंजीयन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

अरबों के ठेके लिए सुरेश चंद्राकर ने नेलसनार -कोडोली -मिरतुर - गंगालुर मार्ग के कार्य को कुल 30 भागों में विभक्त किया

गया था। जिसमें 17 भागों का कार्य सुरेश चन्द्राकर को 30 नवंबर 2015 को दिया गया था, जिसे 29 जुलाई 2016 तक पूरा करना था। इसकी अनुबंधानुसार लागत 5407.14 लाख रुपए थी, जिसकी पुनरीक्षित स्वीकृति राशि रू. 14139.89 लाख है. सुरेश चंद्राकर ने 17 भागों में मिले कुल 32.40 किमी सड़क में से 12 भागों में 24.90 किमी सड़क का पूर्ण कर लिया गया था, जिसके विरुद्ध 11617.97 लाख रुपए व्यय किया गया था। शेष 05 भागों का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है।

इसी तरह जिला बीजापुर के जैगुर रोड से तुमनार मार्ग 11.20 किमी लंबी सड़क के काम के लिए प्रशासकीय स्वीकृति 1376.39 लाख रुपए की थी, वहीं अनुबंधानुसार राशि 1306.36 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहले भी जीएसटी ने की है कार्रवाई

इसके पहले सुरेश चंद्राकर के खिलाफ जीएसटी ने कार्रवाई की थी। जीएसटी की ठेकेदार सुरेश चंद्राकर की फर्म पर छापामार कार्रवाई के दौरान 2 करोड़ की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। इस मामले में वाणिज्यिक कर विभाग विस्तृत जांच कर रही है। राज्य वाणिज्यिक कर विभाग ने बीजापुर जिले में स्थित सड़क निर्माण करने वाली फर्म मेसर्स सुरेश चंद्राकर के परिसरों का 27 दिसंबर को निरीक्षण किया था. प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि फर्म ने विगत वित्तीय वर्षों में 2 करोड़ से अधिक की अपात्र इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा किया है।

गिरीश पंकज को मिलेगा वेद व्यास सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। राही रैंकिंग द्वारा जारी की गई सौ लेखकों की सूची में दसवें क्रम पर आने वाले शहर के चर्चित लेखक गिरीश पंकज को नई दिल्ली में एक मार्च, 2025 को वेद व्यास सम्मान प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान इंडिया नेटबुक्स-बीपीए फाउंडेशन द्वारा दिल्ली के होटल क्राउन प्लाजा, मयूर विहार एक्सटेंशन दिया जाएगा। सम्मान की सूचना मंगलवार को जारी की गई। हिंदी भाषा क्षेत्र के परम विशिष्ट साहित्य विभूषण सम्मान श्रेणी गिरीश पंकज के अलावा संतोष श्रीवास्तव (वागेश्वरी सम्मान), हरीश नवल (भारतेन्दु हरिश्चंद्र सम्मान), दिविक रमेश (कालिदास सम्मान) भी सम्मानित किए जाएंगे। क्षेत्रीय भाषा के लिए विजय दान देथा सम्मान-सीपी देवल (राजस्थानी), पन्नालाल पटेल सम्मान -केशुभाई देसाई (गुजराती) तथा विनेश्वर ब्रम्ह सम्मान-यू जी ब्रम्ह (असमिया) को प्रदान किया जाएगा।

आसाराम बापू को दी अंतरिम जमानत

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने 2013 के दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 साल के स्वयंभू संत आसाराम बापू को एक मामले में मंगलवार को मेडिकल आधार पर 31 मार्च तक के लिए सशर्त अंतरिम जमानत दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने मानवीय आधार पर उनकी गंभीर बीमारियों की चिकित्सा के लिए यह राहत दी। पीठ ने आसाराम पर जमानत पर जेल से बाहर रहने के दौरान सबूतों से छेड़छाड़ न करने के अलावा अपने अनुयायियों से नहीं मिलने जैसी शर्तें लगाई हैं। पीठ ने 31 मार्च 2025 तक अंतरिम जमानत देते हुए इस दौरान लगाई गई शर्तों का अनुपालन करने का निर्देश देते हुए संकेत दिया कि जमानत अवधि समाप्त होने की तारीख के आसपास आसाराम की चिकित्सा स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया जा सकता है।

व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करना : मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मसौदा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम 2025 नागरिक-केंद्रित शासन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देता है। मोदी ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर लिखा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बताते हैं कि मसौदा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम, 2025 नागरिक-केंद्रित शासन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को कैसे प्राथमिकता देता है। नियमों का उद्देश्य विकास और समावेशिता को बढ़ावा देते हुए व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करना है।

महंगाई कम करने की योजना बताएं मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि महंगाई चरम पर है और इससे लोगों का जीवन कठिन हो गया है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताना चाहिए कि बजट में जनता की बचत बढ़ाने के क्या प्रावधान किए जा रहे हैं।

चीन में भूकंप से 95 लोगों की मौत

लुसा (वार्ता)। चीन में शिजांग स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर में डिंगरी काउंटी में विनाशकारी भूकंप से 95 लोगों की मौत हो गई और अन्य 130 घायल हुए हैं। क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार मंगलवार सुबह स्थानीय समय 9:05 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.8 मापी गयी।

राजधानी सहित पांच निगमों में महापौर का चुनाव महिला प्रत्याशी लड़ेंगी

■ दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर ओबीसी के लिए आरक्षित

रायपुर/नवप्रदेश । नगरीय निकाय चुनाव के लिए आरक्षण प्रक्रिया पांच नगर निगम में अब समीकरण बदले नजर आएंगे। रायपुर नगर निगम महिला के लिए आरक्षित हुआ है, तो वहीं दूसरी ओर दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर और भिलाई-चरोदा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है। दीनदयाल ऑडिटोरियम में 14 नगर निगम, 53 नगर पालिका और 125 नगर पंचायत मिलाकर कुल 192 नगरीय निकाय के लिए लॉटरी पद्धति से हो रही आरक्षण की प्रक्रिया पूरी हुई। निर्वाचन अधिकारी पुलक भट्टाचार्य ने आरक्षण के प्रक्रिया को जानकारी देते हुए बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए भिलाई, भिलाई-चरोदा, बिलासपुर और दुर्ग आरक्षित किया गया है।

सामान्य महिला के लिए रायपुर, कोरबा और बिरगांव आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा रिसाली और रायगढ़ नगर निगम अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। अंबिकापुर नगर निगम अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किया गया है।

14 नगर निगम की स्थिति

नगर निगम रायपुर सामान्य (महिला)
नगर निगम बिरगांव सामान्य (महिला)
नगर निगम दुर्ग ओबीसी (महिला)
नगर निगम भिलाई ओबीसी
नगर निगम रिसाली एससी (महिला)
नगर निगम चरोदा ओबीसी
नगर निगम राजनांदगांव सामान्य
नगर निगम धमतरी सामान्य
नगर निगम जगदलपुर सामान्य
नगर निगम रायगढ़ एससी (महिला)
नगर निगम कोरबा सामान्य (महिला)
नगर निगम बिलासपुर ओबीसी
नगर निगम अंबिकापुर एसटी
नगर निगम चिरमिरी सामान्य

आरक्षण प्रक्रिया को लेकर भाजपा और कांग्रेस में मचा बवाल

विभिन्न निकायों के लिए होने वाले चुनाव के लिए महापौर पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया शुरू होते ही हंगामा मच गया। आरक्षण प्रक्रिया के दौरान रायपुर नगर निगम में दो बार सामान्य के बाद चक्रानुक्रम प्रक्रिया को लेकर बवाल मच गया। भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने चक्रानुक्रम के लिए तय साल को लेकर सवाल उठाया। दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10.30 बजे आरक्षण की प्रक्रिया शुरू हुई। 14 नगर निगम, 53 नगर पालिका और 125 नगर पंचायत मिलाकर कुल 192 नगरीय निकाय के लिए आरक्षण की प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है। नगर पालिका और नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए भी आरक्षण प्रक्रिया होगी. पहले यह प्रक्रिया 27 दिसंबर को होने वाली थी, लेकिन तकनीकी अड़चनों की वजह से तारीख आगे बढ़ती गई। जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी मौजूद में चल रही आरक्षण प्रक्रिया के दौरान रायपुर नगर निगम में दो बार सामान्य के बाद शुरू हुई चक्रानुक्रम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को मतदान

■ 8 को आएंगे नतीजे

नई दिल्ली (ए.)। चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर 5 फरवरी 2025 को मतदान होगा। 8 फरवरी 2025 को मतगणना होगी और इसी के साथ यह तय हो जाएगा कि दिल्ली में अगली सरकार किसकी बनने जा रही है?

अंतिम मतदाता सूची हो चुकी है जारी : चुनाव आयोग ने बीते सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अंतिम मतदाता सूची जारी की थी। इस चुनाव में दो लाख के करीब मतदाता 18 से 19 वर्ष के हैं। वह पहली बार विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इस सूची में कुल एक करोड़ 55,24,858 मतदाता हैं। इसमें पुरुष मतदाता 85,49,645 हैं, जबकि 71,73,952 महिला मतदाता हैं। थर्ड जेंडर 1,261 हैं।

प्रक्रिया के तहत नाम जोड़े और हटाए जाते हैं : चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची के लिए नाम प्रक्रिया के तहत जोड़े और हटाए जाते हैं। इसके लिए फॉर्म 6 और फॉर्म सात होता है। नामों के घटाने और जोडऩे की जानकारी समय-समय पर राजनीति दलों को दी जाती है।

1,67,329 नए मतदाता जुड़े : चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में एक महीने में 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक 1,35,089 मतदाताओं ने फॉर्म-6 और 83,825 ने फॉर्म-8 के तहत मतदाता सूचियों में नाम जुड़वाने, पता बदलने, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली में इस तरह है चुनाव कार्यक्रम

चुनाव की अधिसूचना- *10 जनवरी*
नामांकन की आखिरी तारीख- *17 जनवरी*
नामांकन पत्रों की जांच- *18 जनवरी*
नाम वापसी का अंतिम दिन- *20 जनवरी*
मतदान की तारीख- *5 फरवरी*
मतगणना की तारीख- *8 फरवरी*

शाह ने अमित कुमार को राष्ट्रपति पुलिस पदक से किया सम्मानित

■ सीबीआई और छत्तीसगढ़ में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा गया

नई दिल्ली/रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी अमित कुमार को उनकी विशिष्ट और अनुकरणीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मंगलवार, 7 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रदान किया गया। अमित कुमार ने अपने करियर में जिस निष्ठा और समर्पण से काम किया है, वह कानून व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने का एक आदर्श उदाहरण है। अमित कुमार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में 12 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं, जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक (एसपी), उप महानिरीक्षक (डीआईजी) और संयुक्त निदेशक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नकली खसरा दिखा कर ठग लिए एक करोड़ 90 लाख रुपए

■ जमीन धोखाधड़ी मामले में कोडवानी दंपत्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। जमीन की एक धोखाधड़ी के मामले में रायपुर के बंटी-बबली यानी देवेंद्र नगर सेक्टर 5 निवासी महेश कोडवानी और भारती कोडवानी पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। ये एफआईआर सिविल लाइन्स थाने में दर्ज हुई है। एफआईआर के मुताबिक उक्त आरोपी पति-पत्नी ने 1.90 करोड़ रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से अपनी जमीन का सौदा किया था, लेकिन उक्त जमीन के रिकार्ड में तकनीकी त्रुटि के कारण रजिस्ट्री नहीं हो सकी। लेकिन सौदे के एवज में जो 75 लाख रुपए की राशि ली थी।

ये आरोपियों ने देने से इनकार किया, इसके बाद प्रार्थी दीपक रहेजा ने इस मामले को लेकर पुलिस से शिकायत की थी और अब इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एफआईआर के मुताबिक ये सौदा मंदिर हसौद के खसरा नंबर 788/2, 788/3,789/1, 789/2, 790/3 रकबा क्रमशः 0.2100, 0.9550, 0.3440, 0.1660, 0.7520 हेक्टेयर कुल रकबा 2.4270 हेक्टेयर के लिए हुआ था। पुलिस के मुताबिक प्रार्थी ने रिपोर्ट लिखाई है कि ये कुल सौदा 06 एकड का था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल गांधी ने नहीं दिया जवाब बरेली कोर्ट से दूसरा समन जारी

■ ओवैसी को भी पेश होने का आदेश

बरेली (ए.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सांसद असदुद्दीन ओवैसी की ओर से बरेली के जिला जज न्यायालय से जारी समन का कोई जवाब नहीं दिया गया। मंगलवार को दोनों नेताओं के खिलाफ दायर रिवीजन याचिकाओं को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या दो में स्थानांतरित कर दिया गया। साथ ही दूसरा समन जारी कर कोर्ट ने राहुल गांधी को 18 जनवरी और असदुद्दीन ओवैसी को 19 जनवरी को याचिका पर सुनवाई के दौरान पेश होने के आदेश दिए हैं।

राहुल के खिलाफ यह है मामला : लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनाव के ऐलान के मौके पर बोले सीईसी राजीव कुमार-यह मेरी आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर यह मेरी आखिरी प्रेस कांफ्रेंस है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर कार्यकाल खत्म होने का संकेत दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार इसी साल फरवरी में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अपनी आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त ने ईवीएम से लेकर अतिरिक्त वोटों को लेकर चुनाव आयोगों पर लगे आरोपों का जवाब दिया।

15 मई को 2024 को राजीव कुमार ने 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त की जिम्मेदारी संभाली थी। वह एक सितंबर 2020 से बतौर निर्वाचन आयुक्त चुनाव आयोग से जुड़े थे। चुनाव आयुक्त के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

शत्-शत् नमन.. *शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री साय ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया*

मुख्यमंत्री ने शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को दिया कंधा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतिम यात्रा से पहले शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को कंधा दिया। कारली पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहीद जवानों के शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के साथ पुलिस के आला अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद थे। नक्सलियों द्वारा सोमवार को बीजापुर जिले में कुटुरू (अबेली गांव) में किए गए आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए आठ जवानों को श्रद्धांजलि देने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दंतेवाड़ा पहुंचे हैं। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री साय ने उनके शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया।

शहीद जवानों में ये हैं शामिल : शहीद जवानों में प्रधान आरक्षक बुधराम कोरसा पिता पाण्डू कोरसा, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डीआरजी जवानों की गाड़ी को बनाया था निशाना

बता दें कि बस्तर के अबूझमाड़ में चलाए गए ऑपरेशन में नक्सलियों को ढेर कर बीजापुर के बेदरे इलाके से इंद्रावती नदी पार कर स्कॉर्पियो से दंतेवाड़ा लौट रहे डीआरजी जवानों से सोमवार को ब्लास्ट कर उड़ा दिया था। नक्सलियों ने कुटरु के अंबेली के पास जवानों की गाड़ी को निशाना बनाया. ब्लास्ट इतना भयानक था कि सड़क में 7 फीट से ज्यादा गहरा गड्ढा हो गया, मौके पर ही 8 जवान शहीद हो गए। वहीं गाड़ी के ड्राइवर की भी मौत हो गई थी।

नए साल में टेनिस और हॉकी अकादमी की सौगात

छत्तीसगढ़ में खेल अधोसंरचनाओं को तेजी से विकसित किया जा रहा है। नए साल में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों को बड़ी सौगात दी हैं। उन्होंने राजधानी रायपुर में टेनिस अकादमी और राजनांदगांव में हॉकी अकादमी का प्रारंभ करने के लिए मंजूरी दी है। इन दो नई अकादमी के प्रारंभ होने से यहां के खिलाड़ी टेनिस और हॉकी के क्षेत्र में देश में छत्तीसगढ़ की नई पहचान बना सकेंगे। टेनिस और हॉकी अकादमियों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक खेल सुविधाओं के साथ ही उत्कृष्ट कोच भी उपलब्ध होंगे। जहां खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा, वहीं हॉकी और टेनिस के खिलाड़ियों को अपने हुनर को संवारने और निखारने में मदद मिलेगी। इन खेल अकादमियों की स्थापना से राज्य में खेलों के विकास के लिए एक नया वातावरण बनेगा। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रौशन कर सकेंगे।

प्रयागराज। प्रयागराज मेले के दौरान ट्रैक की निगरानी के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के 500 जवानों को लगाया गया है। इतना ही नहीं, बल को आधुनिक उपकरणों से भी लैस किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के आईजी आरपीएफअमिय नंदन सिन्हा का कहना है कि आरपीएफहर मोर्चे को संभालने के लिए तैयार है।

महाकुंभ मेले में आतंकियों की पहचान करेंगे स्पॉटर्स...

अलग-अलग शिफ्ट में जवान 24 घंटे विभिन्न स्थानों पर ट्रैक की निगरानी करेंगे। इसके अलावा आरपीएफ की विशेष कोरस कंमाडो ड्रोन कैमरों और एक हजार सीसीटीवी से निगरानी करेंगे। आईजी आरपीएफ के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस कैमरों में अपराधियों व संदिग्ध आंतकियों को ट्रेस करने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण एवं भगदड़ के लिए रेलवे ने दो प्लान तैयार किए हैं। एक आंतरिक और दूसरा बाहरी। स्टेशनों पर आगजनी, बमबाजी या विस्फोट जैसी घटनाओं को रोकने लिए पहले से तैयारी चल रही है। इसके अलावा भी सुरक्षा से जुड़े हर बिंदु पर पुख्ता तैयारी की जा रही है। इसी को देखते हुए स्पॉटर्स तैनात करने का निर्णय लिया गया है। यह स्पॉटर्स जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मप्र और नॉर्थ-ईस्ट से चुलाए जाएंगे। इनमें से 18 ने मेले में पहुंचकर सुरागरशी भी शुरू कर दी है।मेला एसपी सुरक्षा असीम चौधरी ने बताया कि स्पॉटर्स पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों से संबंधित वह लोग होते हैं, जो राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों पर लगातार नजर रखते हैं। साथ ही समय-समय पर इसकी सूचना पुलिस को देते हैं। प्रयागराज में संगम क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार रात चार आतंकी घुस गए। उन्होंने मंदिर के महंत को बंधक बना लिया। इसकी सूचना मिलने पर नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) व एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीसी) ने मंदिर में पहुंचकर मोर्चा संभाला।

आतंकी मंसूबों को नाकाम करने पांच राज्यों से बुलाए गए स्पॉटर्स

महाकुंभ में आतंकी मंसूबों को नाकाम करने के लिए पांच राज्यों से स्पॉटर्स बुलाए गए हैं। यह पलक झपकते ही आतंकियों, कुख्यात अपराधियों के साथ ही संदिग्ध गतिविधियां करने वालों की पहचान कर सकेंगे। मेले में कुल 30 स्पॉटर्स की तैनाती होनी है, जिनमें से 18 ने पहुंचकर सुरागरशी भी शुरू कर दी है। मेले को लेकर मिली धमकियों के मद्देनजर प्रदेश सरकार सुरक्षा को लेकर हरसंभव उपाय करने में जुटी है। यहां तक कि काउंटर टेररिज्म ऑपरेशन में महारत हासिल करने वाली नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) के ब्लैककैट कमांडोज भी तैनात किए गए हैं।

न्यूज गैलरी

तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे मालदीव के रक्षा मंत्री मौमून

नई दिल्ली। मालदीव द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर करने के लिए लगातार भारत के साथ नजदीकियां बढ़ा रहा है। आठ जनवरी को मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे। मौमून नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करने के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों से भी मिलेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मालदीव के रक्षा मंत्री मौमून आठ जनवरी को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों मंत्री द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, प्रशिक्षण, अभ्यास और रक्षा परियोजनाओं पर चर्चा करेंगे। इसमें मालदीव के राष्ट्रीय सुरक्षा बलों की क्षमता को बढ़ाने के लिए रक्षा उत्पादों की आपूर्ति भी शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि मालदीव भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के तहत अहम स्थान रखता है। दोनों देश हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा और संरक्षा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

केजरीवाल ने लॉन्च किया 'आप' का कैंपेन सॉन्ग

नई दिल्ली (वार्ता)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का कैंपेन सॉन्ग 'फिर लाएंगे केजरीवाल' लॉन्च किया। श्री केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली का चुनाव दिल्ली के लोगों के लिए एक त्योहार की तरह होता है। इस पूरे चुनाव में दिल्ली समेत पूरे देश के लोगों को आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग का बड़ी बेसब्री से इंतजार होता है। इस गाने को शादियों और बर्थ-डे पार्टियों में खूब बजाइए और उस पर नृत्य कीजिए। उन्होंने कहा, "हमारे देश की एक गाली- गलौंज पार्टी है। मुझे भरोसा है कि उसे भी यह गाना पसंद आएगा।"

सब सवाल अहमियत रखते हैं जवाब तो बनता है, आदतन कलमबंद जवाब देते रहे, आज तो रू-ब-रू भी बनता है

वोटर लिस्ट में हेरफेर के आरोप पर राजीव कुमार की विपक्ष को दो टूक

नई दिल्ली। विपक्ष लगातार विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वोटर लिस्ट में हेरफेर करने का आरोप लगा रहा है। ऐसे में वोटर लिस्ट और ईवीएम पर उठाए गए सवालों पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि ये सारे आरोप निराधार हैं। हमेशा सूची में कुछ नामों को जोड़ा जाता है और कुछ को हटाया जाता है। वोटर हटाने पर पूरी प्रक्रिया का पालन होता है। राजनीतिक दलों की सहमति से ही वोटर लिस्ट अपडेट होती है।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कई तरह के आरोप लगते हैं। लोग कहते हैं कि वोटर लिस्ट से नाम कट जाता है। काउंटिंग स्लो कर दी जाती है। आज इन सभी सवालों की इज्जत करते हुए जवाब देंगे। उन्होंने आगे फिर दोहराया कि चुनाव आयोग पर कई तरह के आरोप लगते हैं। कहते हैं कि किसी विधानसभा में 50 हजार वोटर बढ़ा दिए गए। वोटर टर्नआउट पांच बजे के बाद कैसे बढ़ गया।

उन्होंने कहा, 'मैं इसका जवाब देना चाहता हूं। लिस्ट से वोटर हटाने में पूरी प्रक्रिया का पालन होता है। इसके बारे में सभी को जानकारी मिल सकती है।'

पारदर्शिता हमारी प्राथमिकता

राजीव कुमार ने वोटर लिस्ट में गलत एंट्री के आरोपों पर कहा, 'यह सुनकर दुख होता है। कहा गया कि ये ईवीएम इलेक्शन है। वोटर लिस्ट में नाम काटने की शिकायत की गई है। धीमी मतगणना के आरोप लगाए गए हैं। चुनाव आयोग पर कई सवाल उठाए गए हैं। सवालों का जवाब देना हमारी जिम्मेदारी है। पारदर्शिता हमारी प्राथमिकता है।'

शायराना अंदाज में जवाब

कुमार ने शायराना अंदाज में कहा, 'सब सवाल अहमियत रखते हैं जवाब तो बनता है, आदतन कलमबंद जवाब देते रहे, आज तो रू-ब-रू भी बनता है क्या पता हम कल हो न हो, आज जवाब तो बनता है।'

उन्होंने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की बात में दम नहीं है। कोर्ट ने माना है कि ईवीएम हैक नहीं हो सकती, लेकिन ईवीएम पर शक जताने की कोशिश की गई। चुनाव से सात-आठ दिन पहले ईवीएम तैयार हो जाती है। एजेंट के सामने ईवीएम सील होती है। मतदान के बाद ईवीएम सील की जाती है। ईवीएम में अवैध वोट की संभावना नहीं है। प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है।

कैसे हट सकता है किसी वोटर्स का नाम?

अब सवाल ये है कि किसी वोटर का नाम चुनाव लिस्ट से कैसे हट सकता है। बता दें कि मतदाता सूची से नाम हटाना की प्रक्रिया ईसीआई द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सख्ती से की जाती है। इसके लिए आवेदक को फॉर्म 7 दाखिल करना होता है। इतना ही नहीं नाम हटाने की प्रकिया में बूथ लेवल ऑफिसर ([illegible]), बीएलओ पर्यवेक्षकों और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार गहन फील्ड सत्यापन किया जाता है। जानकारी के लिए बता दें कि नाम हटाने के लिए सूची जमा करने से नाम हटाने की प्रक्रिया शुरू नहीं होती है।

आतिशी के पिता को पाकिस्तान में पैदा होना चाहिए था, अफजल को बचाने की कोशिश

नई दिल्ली। भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने अफजल गुरु का नाम लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि उनके पिता ने अफजल गुरु को बचाने की कोशिश की थी। उन्हें पाकिस्तान में पैदा होना चाहिए था। इसी के साथ उन्होंने आतिशी को अरविंद केजरीवाल के लिए आप-दा बताया है। हाल ही में कालकाजी सीट से बीजेपी उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने आतिशी को लेकर विवादित बयान दिया था जिसके चलते उनकी काफी आलोचना हुई। अब भाजपा सांसद योंगेंद्र चंदोलिया ने भी विवादित बयान दे दिया है।

आज तक से बातचीत में उन्होंने कहा, आतिशी अरविंद केजरीवाल आप-दा है। इसी के साथ रमेश बिधूड़ी के बयान पर उनके भावुक हो जाने पर योंगेद्र चंदोलिया ने कहा, आतिशी भावुक हो सकती हैं लेकिन ऐसा काहे का शिक्षक जिसने अफजल गुरू को फांसी ना लगे, इसके लिए हस्ताक्षर किए। ऐसा पिता किसलिए चहिए। वो व्यक्ति हिन्दुस्तान में पैदा ही क्यों हुआ था, उसे को पाकिस्तान में पैदा होना चाहिए था।

इससे पहले सोमवार को आतिशी रमेश बिधूड़ी के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भावुक हो गई थीं। उन्होंने कहा था, मेरे पिता 80 साल के है। बिना सहारे के चल भी नहीं सकते और ऐसे व्यक्ति को बीजेपी गाली दे रही है। उन्होंने कहा था राजनीति इतने घटिया स्तर पर उतर सकती है उन्होंने कभी नहीं सोचा था। इसी के साथ उन्होंने रमेश बिधूड़ी से कहा था कि वह गाली के दम पर नहीं बल्कि काम के दम पर लोगों से वोट मांगे।

अमित शाह ने लॉन्च किया भारतपोल पोर्टल बेहतर समन्वय बनाने में मिलेगी मदद

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देश ने मंगलवार को विभिन्न जांच एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय बनाने के लिए सीबीआई की ओर से विकसित भारतपोल पोर्टल को लॉन्च किया। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह आधुनिक सेवाओं के इस्तेमाल का वक्त है। इसलिए भारतपोल पोर्टल विकसित किया गया है। इससे सुरक्षित भारत बनाने का सपना पूरा होगा। सुरक्षा चुनौतियों से लड़ने में मदद मिलेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतपोल हमारे देश में अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाएगा। सीबीआई इंटरपोल के साथ काम करने वाली एकमात्र एजेंसी थी, लेकिन भारतपोल से हर भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल से जुड़ सकेगी। हम अंतर को पाटने और अपराध को नियंत्रित करने के लिए कुशलता से काम करने में सक्षम होंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतपोल पोर्टल से अंतरराष्ट्रीय

डाटा का उपयोग करना आसान होगा। भगोड़े अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी। इंटरपोल का डाटा भी हमारे पास होगा। अपराधियों को ट्रैक करने की व्यवस्था होगी। इस दौरान बेहतर काम करने पर 35 सीबीआई अधिकारियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

भारतपोल पोर्टल देश की जांच एजेंसियों को रियल टाइम सूचना साझा करने में सक्षम बनाएगा। केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्तर पर यह समन्वय इंटरपोल लाइजनिंग ऑफिसर के जरिए किया जाता है, जो अपने-अपने संगठनों में पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों और शाखा प्रमुखों के स्तर पर यूनिट ऑफिसर से जुड़े होते हैं। मौजूदा समय में सीबीआई, आईएलओ और यूओ के बीच संचार का साधन पत्र, ईमेल और फैक्स है। भारतपोल पोर्टल बनने से एजेंसियों के बीच समन्वय बेहतर होने के साथ ही अपराधी को पकड़ने में मदद मिलेगी। नया अत्याधुनिक ऑनलाइन मंच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस बलों और केंद्रीय एजेंसियों को विदेश में छिपे भगोड़े व्यक्तियों या अन्य मामलों के बारे में इंटरपोल से सूचना मांगने के लिए अपने अनुरोध भेजने की सुविधा देगा। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो भारत का राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो है, जो इंटरपोल से संबंधित मामलों के लिए जिम्मेदार है। इंटरपोल के माध्यम से, सीबीआई भारत में अपराध या अपराधियों की जांच में सहायता के लिए इंटरपोल के अन्य सदस्य देशों की समान एजेंसियों से आवश्यक जानकारी मांग सकती है तथा अन्य देशों की सहायता के लिए आपराधिक डेटा और खुफिया जानकारी साझा कर सकती है।

जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन 43वें दिन भी जारी

चंडीगढ़। बीते करीब डेढ़ महीने से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी से मुलाकात की। इस दौरान डल्लेवाल ने साफ कर दिया कि मेरे लिए किसानों का हित पहले है और सेहत दूसरे नंबर पर है। उन्होंने 42 दिनों से जारी अनशन ना तोड़ने पर अडिग रहने की बात कही। इसके अलावा अस्पताल जाकर मेडिकल सुविधा लेने के प्रस्ताव को भा खारिज कर दिया।

कर्नाटक, गुजरात और तमिलनाडु के बाद महाराष्ट्र में हुई HMPV की एंट्री

मुंबई। भारत में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) के मामले लगातार बढ़ रहे. वायरस अब तक देश को कई राज्यों में दस्तक दे चुका है. सबसे पहले सोमवार को [illegible] के केस कर्नाटक के बेंगलुरु में पाए गए. इसके तमिलनाडु और गुजरात में भी एचएमवीपी के केस मिले. इस बीच अब महाराष्ट्र में भी वायरस की एंट्री हो गई है। जानकारी के मुताबिक नागपुर में एचएमपीवी के दो संदिग्ध मरीजों की पहचान की गई है. ये मरीज क्रमशः 13 और 7 साल के हैं. डिप्टी डायरेक्टर ऑफ हेल्थ शशिकांत शंभरकर ने बताया कि इन दोनों संदिग्ध मरीजों के रिकॉर्ड जांच के लिए एम्स नागपुर भेजे जा रहे हैं। भारत में पहले ही HMPV के 5 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से दो मामले कर्नाटक के बेंगलुरु में और दो तमिलनाडु के

चेन्नई और एक सलेम में दर्ज किए गए हैं. वहीं, एक अन्य मामला गुजरात के अहमदाबाद में पाया गया है. ये मामले देश भर में श्वसन संबंधी बीमारियों की निगरानी के लिए चल रहे सर्विलांस प्रयासों के के रूप में पाए गए हैं।

नड्डा ने एक वीडियो मैसेज में कहा कि चीन में HMPV की हालिया रिपोर्टों के मद्देनजर, स्वास्थ्य मंत्रालय, देश की शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान संस्था ICMR और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र चीन और अन्य पड़ोसी देशों में स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं।अमेरिकन लंग एसोसिएशन के अनुसार HMPV को पहली बार 2001 में नीदरलैंड के रिसर्चर ने पहचाना था। इसकी वजह से तेज श्वसन संक्रमण होता है।

चिंता की कोई बात नहीं-जेपी नड्डा

इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 2001 में पहली बार पहचाने गए इस वायरस से कोई नया खतरा नहीं है।

कुंभ पर करोड़ों खर्च, गंगासागर की तरफ देखते तक नहीं : ममता बनर्जी

कोलकाता। महाकुंभ की तैयारियों के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर गंगासागर मेले को नजरंदाज करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार कुंभ के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है लेकिन गंगासागर तीर्थ की तरफ देखती तक नहीं है। हर साल एक करोड़ से ज्यादा तीर्थयात्रियों के आने का दावा करते हुए ममता ने सोमवार को मांग की है कि केंद्र गंगासागर मेले को राष्ट्रीय

मेला घोषित करे। ममता बनर्जी ने एक कार्यक्रम के दौरान सोमवार को कहा, "केंद्र सरकार कुंभ मेले के लिए कई हजार करोड़ रुपये का फंड मुहैया कराती है। हर साल एक करोड़ से अधिक लोग गंगासागर मेले में आते हैं। मैं उनसे बार-बार कहती रही हूं कि इसे राष्ट्रीय मेला घोषित करें, लेकिन अनुरोध अनसुना कर दिया जाता है।" उन्होंने कहा कि लोग कई रास्तों से कुंभ मेले में जा सकते हैं लेकिन गंगासागर मेले के लिए सागर द्वीप तक पहुंचना एक कठिन काम है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार तीर्थयात्रियों को सागर द्वीप तक आसानी से पहुंचने में मदद करने के लिए पुल बनाने के अपने वादे को पूरा करने में फेल रही है। ममता बनर्जी ने कहा, हम इस जगह को पुल से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने एक बार केंद्र सरकार से बात की थी। मंत्री ने पुल बनाने का वादा किया था। मैंने तीन से चार साल तक इंतजार किया और उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा है कि अब राज्य सरकार खुद के खर्चे पर इस पुल का निर्माण करवाएगी। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि पुल को को पूरा करने में तीन से चार साल लगेंगे और इसकी लागत लगभग 1,500 करोड़ रुपये होगी।

राजधानी की हलचल

भाजपा अब तक 29 और कांग्रेस 47 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी

स्टार प्रचारकों ने संभाला मोर्चा, दिल्ली का दंगल कौन कहा, जोड़-तोड़ शुरू ...

नई दिल्ली। दिल्ली में चुनावों की तारीखों का एलान मंगलवार को हो गया। 5 फरवरी को दिल्ली में वोट डाले जाएंगे साथ ही 8 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे। तारीखों के एलान से पहले ही सभी प्रमुख पार्टियों ने चुनाव प्रचार और जोर पकड़ेगा। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी चुनाव तारीखों के ऐलान से पहले ही राजधानी की सभी 70 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। इसी तरह भाजपा अब तक 29 और कांग्रेस 47 उम्मीदवारों का एलान कर चुकी है। इस बार कई ऐसी सीटें है जिसमें मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है। चलिए जानते है किस सीट पर किनके बीच मुकाबला है....

आप के प्रचार का सबसे बड़ा चेहरा केजरीवाल

आप के लिए इस चुनाव में प्रचार का सबसे बड़ा चेहरा खुद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ही हैं। 2013, 2015 और 2020 में आप की जीत के बाद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। इस चुनाव से पहले उन्हें शराब घोटाले में जेल जाना पड़ा। जेल से वापस आने के बाद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद आप ने नए मुख्यमंत्री के तौर पर पार्टी की प्रमुख नेता आतिशी को शपथ दिलवाई।

भाजपा के लिए प्रधानमंत्री मोदी ही होंगे प्रचार का सबसे बड़ा चेहरा

दिल्ली चुनाव में भाजपा के प्रचार का सबसे बड़ा चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे। पीएम मोदी दिल्ली में कई रैलियां करते भी नजर आएंगे। गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ स्थानीय नेताओं में प्रवेश वर्मा, रमेश बिधुड़ी से लेकर बांसुरी स्वराज तक अपने-अपने इलाके में पार्टी की जीत के लिए जोर लगाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा इस चुनाव में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नई दिल्ली सीट से मैदान में हैं।

राहुल-प्रियंका पर होगा कांग्रेस का दारोमदार

कभी दिल्ली की सत्ता पर अकेले राज करने वाली कांग्रेस आज दिल्ली में अपनी जमीन तलाशने के लिए काफी संघर्ष कर रही है। इस चुनाव में पार्टी के प्रचार का सबसे बड़ा चेहरा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ही होंगे। हालांकि, अब तक दोनों ही प्रचार से दूर रहे हैं। स्थानीय चेहरों में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, अलका लांबा, संदीप दीक्षित जैसे चेहरे अपने-अपने इलाके में पार्टी को जीत दिलाने के लिए जोर लगाएंगे।

नीतीश कुमार की मिमिक्री करने वाले एमएलसी पर भड़का एससी

नई दिल्ली। विधानसभाओं और संसद में नेताओं के बर्ताव को लेकर सुप्रीम कोर्ट चिंतित नजर आ रहा है। बिहार से जुड़े एक मामले पर सुनवाई करते हुए सोमवार को शीर्ष न्यायालय ने कहा कि नेता भूल गए हैं कि सम्मानजनक तरीके से कैसे आलोचना की जाती है या असंतोष जाहिर किया जाता है। अदालत ने सदस्यों को सम्मानपूर्वक व्यवहार करने की सलाह दी है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनके सिंह की बेंच राष्ट्रीय जनता दल नेता सुनील कुमार सिंह की रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। दरअसल, इस याचिका के जरिए बिहार विधान परिषद के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें सिंह को निष्कासित करने के आदेश दिए गए थे। परिषद ने बजट सत्र के दौरान कथित दुर्व्यवहार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नकल उतारने के आरोप में उन्हें निष्कासित किया था। सिंघवी ने कहा कि सदन में फ्रीडम ऑफ स्पीच को व्यापक छूट मिली है। इसपर बेंच ने कहा, 'सदन के अंदर फ्रीडम ऑफ स्पीच का इस्तेमाल इस तरह किया जाता है? आप भी संसद के सदस्य हैं।

■ न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने गोल्ड मेडल हासिल करने वाले दिव्यांग खिलाड़ी को दी क्रिकेट कीट

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। आज कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने रायपुर निवासी दिव्यांग खिलाडी राजेंद्र गोहानी को क्रिकेट कीट प्रदान की। क्रिकेट कीट पाकर खिलाड़ी गोहानी ने प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कलेक्टर डॉ. सिंह का आभार व्यक्त किया। गोहानी ने बताया कि कोटा में आयोजित पैरा ओलपिंक में दो सौ मीटर दौड प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल मिला। वहीं नेशनल गेम्स में भी उनको सौ मीटर दौड प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल मिला है।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर के रेडक्रॉस सोसायटी सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूर-दराज से आम लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर डॉ. सिंह ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान 24 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर जनदर्शन में राजेंद्र नगर निवासी गोविंद मिश्रा ने तालाब की जमीन पर हुए बेजा कब्जा को खाली कराने, कुथरेल धरसींवा निवासी गजानंद साहू ने पीएम आवास की राशि नहीं प्राप्त होने , अकोली निवासी सुरेश कुमार दीवान ने जर्जर रंगमंच को तोडने व खेल मैदान के लिए जमीन अधिग्रहण, गुढियारी निवासी परिवेश ठाकरे ने मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट लगवाने के आवेदन दिया। इसी तरह अन्य क्षेत्रों से पहुंचकर लोगों ने अपने आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए।

आईआईएम ने प्रतिनिधियों को असम यात्रा के लिए रवाना किया

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय प्रबंध संस्थान (भा.प्र.सं.) रायपुर ने सोमवार को भारत सरकार की प्रमुख योजना, एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत युवा संगम चरण 5 पहल के तहत छत्तीसगढ़ से असम के लिए छात्रों के दल को रवाना किया। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम भारत के युवाओं के बीच एकता, समझ और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है, जिससे उन्हें विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं और समुदायों को जानने का अनूठा अवसर मिलता है।

भा.प्र.सं. रायपुर के मदई सभागार में आयोजित ध्वज-प्रस्थान समारोह में रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ÷युवा संगम सिर्फ एक यात्रा नहीं है–यह भारत की समृद्ध विविधता को नजदीक से अनुभव करने और समझ व सहयोग के सेतु बनाने का अवसर है। असम की यात्रा के दौरान मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इस अनुभव को पूरी तरह से अपनाएं, क्षेत्र की परंपराओं और मूल्यों से सीखें और उस एकता की भावना को आगे बढ़ाएं जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करती है।

कार्यक्रम के अवसर पर आईआईएम रायपुर के निदेशक, प्रो. राम कुमार काकानी ने कहा, हम आईआईएम रायपुर में उन पहलों का हिस्सा बनने पर अत्यंत गर्व महसूस करते हैं, जो राज्यों के बीच एकता के बंधन को मजबूत करती हैं। युवा संगम चरण-ङ्क भारत की विविधता का उत्सव मनाने और साझा लक्ष्यों की ओर मिलकर काम करने की भावना को दर्शाता है। यह यात्रा न केवल छात्रों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाएगी, बल्कि उनमें सांस्कृतिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के दूत बनने का आत्मविश्वास भी पैदा करेगी। मुख्य अतिथि ने आधिकारिक रूप से दल को रवाना किया, जो प्रतिभागियों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा की शुरुआत का प्रतीक था। आने वाले पांच दिनों में, छत्तीसगढ़ के प्रतिभागी असम की जीवंत संस्कृति, ऐतिहासिक स्थलों और सामुदायिक जीवन का अन्वेषण करेंगे, राज्य की परंपराओं और मूल्यों को गहराई से समझेंगे।

भा.प्र.सं. रायपुर को इस पहल का हिस्सा होने पर गर्व है, जो एक ऐसे भारत की दृष्टि को सुदृढ़ करता है जहां सांस्कृतिक विविधता को शक्ति के रूप में देखा जाता है। संस्थान प्रतिभागियों के समृद्ध दृष्टिकोण और इस अद्वितीय आदान-प्रदान कार्यक्रम की जीवनभर यादों के साथ लौटने की आशा करता है।

छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों में कार्यक्रम को लेकर उत्सुकता

छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को लेकर अपनी उत्सुकता और असम की समृद्ध विरासत और परंपराओं को जानने की अपनी इच्छा साझा की। उन्हें युवा संगम चरण 5 में अपनी भागीदारी को चिह्नित करने के लिए प्रतीकात्मक स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने आधिकारिक रूप से दल को रवाना किया, जो प्रतिभागियों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा की शुरुआत का प्रतीक था।

रायपुर शहर के बीच में सिटी बसों का भी नो-स्टॉपेज

ऑटो यूनियन ने किया था विरोध, यहां से मिलेंगी बसें और ऑटो

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर शहर के बीच में डीकेएस के पास शास्त्री चौक पर सिटी बस के लिए भी नो-स्टॉपेज हो गया है। लोगों को सिटी बस में चढ़ने और उतरने के लिए करीब 100 मीटर का फासला तय करना होगा। यह निर्णय यातायात पुलिस और निगम ने कलेक्टर-SSP के निर्देश के बाद लिया है।

दरअसल, पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए शहरभर के ऑटो और ई-रिक्शा के लिए करीब एक हफ्ते तक शास्त्री चौक पर एंट्री और स्टॉप बैन कर दिया था। यह ट्रायल के तौर पर था। जिसके बाद से सभी ऑटो और ई रिक्शा शहीद स्मारक भवन से मेडिकल कॉम्प्लेक्स और प्रेस रोड से होकर मेकाहारा की ओर जा रहे थे। वहीं दूसरी तरफ मेकाहारा की ओर से भी शास्त्री चौक, घड़ी चौक की तरफ से शास्त्री चौक और मोती बाग चौक से शास्त्री चौक जाने पर पाबंदी लगाई गई थी। लेकिन, इस रूट में सिटी बस लगातार आवाजाही कर रही थी। इसके अलावा शास्त्री चौक में सवारी उतारा चढ़ाया भी जा रहा था। जिसे शास्त्री चौक में इंतजार कर रहे सवारी ऑटो न लेकर सिटी बस से ही आवागमन कर रहे थे। ऑटो और ई रिक्शा संघ का कहना था कि इस निर्णय से उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। जिससे घर चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने प्रशासन को सिटी बस स्टॉपेज नहीं बदलने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी।

सिटी बस का ऑटो संघ ने किया था विरोध

लेकिन, इस रूट में सिटी बस लगातार आवजाही कर रही थी। इसके अलावा शास्त्री चौक में सवारी उतारा चढ़ाया भी जा रहा था। जिसे शास्त्री चौक में इंतजार कर रहे सवारी ऑटो न लेकर सिटी बस से ही आवागमन कर रहे थे। ऑटो और ई रिक्शा संघ का कहना था कि इस निर्णय से उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। जिस घर चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने प्रशासन को सिटी बस स्टॉपेज नहीं बदलने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी।

प्रशासन ने लिया निर्णय

इस मामले में प्रशासन ने अब सिटी बस के शास्त्री चौक में स्टॉपेज को भी बैन कर दिया है। सिटी बस समेत अब ऑटो के लिए भी घड़ी चौक, मोती बाग चौक, मरही माता मंदिर चौक, शहीद स्मारक भवन के पास ही सवारी उतारने चढ़ाने के लिए स्टॉपेज होगा। लोगों को अब इन्हीं जगहों पर सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध होंगे। हालांकि इस निर्णय को लेकर रायपुर ट्रैफिक अफसरों का कहना है कि, सिटी बस के शास्त्री चौक में स्टॉपेज होने से लोगों को सिटी बस से उतरकर ऑटो पकड़ने के लिए घड़ी चौक तक जाना पड़ रहा था। अधिकारियों का कहना है कि, इस निर्णय के बाद से शास्त्री चौक के आसपास के एरिया ट्रैफिक जाम से मुक्त हुआ है। जिससे लोगों को सुविधाएं हो रही है।

पॉवर कंपनी में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, डॉ.अबीर व डॉ.सुरभि द्वारा जांच व उपचार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी डंगनिया औषधालय में निःशुल्क दंत एवं ईएनटी (कान, नाक एवं गला) परीक्षण शिविर रायपुर नेत्र चिकित्सालय एवं डॉ. मिश्रा हॉस्पिटल के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.एल.पंचारी, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. इंदु साहू, डॉ. निलेश सिंह एवं चिकित्साधिकारी डॉ. श्वेता जैन उपस्थित थे। शिविर में दंत विशेषज्ञ डॉ. अबीर मिश्र एवं ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सुरभि मिश्र ने लगभग 90 लोगों का परीक्षण किया। पॉवर कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए इस शिविर में दंत तथा कान,नाक,गला की बीमारियों के संबंध में जागरूकता लाने की पहल की गई। डॉ. अबीर मिश्र ने नियमित दाँत जाँच और सक्रिय मौखिक स्वास्थ्य देखभाल की महत्ता पर जोर दिया। नई तकनीक से होने वाले उपचारों के विषय में भी लोगों को जागरूक किया गया। इसी प्रकार डॉ. सुरभि ने कान,नाक, गला की बीमारियों की नई प्रवृत्तियों और रोकथाम के उपायों के संबंध में चर्चा की। पॉवर कंपनी में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य योजना के तहत सीजीएचएस रेट पर विभिन्न दंत एवं ईएनटी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध है।

रायपुर: अंबुजा सिटी सेंटर मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, विधानसभा रोड, मोवा. • मैग्नेटो द मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, जीई रोड. • सिटी सेंटर मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, पंडरी. • चंद्रा स्कवेयर, विधानसभा रोड, मोवा • कलर्स मॉल, पचपेड़ी नाका. बिलासपुर : सिटी मॉल 36, पहली मंजिल, मुन्हेली रोड, मंगला स्क्वेयर • MMIPL कॉम्पलेक्स, दुबई स्वीट्स के सामने, तारबाहर रोड़, टैगोर चौक • रामा मैग्नेटो मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, श्रीकांत वर्मा मार्ग, • स्वर्ण प्लाजा, SECL कॉलोनी के पास, राज किशोर नगर, वसंत विहार चौक, सीपत रोड. • रायगढ़ : ग्रैंड मॉल, दूसरी मंजिल, गौरी शंकर मंदिर रोड के पास • शाह कॉम्पलेक्स, ट्रैफिक पुलिस ऑफिस के पास, दरोगापारा, गौशाला रोड भिलाई: सूर्या ट्रेज़र आइलैंड मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, स्मृति नगर कोरबा: द पाम मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, टी.पी. नगर जगदलपुर: बिनाका हेरिटेज, बिनाका मॉल के पास, चित्रकूट रोड़ अम्बिकापुर: चंडीग्राम प्लाज़ा, खारिसा रोड, अग्रसेन स्क्वेयर.

ऑफ़र यहाँ भी उपलब्ध
SMART SUPERSTORE
SMART BAZAAR

सुविचार

सफल वे लोग होते हैं जो अपने आज का समझदारी से इस्तेमाल करते हैं क्योंकि कल कभी आता नहीं और आज कभी जाता नहीं। - अज्ञात

कनाडा के पीएम जस्टीन ट्रूडो का इस्तीफा

अंततः कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टीन ट्रूडो ने अपने पद से इस्तीफा दे ही दिया। इसी के साथ उनके दस साल पुराने शासन का अंत हो गया। जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ कनाडा में लोगों का असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा था। जनता का यह रोष देखते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र देना ही उचित समझा है। बहरहाल वे कार्यवाहक प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। क्योंकि उनके स्थान पर कनाडा की सत्ताधारी लिबरल पार्टी को अपने नये नेता का चुनाव करना है। कनाडा की संसद का सत्र 27 जनवरी से शुरू होने वाला था लेकिन जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के कारण संसद का सत्र 24 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस बीच लिबरल पार्टी अपना नया नेता चुन लेगी और उसके बाद ही संसद सत्र शुरू होगा। गौरतलब है कि पिछले दस सालों से जस्टिन ट्रूडो कनाडा के प्रधानमंत्री रहे हैं। पूर्व में उनकी पिता भी कनाडा के प्रधानमंत्री रह चुके है। ये पिता पुत्र दोनों ही भारत विरोधी रवैया अपनाते रहे हैं। खासतौर पर जस्टिन ट्रूडो ने तो कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादियों को न सिर्फ बढ़ावा दिया। बल्कि उनकी हर संभव मदद भी की थी। कनाडा में ही बैठकर खालिस्तानी आतंकवादी भारत के खिलाफ षडयंत्र रचा करते थे। अभी भी कनाडा में शरण लिये बैठे खलिस्तानी आतंकवादी पन्नू ने उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में अयोजित होने वाले महाकुंभ को लेकर धमकी दी है और कहा है कि खालिस्तानी समर्थक 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक प्रयागराज और लखनऊ ऐयरपोर्ट पहुंच जाएं और वहां कश्मीर तथा खालिस्तान का झंडा लहराएं। पन्नू की तरह ही कनाडा में और कई खालिस्तानी आतंकवादी शरण लिये हुए है। जिनके खिलाफ भारत सरकार ने समय-समय पर कार्यवाही की मांग भी की थी। लेकिन जस्टिन ट्रूडो ने उसकी अनसुनी कर दी। उल्टे जस्टिन ट्रूडो ने भारतीय राजनायिकों पर कनाडा में एक खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या कराने का आरोप लगा दिया था। जस्टिन ट्रूडो ने बगैर किसी सबूत के कनाडा के दूतावास में पदस्थ राजनायिकों पर यह संगीन आरोप लगाया था और इस बारे में कनाडा की संसद में बाकायदा बयान दिया था जिसका भारत ने पुरजोर शब्दों में खंडन किया था और दोनों देशों के बीच तल्खी इस कदर बढ़ी थी कि भारत और कनाडा दोनों ने ही अपने राजनायिकों को वापस बुलाया लिया था। भारत के कठोर रूख अपनाने पर जस्टिन ट्रूडो बौखला गये थे और उन्होंने अमेरिका से मदद की गुहार लगाई थी ट्रीटेन और जापान सहित अन्य देशो के प्रधानमंत्रियों से भी उन्होंने भारत के खिलाफ कार्यवाही करने का अनुरोध किया था लेकिन अमेरिका सहित सभी यूरोपीय देशों ने अपने हाथ खड़े कर दिए थे। भारत की कूटनीति के चलते जस्टिन ट्रूडो अलग थलग पड़ गये थे। इस बीच कनाडा में ही जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ जनता में असंतोष फैलने लगा। जिसके चलते आखिरकार उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ गया।

नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई जरूरी

नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में ज्यों-ज्यों नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबल का शिकंजा कसता जा रहा है। त्यौं-त्यौं नक्सलियों की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ में नक्सली लगातार मारे जा रहे हैं। इसीलिए वे जवाबी कार्यवाही के रूप में पुलिस बल पर कायराना हमला कर रहे हैं। ऐसी ही एक घटना में बीजापुर जिले के कुटरू मार्ग पर नक्सलियों ने आईडी विस्फोट कर पुलिस के एक वाहन को उड़ा दिया। जिस वजह से नौजवान शहीद हो गये और कई जवान घायल हो गये। घायल जवानों को अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है। नक्सलियों के इस कायराना हमले की कड़ी निंदा करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णदेव साय ने कहा है कि बस्तर में नक्सलियों के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान से नक्सली हताश है और वे विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने दी जाएगी। नक्सलवाद के खात्मे के लिए यह लड़ाई और मजबूती से लड़ी जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ को नक्सली आतंक से मुक्त करने के लिए केन्द्रिय गृह मंत्री अमित शाह ने 2026 तक की डेडलाइन मुकर्रर की है लेकिन जिस तरह नक्सली रह रहकर इस तरह के कायराना हमले कर रहे है उसे मद्देनजर रखकर नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई तत्काल तेज करने की सख्त जरूरत है। आखिर कब तक हम अपने जवानों के शव गिनते रहेंगे। अब जरूरत इस बात की है कि बस्तर से नक्सलवाद को नेस्तनबूत करने के लिए तत्काल युद्ध स्तर पर कार्यवाही की जाए। ताकि भविष्य में नक्सली फिर ऐसी दुखद घटनाओं की पुर्नावृत्ति न कर पाये। नौजवानों की शहादत के बाद राज्य सरकार और केन्द्र सरकार को नक्सलियों के खिलाफ अपने अभियान को और ज्यादा गति देने के लिए नये सिरे से रणनीति तय करनी होगी। तभी बस्तर को नक्सली आतंक से मुक्त कराया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हालिया बस्तर प्रवास के दौरान नक्सलियों के गढ़ में जाकर उन्हें ललकारा था और उनके खिलाफ अभियान तेज करने की घोषणा की थी। अब उन्हें अपनी इस घोषणा पर अमल करना चाहिए और छत्तीसगढ़ सरकार को नक्सली उन्मूलन अभियान को युद्धस्तर पर चलाने के लिए ज्यादा से ज्यादा केन्द्रीय सहायता उपलब्ध कराना चाहिए। ताकि नक्सलियों के खिलाफ पूरी मजबूती से निर्णायक लड़ाई लड़ी जा सके।

संजीव ठाकुर

जम्मू काश्मीर की वादियों में पूर्ण शांति, सद्भावना और पर्यटन विकास के लिए कटिबद्ध भारत

कश्मीर घाटी में विगत 10 दिनों में जिस तरह से आतंकी गतिविधियों में तेजी आई है यह स्पष्ट संकेत करते हैं कि पाकिस्तान सरकार और उसकी खुफिया एजेंसी आई,एस,आई तालिबान में आतंकवादियों की दिशा भारत के जम्मू कश्मीर की तरफमोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कश्मीर में आतंकवादी अल्प संकट हिंदुओं को निशाना बनाकर उनके धार्मिक स्थलों क्षतिग्रस्त कर आस्था पर चोट करने का प्रयास कर रहे हैं। यह विदित है कि पाकिस्तान की सीमा से लगा कश्मीर सामरिक दृष्टि से भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इन हालातों को मद्दे नजर रख भारत को सजग रहकर चौकी करनी होगी आतंकी घटनाओं पर जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर सिन्हा जी ने आश्वस्त किया है कि आने वाले कुछ दिनों में इन आतंकियों का पूर्ण रूप से सफाया कर दिया जाएगा और फिर सेना तथा जम्मू कश्मीर पुलिस अमन चैन स्थापित करने का प्रयास करेगी।

जम्मू कश्मीर की वादीयो में अब अमन चैन लहराने लगा है ।कई देश और प्रदेश यहां पर्यटन के विकास के लिए और इसके अर्थ तंत्र को मजबूत करने में भारत सरकार का साथ दे रहे हैं। कश्मीर में पर्यटन फिर से फलने फूलने लगा है शांति स्थापित होने के साथ साथ ही राष्ट्रीय त्यौहार बड़े जोर-शोर से मनाया जाने लगा है। भारत सरकार काश्मीर की शांति, सद्भावना और विकास के लिए कटिबंध है। अब जम्मू काश्मीर में शांति और सद्भावना धीरे-धीरे बहाल हो रही है और प्रदेश खुशहाली की तरफबढ़ रहा है ।इतिहासकार जम्मू कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहते आए हैंद्य और यह अत्यंत सही भी है की जम्मू कश्मीर की लुभावनी फिज़ाएं सुरम्य झील, नदियां, पहाड़ पर्यटकों को लुभाती आ रही हैंद्य पाक समर्थित आतंकवादी यह नहीं चाहते कि जम्मू कश्मीर में फिर शांति सद्भावना स्थापित हो और काश्मीरी ब्राह्मण वापस आकर रहने लगें। ये आतंकवादी इस मंतव्य से जाति विशेष के लोगों की हत्या कर रहे हैं कि वहां पर जातिगत वैमनस्यता भड़का कर घाटी में ज्यादा से ज्यादा अशांति का संचार हो और वह अपने मकसद पर कामयाब हो जाए। इधर एलएसी में नापाक चीन द्वारा तवांग घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश की गई जिसका भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब देकर उन्हें वापस खदेड़ा गया। एलओसी और एलएसी पर माहौल काफी चिंतनीय है और सीमा पर स्थाई समाधान खोजने की परम आवश्यकता है। जम्मू कश्मीर में 370 धारा हटाने के बाद पाकिस्तान लगातार तिलमिलाया हुआ है, और वहां शांति,अमन फैलने से काफी बेचैन भी है। कश्मीर में चरमपंथी, कश्मीरी पंडितों की वापसी के बीच अल्पसंख्यकों का भरोसा तोड़ना चाहते हैं। कश्मीर में विगत 30 वर्षों से आतंकवादी हिंसा से 35 से 40 हजार लोगों की हत्या हो चुकी है। चरमपंथी जम्मू कश्मीर की शांति स्थापना के प्रयास को तोड़ना चाह कर, वहां अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। अत्यंत उल्लेखनीय है कि कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार का वहां पर विकास की योजनाएं लागू करने पर पूरा जोर लगा रही है। चुनाव कराने की घोषणा के बाद राजनीतिक गतिविधियां भी तीव्रता के साथ बढ़ रही हैं। भारत-पाकिस्तान की सेनाओं के बीच संघर्ष विराम के बाद सीमाओं पर आए दिन होने वाली गोलीबारी तो शांत है। इसका मतलब यह नहीं निकाला जाना चाहिए कि पाकिस्तान अपनी आतंकी हरकतों से बाज आ गया है। वह सीमा के पास लांच पैड से लगातार आतंकी हमलावारों को भारत की सीमा में प्रवेश कराने की कोशिश कर रहा है। एक प्रकरण में विगत दिनों सीमा पार करते हुए 4 में से 3 आतंकियों को मार गिराया गया एवं एक आतंकी को पकड़कर हिरासत में भी लिया गया। पकड़े गए आतंकवादी के बयान के अनुसार पाकिस्तान तथा उसकी खुफिया एजेंसी आई, एस, आई की पूरी पोल खुल गई है। और पाकिस्तान का आतंकवादी चेहरा बेनकाब हो गया है। पाकिस्तानी आतंकवादियों का फिर से 1990 वाली स्थिति में कश्मीर को लाने का प्रयास किया जा रहा है। उस समय कश्मीरी पंडित हिंसा और दहशत से घबराकर कश्मीर छोड़ कर चले गए थे। उन्होंने अपनी संपत्ति को छोड़कर तस्वीर से पलायन किया था। अब 370 धारा हटाने के बाद केंद्र सरकार का यह प्रयास लगातार जारी है कि कश्मीरी पंडित वापस जम्मू कश्मीर में अपनी बेची हुई या छोड़ी हुई जगह पर आकर फिर से काबिज हों एवं कश्मीर में फिर से शांति बहाल का बेहतरीन माहौल तैयार हो। वहां पर पर्यटन तथा उद्योगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। इन परिस्थितियों में पाकिस्तान बिल्कुल नहीं चाहेगा की जम्मू कश्मीर उनके हाथ से निकल कर पूरी तरह भारतीय सरकार की गिरफ्त में हो। पाकिस्तान का यह प्रयास है कि केंद्र शासन चीन के साथ लद्दाख तथा अरुणाचल प्रदेश की सीमा में व्यस्त होने के कारण, वह अपने आतंकवादियों को जम्मू कश्मीर की सीमा में प्रवेश कराकर घाटी में आतंक का साया स्थापित कर सकता है,तो यह पाकिस्तान और आई,एस,आई को समझ लेना चाहिए कि भारत अपनी सीमा की रक्षा करने में सक्षम तो है ही साथ ही अंतरराष्ट्रीय मित्र देशों का भी उसके साथ समर्थन है। उधर पाकिस्तान की स्थिति यह है कि कुछ मुस्लिम देशों को छोड़कर पूरी मुस्लिम देशों की बिरादरी पर वह अलग-थलग पड़ गया है। उसकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब है और अपने मालिक चीन की आर्थिक सहायता के दम पर वह देश का खर्चा चला रहा है। अमेरिका को पिछले दो दशकों से अफगानिस्तान में अमेरिका को लगातार धोखे में रख तालिबानी आतंकवादियों की तन मन धन से सहायता कर वैश्विक अशांति को फैलाने का प्रयास कर रहा है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1890 में 8 जनवरी के दिन ही हिन्दी साहित्यकार रामचन्द्र वर्मा का जन्म हुआ था। 1908 में आज ही के दिन प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री निडर नाडिया का जन्म हुआ था। 1909 में 8 जनवरी के दिन ही उपन्यासकार आशापूर्णा देवी का जन्म हुआ था। 1925 में आज ही के दिन साहित्यकार मोहन राकेश का जन्म हुआ था। 1938 में 8 जनवरी के दिन ही भारतीय फ़िल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री नन्दा का जन्म हुआ था। 1942 में आज ही के दिन प्रसिद्ध ब्रितानी भौतिक विज्ञानी स्टीफ़न हॉकिंग का जन्म हुआ था। 1975 में 8 जनवरी के दिन ही भारतीय संगीतकार हैरिस जयराज का जन्म हुआ था। 1984 में आज ही के दिन उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन का जन्म हुआ था। 1697 में 8 जनवरी के दिन ही ब्रिटेन में आखिरी बार ईशनिंदा के आरोप के लिए मृत्युदंड दिया गया था। 1790 में आज ही के दिन अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन ने पहली बार देश को संबोधित किया था। 1856 में 8 जनवरी के दिन ही डॉ. जॉन वीच ने हाइड्रेटेड सोडियम बोरेट की खोज की थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

पता नहीं ये

पता नहीं ये दिन कब निकलेंगे पता नहीं ये दिन का निकलेंगे कब ये सफर तय होंगे निकला था इस शहर से खुशी ढूंढने लोगों की जज्बात लिखने लिख न सका उस अन्यायों को न्याय की बात न कह सका चलता रहा राहों में राहगीरों को राह दिखाने बस चलता ही रहा।

– लक्ष्मी नारायण लहरे

हो ली मैं तो

हो ली मैं तो आपकी, मुरली वाले श्याम । मुझमें ही तो व्याप्त हो, जैसे चारों याम ॥ जैसे चारों याम, निभाती दुनिया दारी । दिया सभी है सौंप, सलोने से गिरधारी । सुमन मुक्त है कंठ, यही बोले है बोली । सांवरिया घनश्याम, आपकी मैं तो हो ली।

– सुमन ओमानिया

खास पाती | आज कल हो गया अजब शाइर

आज कल हो गया अजब शाइर दाद की मांगे भीख अब शाइर। राबिता है ऊला न सानी में कह रहा खुद को खुश-लक़ब शाइर। फेसबुक पे मचा गदर ऐसा रोज ग़ज़लें लिखे गज़ब शाइर। ख़्वाहिश-ए-शाइरी है जर शुहरत हो गया कितना खुश्क-लब शाइर। नैमत-ए-रब है शाइरी का हुनर ये कुबूलेगा और कब शाइर। बज़्म से माज़रत 'तनुज' चाहे शुहरत-ए-इश्क़ बे-अदब शाइर।

– सतीश मैथिल तनुज

अंधेरे कोने से निकल कर आई जब रौशनी

अंधेरे कोने से निकल कर, आई जब रौशनी की ओर। अंधी आँखों से देखा था, अंधेरी रोशनी का चमकता छोर। आँखों में नये ख़्वाब थे, दिल मे था उमंग हिलोर। सर छूँयेगा आसमान पर पांव न होंगे ज़मी पर और। चित्रपट था खाली आसमान था फीका सूरज से लेकर सात रंग भरना था कूंची से कूँचा मेरी दुनिया के आसमान को रंग दिया था नीला धरती रंग दी हरे रंग में फूलों को लाल पीला समुंदर ने नील रंग से गहराई अपनी बताई नारंगी ने केसर बनकर हिम्मत अपनी दिखाई । बैंगनी थे सपने मेरे सपनों ने पंख पाया सारे रंग मिला कर मैंने सतरंगी दुनिया बसाया। सतरंगी दुनिया ने मिलकर फिर सफेद रंग बनाया नफरत के रंग दूर भगा कर प्रेम का रंग फैलाया। ऐसा ही ख़्वाब है मेरा ऐसी ही है ख़्वाहिश सतरंगी दुनिया बनाकर मिलजुल कर रहें भाई भाई ।।

– शिखा लाहिरी

तुम्हारे आने से पहले ही मिलने लगे

तुम्हारे आने से पहले ही मिलने लगे थे शुभ संकेत हर दिन आपकी की मम्मा से पुंछती उनके हाल-चाल मन में उठती गुद्गुदी की लहर मेरे तुम्हरी मम्मा के साथ- साथ जी रही थी हर पल तुम्हारे सुखद एहसास को डॉक्टर ने ओटी से बाहर आ कर मेरी गोद में तुम्हें डाला अद्भुत अविस्मरणीय वो पल बन गया मेरे जीवन का। **– सुनिता पुष्पराजल पांडेय**

इश्क की राह से कभी मैं भी गुज़र

इश्क की राह से कभी मैं भी गुज़र कर देखूं , तेरी चाहत में कभी मैं भी बिखर कर देखूँ लोग कहते हैं बड़ा लुत्फ़ है इस दर्द में भी , तुमसे मिल लूँ तो फ़िर मैं भी बिछड़ कर देखूं तेरे मयखाने से चला आता हूँ बिन पिये मैं तो लड़खड़ाऊं तो सही , तब तो सम्भल कर देखूँ मशवरा मुझको दिया करती है दुनियाँ अक्सर पहले बिगड़ूँ तो ज़रा , तो ही सुधर कर देखूँ खुद से मिलना भी मयस्सर नहीं होता मुझको तुम से निकलूं तो ज़रा , खुद से भी मिल कर देखूँ **– अनु मित्तल**

ग़मों का फ़साना चलो भूल जाएं व

ग़मों का फ़साना चलो भूल जाएं। वो गुज़रा ज़माना चलो भूल जाएं। नए साल में कुछ नया कर के देखें, हुआ जो पुराना चलो भूल जाएं। समय तो समय पर समय से चलेगा , बहाने बनाना चलो भूल जाएं। जो पाया वो अपना जो खोया वो उसका, वो खोना वो पाना चलो भूल जाएं। हैं रिश्तों के धागे बहुत यार नाज़ुक, इन्हें आज़माना चलो भूल जाएं । सफ़र हौसलों का अगर करना पूरा, प्रखर लड़खड़ाना चलो भूल जाएं।

– डॉ राजेश श्रीवास्तव प्रखर

सृष्टि की महान शक्ति मां

छोटा सा शब्द है मां महत्ता में ब्रह्माण्ड से है बड़ा।
अपने शरीर के हर अंग से, मां तुमने मुझको है गढ़ा।।
अपने रक्त और स्वास से मां मुझमें प्राण किया संचार।
असिमीत पीड़ा सहकर माँ मुझे दिया जन्म आभार।।
प्रथम पूज्य गणेश जी है माता का ही आशीष।
मेरी भी प्रथम गुरु हो माता दो यही शुभाषीश।।
वेदों और पुराणों में मां की महत्ता है अपार।
मां के प्यार दुलार पाने मां देव भी लेते हैं अवतार ।।
लोरी जैसा गीत नहीं मां की थपकी जैसा संगीत नहीं।
मेरे सारे दुखः हर लेती तुम बिज बोले समझ लेती तुमसा कोई नहीं।
तुम्हारे प्यार अनुराग से बड़ा आसमां भी नहीं। ममतामयी माता से दुनिया कोई बड़ा नहीं।।

– आनन्द गीद, भिलाई

QUIZ TIME

1) प्रतिवर्ष बाल श्रम निषेध दिवस कब मनाया जाता है

2) सुहेलवा वन्यजीव अभयारण्य कहाँ स्थित है?

3) अधोगामी निस्पंदन का सिद्धांत किसने दिया?

4) रॉबर्टो नोबिली, ज्यौं-बैप्टिस्ट तैवर्नियर, म्नूकी और फ्रांस्वां बर्नियर कौन थे?

5) हाल ही में टी के चथुन्नी का निधन हुआ है, वे किस क्षेत्र से संबंधित थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 12 जून (2) उत्तर प्रदेश (3) कार्ल टेरजाघी (4) फ्रांसीसी यात्री (5) फुटबॉल

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (ऊ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ़िक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 289 का हल

मा	म	ला		सि	वा	य		कि
लि		चा	ह	त		म	म	ता
क	सू	र		म	ग	न		ब
	र				द			
क	मा	न		पा	र	स		स
मी		म	जा	ल		न	क	ली
ना	दा	न		ना	र	द		का
	मि				तीं			
सु	नी	ल		अ	धी	र		जी

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:10, सूर्यास्तः 17:17, चन्द्रोदयः 12:16, चन्द्रास्तः 25:23 अयन : उत्तरायण, ऋतुः शिशिर, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (पिंगल), संवत्सर क्रोधी, संवत्सर (उत्तर) पिंगल, युगाब्द (कलि संवत) 5125, मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : नवमी, नक्षत्र : अश्विनी, योग : सिद्ध, प्रथम करण : बव (16:26 तक), द्वितीय करण : बालव (27:26 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : मेष, मंगल : कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनिः कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:12 से 12:55, अमृत काल : 15:33 से 17:04, सर्वार्थ सिद्धि योग : 17:50 से 31:10+, अमृत सिद्धि योग 17:50 से 31:10+, रवि योगः 17:50 से 31:10+, विजय मुहूर्त : 14:21 से 15:04,गोधूलि मुहूर्त : 17:54 से 18:21, सायाह्न सन्ध्या : 17:57 से 19:16, निशिता मुहूर्तः 24:07+ से 25:00+, ब्रह्म मुहूर्त : 29:24+ से 30:17+, राहुकाल : 12:00 से 13:30, गुलिक काल : 12:33 से 13:54, यमगण्ड : 09:52 से 11:12, दुर्मुहूर्त : 09:19 से 10:02, गण्ड मूल : अहोरात्र।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके बिजनेस में कुछ नयी योजनाएं बेहतर रहेंगी।

वृष : आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आप अपने काम को लेकर व्यस्त रहेंगे।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा।

कर्क : आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको यदि किसी काम को लेकर कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी।

सिंह : आज का दिन आपके लिए सोच समझकर काम को करने के लिए रहेगा। बिजनेस में यदि लंबे समय से किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे।

कन्या : आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने खर्चों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

तुला : आज का दिन आपके लिए किसी लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, जिसमें परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे।

धनु : आज का दिन आपके लिए उलझन भरा रहने वाला है। आज आपको संतान की पढ़ाई पर पूरा ध्यान देना होगा।

मकर : आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपने काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है।

मीन : आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। जो युवा रोजगार को लेकर इधर-उधर भटक रहे हैं।, उन्हें भी मेहनत अधिक करनी होगी।

■ न्यूज गैलरी

कोतवाली थाना प्रभारी लाइनअटैच

दुर्ग। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने दुर्ग कोतवाली थाने के टीआई विजय यादव को लाइन अटैच कर दिया है। एसपी ने उन्हें यह सजा चाकूबाजी की घटना में बरती गई लापरवाही और पिछली कई अन्य शिकायतों के चलते दी है। दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि टीआई विजय यादव के खिलाफ कई शिकायतें मिल रही थीं। इसके साथ ही स्कूल के एनुअल फंक्शन के दौरान हुई चाकूबाजी की घटना में भी लापरवाही सामने आई है। इसके चलते उन्होंने मौखिक आदेश देते हुए उन्हें दुर्ग कोतवाली थाना से हटाकर लाइन में अटैच किया है। जानकारी के मुताबिक निरीक्षक विजय यादव को जैसे ही सोमवार रात लाईन अटैच का मौखिक आदेश मिला उन्होंने तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन में मंगलवार को अपनी आमद दे दी है। एसपी जितेंद्र शुक्ला का कहना है कि अभी मामले में जांच की जा रही है। यदि लापरवाही सिद्ध हुई तो उनके खिलाफ आदेश भी जारी कर दिया जाएगा।

डेकोरेटिव पोल की रौशनी से जगमगाएगा पचरीपारा

दुर्ग। वार्ड 28 पचरीपारा का सड़क अब डेकोरेटिव पोल की रौशनी से जगमगाएगा। वार्डवासियो को एक डोमशेड की सौगात भी मिली है। दोनों विकास कार्य का विधायक गजेन्द्र यादव ने वार्ड के वरिष्ठजनों के साथ लोकार्पण किया। यादव छात्रावास वाली गली में 15 नग डेकोरेटिव बिजली पोल और पार्षद निधि से नवनिर्मित डोमशेड का लोकार्पण किया गया। पचरीपारा में दुर्गा मंच के पास डोमशेड मिलने से नागरिकों ने सरकार का आभार जताया। इस दौरान वार्ड में अन्य विकास कार्य के वार्ड की महिलाओ ने विधायक के समक्ष अपनी मांग रखी जिसे पूरा करने उन्होंने आश्वासन दिए। विधायक ने उपस्थितजनो को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर शहर सड़क, बिजली, पानी को लेकर निरंतर कार्य किये जा रहे है। कार्यक्रम में ओम प्रकाश सेन, ममता सेन, नीता यादव, रानी भोई, बुथ अध्यक्ष गणेश राम यादव, गिरीश यादव, हेमू ढिमरी, चेतना पटेरिया, महेंद्र यादव, सन्नी यादव, रितिक पटेल समस्त मोहल्लेवासी एवं युवा साथीगण उपस्थित रहे।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

भिलाई। इस्पात संयंत्र के लौह अयस्क खदान समूह, राजहरा के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम कलवर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था। आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 120 लोगों की जांच करके उनको दवाई का वितरण किया गया। शिविर में सामान्य जांच के अतिरिक्त शुगर, बीपी की नि:शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की नि:शुल्क सुविधा लंबे समय से उपलब्ध करा रही।

आरक्षण से कई दावेदारों के टूटे सपने और कई ने ली नई अंगड़ाई

दुर्ग निगम की अगली महापौर होगी ओबीसी महिला

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। 14 में से 10 नगर निगम में मेयर और पार्षद पद के लिए चुनाव होने है। इसके लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। 7 जनवरी को मेयर पद के लिए रायपुर में आरक्षण की प्रक्रिया जारी है। तय आरक्षण के मुताबिक, दुर्ग नगर निगम की सीट महिला ओबीसी के लिए आरक्षित हो गई है। अब नई मेयर महिला ओबीसी कोटे से होगी।

रायपुर स्थित पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में नगरीय प्रशासन विभाग मंगलवार सुबह से आरक्षण की प्रक्रिया की गई। इसमें भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य दोलों के नेता पहुंचे हुए हैं। यहां निगम में

महापौर के आरक्षण प्रकिया को लेकर भाजपा-कांग्रेस नेताओं ने कई सवाल उठाए और जमकर हंगामा किया। दुर्ग नगर निगम में ओबीसी महिला, निगम भिलाई ओबीसी, भिलाई तीन चरोदा ओबीसी एवं रिसाली नगर निगम एससी आरक्षित हो गई है। दुर्ग निगम चुनाव के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि महापौर का सीट ओबीसी महिला के खाते में आ गया है।

आरक्षण से सामान्य वर्ग को बड़ा झटका लगा है। कईयो के सपने टूट गए और कईयो के सपनो ने नई अंगड़ाई ली है। महापौर पद ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने से अब भाजपा व कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक पार्टियों द्वारा ओबीसी महिला प्रत्याशी की तलाश शुरु कर दी गई है।

ओबीसी वर्ग के कई नेता आशा भरी नजरों से अपनी पत्नी की ओर देख रहे हैं। ऐसी स्थिति में कांग्रेस से पूर्व महापौर आरएन वर्मा की पार्षद पत्नि सत्यवती वर्मा, पूर्व सभापति राजेश यादव की पत्नि, कांग्रेस नेता पोषण साहू की पार्षद पत्नि प्रेमलता साहू, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, शहर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष कन्या ढीमर के अलावा कांग्रेस से अन्य महिलाओं के नाम दावेदारों की फेहरिस्त में है। इसी प्रकार भाजपा से पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर का दावा स्वभाविक है।

इसके अलावा भाजपा नेत्री अलका बाघमार,जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कलिहारी, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन की पार्षद पत्नि लीना देवांगन, नगर निगम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा की पत्नि, पचरीपारा वार्ड के भाजपा पार्षद ओमप्रकाश सेन की पत्नि ममता सेन, पार्षद नरेन्द्र बंजारे की पत्नि भारती बंजारे (पूर्व पार्षद), गुलाब वर्मा की पार्षद पत्नि पुष्पा वर्मा समेत अन्य ओबीसी वर्ग के शहरी नेता अपनी धर्मपत्नी को चुनाव में उतारने विचार कर सकते हैं।

सुरक्षा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता 12 को

भिलाई। इस्पात संयंत्र द्वारा जनवरी 2025 को सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत बीएसपी के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 12 जनवरी 2025, दिन रविवार को सेक्टर-8 पार्क में प्रातः 9 से 12 बजे तक भिलाई नगर के शालेय छात्र-छात्राओं के लिए तात्कालिक सुरक्षा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही भाग लेने वाले बच्चों के माताओं के लिए एक विशेष श्रेणी रखी गई है। इस वर्ष की गई अभिनव पहल के तहत बच्चों के साथ-साथ उनकी माताएं भी प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी कलात्मकता का प्रदर्षन कर सकेंगी। प्रतियोगिता में व्यापक भागीदारी और परिवारों के भीतर रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए यह पहल की जा रही है। सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा प्रतिभागियों को ड्राइंग शीट उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतिभागी अपना नाम सेक्टर-8 पार्क के प्रवेष द्वार पर उसी दिन पंजीकृत करा सकते है।

कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा

लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों की होगी सेवा समाप्त

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में शासकीय कार्यालयों में लम्बे समय से अनुपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त होगी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों और विभागीय गतिविधियों की विभागवार समीक्षा की। कार्यालयों में लम्बे अवधि से अनुपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों की समीक्षा के दौरान कई विभागों द्वारा कार्यालय में लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारियां दी गई लेकिन अब तक इस संबंध में नियमानुसार कार्यवाहियां नहीं की गई है।

उन्होंने 70 प्लस आयु वर्ग के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य का नगरीय निकाय और जनपदवार समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अधिकारियों को विभागों में रिक्त अनुकम्पा नियुक्ति भर्ती प्रक्रिया प्राथमिकता से पूर्ण करने के साथ ही आवेदकों को रिक्त पदों की जानकारी से अवगत कराने कहा। कलेक्टर ने जिले में ई-ऑफिस की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अवगत

कराया कि शासन के निर्देशानुसार ई-ऑफिस के माध्यम से कार्यालयों का पत्र व्यवहार ऑनलाईन होगा। यह एक सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कार्यप्रणाली प्राप्त करने का माध्यम है। ई-ऑफिस की गति और दक्षता विभागों को सूचित और त्वरित निर्णय लेने में सहायता करती है। इससे सिस्टम के जरिए जहां सरकारी काम में वक्त की बचत होगी, वहीं सरकारी काम में पारदर्शिता आएगी। उन्होंने स्थापना एवं अन्य विभागीय देनदारियों की जानकारी संबंधित उच्च कार्यालयों को भेजने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कार्यालयों में अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत चिकित्सा देयकों का भलीभांति परीक्षण करने सीएमएचओ एवं सीविल सर्जन को निर्देशित किया। कलेक्टर ने नगरीय निकाय/पंचायत चुनाव के तैयारी की भी जानकारी ली। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि निकायों एवं जनपद पंचायतों से मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, स्ट्रांग रूम/मतदान सामग्री वितरण, वाहनों का रूटचार्ट, नये मतदाताओं और मतदान दल गठन के संबंध में जानकारी प्राप्त हो गई है। कलेक्टर ने मतदान दल प्रशिक्षण हेतु तिथियां निर्धारित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने खनिज न्यास निधि कार्यों की जानकारी आगामी समय-सीमा बैठक के पहले सोमवार तक उपलब्ध कराने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव, कस्टम मिलिंग और संग्रहण केन्द्रों में पर्याप्त धान भण्डारण पर विशेष ध्यान देने डीएमओ को निर्देशित किया है।

नान डीबीटी पेंशनधारियों का करें सत्यापन

कलेक्टर ने शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए कार्यालयों में लम्बे समय से अनिधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवाएं मार्च 2025 से पहले समाप्त करने के कड़े निर्देश संबंधित जिला प्रमुख अधिकारियों को दिये हैं। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग के नान डीबीटी वाले 288 पेंशन हितग्राही जो पेंशन राशि से लाभान्वित हो रहे वे वर्तमान में जीवित है या नहीं है इसकी सत्यापन कराने उप संचालक समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया हैं। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के स्कूल जतन योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित निर्माण कार्य एजेंसी विभाग को कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी एसडीएम को राजस्व भूमि सुधार कार्य पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने की बात कही। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत नगरीय निकाय एवं जनपदवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। निकायों और जनपदों में योजना के विस्तार हेतु अधिकारियों को आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये गये।

प्रेस क्लब ने ज्ञापन सौंपकर मांगा न्याय

पत्रकार की निर्मम हत्या के मामले में विरोध तेज

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। बीजापुर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर के निर्मम हत्या मामले में मीडिया कर्मियों के अलावा राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। इस कड़ी में दुर्ग प्रेस क्लब (पत्रकार परिषद, जिला दुर्ग) के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिला कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से मुलाकात कर उन्हें राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पत्रकार स्व. मुकेश चंद्राकर के हत्यारो के खिलाफ कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की पुरजोर मांग की गई। आक्रोशित वरिष्ठ पत्रकारों का कहना था कि हत्या की यह घटना निंदनीय है। ऐसी घटना से मीडियाकर्मियों की लेखनी थमने वाली नहीं है, बल्कि पूरे मजबूती से आगे भी समाज विरोधी ताकतों के खिलाफ सच्चाई की यह जंग जारी रहेगी। दुर्ग प्रेस क्लब की मांगों में पत्रकार स्व. चंद्राकर के हत्यारो को फांसी की सजा, पीड़ित परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी, पीड़ित परिवार को 1 करोड़ की मुआवजा राशि और प्रदेश में पत्रकारों के सुरक्षा हित में पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द लागू करने की मांग शामिल है। ज्ञापन सौंपने मीडिया कर्मी पटेल चौक से रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान अध्यक्ष अरुण मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार सतीश वर्मा, पुनीत कौशिक, पवन देवांगन, रोमशंकर यादव, धनेंद्र सिंह चंदेल, राहुल शर्मा मौजूद थे।

शंकराचार्य महाविद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में शिक्षा विभाग द्वारा 6 जनवरी 2025 को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अर्चना झा दिन एकेडमी डॉक्टर के दुर्गा प्रसाद राव मुख्य अतिथि श्रीमती विनीता गुप्ता पिडीलाइट ट्रेनर उपस्थित रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना से किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के परंपरा अनुसार पौधा भेंट कर किया गया ।प्राचार्य डा अर्चना झा ने अपने स्वागत भाषण में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा बीएड प्रशिक्षणार्थी भावी शिक्षक हैं। शिक्षक के हाथों में ही छात्रों का भविष्य निहित है अतः एक शिक्षक को हर क्षेत्र में निपुण होना चाहिए। ताकि छात्रों का सही मार्गदर्शन कर सके।

डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि शिक्षक देश की उन्नति के आधार स्तंभ है अतः शिक्षकों का दायित्व है कि वे छात्रों को देश की उन्नति और प्रशस्ति के मार्ग पर प्रेरित करें। मुख्य अतिथि विनीता गुप्ता ने कहा कि छात्र और शिक्षक हमेशा देश के हित में ही कार्य करें यह उनका नैतिक दायित्व है।

कार्यक्रम का आगाज श्रुति हालदार द्वारा नृत्य प्रस्तुतीकरण के साथ किया गया। कार्यक्रम में बी एड प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर छात्रों द्वारा एकल नृत्य समूह नृत्य, एकल गीत, समूह गीत मिमिक्री गेम लड़कों द्वारा फैशन शो एवं विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। पूरा महाविद्यालय संगीत में वातावरण से सराबोर था।

इसके पश्चात पीडी लाइट पर कार्यशाला का उद्घाटन किया गया तत्पश्चात विजेता छात्रोंको को पुरस्कार वितरित किया गया। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ नीरा पांडेय द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षा विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ संतोष शर्मा गायत्री जय मिश्रा डॉ वंदना सिंह डॉ सुषमा दुबे डॉ मालती साहू डॉ शिल्पा कुलकर्णी डॉ कंचन सिंन्हा डॉ लक्ष्मी वर्मा डॉ सुमिता सिंह डॉ सीमा द्विवेदी श्रीमती सुधा मिश्रा श्रीमती कविता कुशवाहा श्रीमती उज्ज्वल भोंसले उपस्थिति रही।

नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

भिलाई। जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एवं ऋचा मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात के मार्गदर्शन एवं सतानंद विध्यराज उपपुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में आम नागरिको और सडक उपयोगकर्ताओं को सडक सुरक्षा की गंभीरता और चुनौती के बारे में जागरूक करने सडक सुरक्षा माह का आयोजन यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन अलग अलग विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर वाहन चालको को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। 6वें दिन 90 वाहन चालको का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिसमें स्पर्श हास्पिटल के मेनेजर राकेश निमजे जनरल व हास्पिटल के अन्य स्टॉप मौजूद थी।

14 को मिलेगी निर्मित स्थल पर मकान की चाबी :

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र में खम्हरिया एवं जुनवानी में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर मकान-मोर आस घटक के तहत निर्मित मकानो के हितग्राहियो को 14 जनवरी को निर्मित स्थल पर चयनित मकान की चाबी प्रदान की जायेगी। ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा पूर्व में आबंटित मकान का पूरा पैसा जमा कर दिया गया है, उनको मकान सौंप दिया जायेगा। निर्माणाधीन मकानों

का निरीक्षण करने संबंधित एजेंसी एवं निगम के अभियंता के साथ आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्थल पर पहुंचे। निर्माण में फिटिंग एवं फिनिसिंग से संबंधित जो कमियां है, जैसे-नल की टोली, वास बेसिंग, किचन का सिंक, खिड़खी, दरवाजे में जो भी कमी है, उसे 14 जनवरी तक पूर्ण करने को निर्देशित किये। निगम क्षेत्र में पहली बार हो रहा है कि हितग्राहियो को निर्धारित स्थल पर मकान की चाबी प्रदान की जायेगी। इस संबंध में निगम भिलाई से संबंधित व्यक्तियो को सूचना दे दी गई है। फोन भी किया जा रहा है, जो भी देय राशि है, उसे जमा करने को भी कहा जा रहा है। चयनित स्थल पर बिजली का सप्लाई मकान तक रहेगा। आबंटी अपने नाम से मीटर लगवाने निगम से प्राप्त कब्जा पत्र के साथ विद्युत मीटर लगाने का एनओसी प्रदान की गई है। विद्युत विभाग में जाकर स्वयं अपने नाम का मीटर लगवाना होगा।

किसान मेला आयोजन स्थल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। तीन दिवसीय किसान मेला एवं कृषि संगोष्ठी, प्रदर्शनी एवं विक्रय कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ द्वारा आगामी 10 से 12 जनवरी तक खपरी (कुम्हारी) में किया जा रहा है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया एवं आवश्यक

निर्देश दिए। उक्त मेले में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के कृषि उपकरण एवं आधुनिक यंत्रों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी। इसके अलावा किसानों के कृषि संबंधी विभिन्न समस्याओं और उसके निराकरण पर देशभर से आए हुए वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ किसानों को संबोधित करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य किसानों की उत्तरोत्तर प्रगति और खेती में आने वाली समस्याओं से उन्हें निजात दिलाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री भारत सरकार होंगे। विशिष्ट अतिथि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री, डॉ. रमन सिंह विधान सभा अध्यक्ष, रामविचार नेताम कृषि एवं एससीएसटी ओबीसी एवं अल्प संख्यक विकास मंत्री, केदार कश्यप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, ओपी चौधरी वित्त मंत्री, विजय बघेल सांसद, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक, किरण देव भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं देवजी भाई पटेल पूर्व विधायक धरसींवा होंगे।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.47/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक गोपाल प्रसाद साहू आ. भुवन लाल साहू, अधिवक्ता पता नयापारा वार्ड कं. 01 नदी रोड दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 09 सी प्लाट नं. 17 रकबा 20 वर्गमीटर भूमि धारक श्रीमती रिझन बाई पति स्व. भुवनल लाल सा. नयापारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 05.09.2023 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र डुग्गन लाल, महेन्द्र कुमार, गोपाल प्रसाद, रमेश कुमार, कमल नारायण पुत्रवधु श्रीमती नेम बाई पौत्र शुभम, रोशन कुमार है। आवेदक द्वारा उक्त प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक रिझन बाई का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके स्थान पर उनके वारिसानों का फौती नामान्तरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आग जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.01.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.12.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202501101000010
/ब-121/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- संतोष कुमार कौशल,/अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक संतोष कुमार कौशल पिता/ पति/ विभाग-बुधराम कौशल पता-बिरझापुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने मौसी श्रीमती प्रमीला बाई का मृत्यु दिनांक 25.12.2023 को अटल आवास कुरूद भिलाई भिलाई तहसील व जिला दुर्ग में मृत्यु हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। 02 प्रकरण ब-121 में दर्ज हो। 03 प्रकरण में आवेदक एवं स्वतंत्र साक्ष्य का ब्यान लिया जावे।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर/दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.01.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

अति. तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202501100700021/
विषय: अ-6/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

पोटियाकला प.ह.न.00039(151/74(0.0050 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार - श्रीमती उत्तरा साहू, कामेश कुमार साहू, देवेश कुमार साहू
अनावेदक पक्षकार- यादराम साहू

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती उत्तरा साहू पति स्व. यादराम साहू, निवासी विवेकानंद नगर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा ग्राम पोटियाकला, प.ह.नं.38, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं.151/74 रकबा 0.005 हे. भूमि जो कि आवेदक के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि के भूमिस्वामी यादराम साहू आ. रामूराम साहू की मृत्यु दिनांक 07/05/2020 को हो जाने पर फौती दर्ज कर उसका नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर उसके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17/01/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता प्रशांत गोडबोले पिता श्री बेनीलाल गोडबोले उम्र 43 वर्ष, निवासी-जोन 03, सडक नं. 08सी, न्यू आदर्श नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ. ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि. मेरी पुत्री मायरा गोडबोले (MYRA GODBOLE) का जन्म दिनांक-10/10/2015 को हुआ है, जिसका मेरे द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया है, जो कि सत्य एवं सही है। यह कि, मेरी पुत्री के नाम से एल.आई.सी. में चिल्ड्रन्स मनीबैंक प्लान का पॉलिसी नं.-387974800 है, जिसमें उसका नाम त्रुटिवश (MILKEY GODBOLE) दर्ज है, जो कि मेरी पुत्री का ही नाम है। यह कि मायरा गोडबोले (MYRA GODBOLE) एवं (MILKEY GODBOLE) दोनो नाम मेरी पुत्री के ही है आर्थात् एक ही व्यक्ति/महिला का नाम है।

अत: यह शपथ पत्र उपरोक्त कथनों की सत्यता के संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
प्रशांत गोडबोले
पिता श्री बेनीलाल गोडबोले
निवासी-जोन 03, सडक नं. 08सी,
न्यू आदर्श नगर
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ. ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार/व्यक्तिगत सूचना

मा.क्र./20244400700055
/अ-06/वर्ष 2024-25
ग्राम बोरसी, प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग

प्रति,
शशांक रस्तोगी पिता योगेन्द्र प्रकाश रस्तोगी निवासी-7 बी/4 नेहरुनगर पूर्व भिलाई तह. व जिला दुर्ग
विषयः- न्यायालय तहसीलदार में मा.कं. 20241100700055/31-6/वर्ष 2024-2025 में उपस्थित होने बाबत्।

एतद् द्वारा इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती श्यामा चन्द्राकर पति महावीर चन्द्राकर निवासी वार्ड नं.-52, बोरसी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी, प.ह.न. 39, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 78/25, 79/11 रकबा 0.014 हे. जो कि आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसे आवेदिका के द्वारा कय कर भूमि का नामांतरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त किया गया है, जारी ऋण पुस्तिका में आवेदिका श्रीमती श्यामा चन्द्राकर पति महावीर चन्द्राकर का नाम दर्ज है, किन्तु वर्तमान ऑनलाईन में शशांक रस्तोगी पिता योगेन्द्र प्रकाश रस्तोगी का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है का लेख करते हुये खातेदार का नाम दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सूचना के जरिये आपको सूचित किया जाता है उक्त प्रकरण में आप सुनवाई दिनांक 08/01/2025 को इस न्यायालय में प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन कर सकते है। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा। जिसके लिये आप स्वतः जवाबदार होगें।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202425430107200034

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी रामसिंग पिता/पति बराती पता उरला, दुलेसर पिता/पति बराती पता उरला, ललिया पिता/पति बराती पता उरला, भानू पिता/पति बराती पता उरला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 239/2 (0.1010), 77/1(0.2740) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नारायण प्रसाद साहू पिता/पति स्व. रामसिंग साहू पता वार्ड नं. 58 उरला दुर्ग, श्रीमती ललियाबाई साहू पिता/पति स्व. रामसिंग साहू पता वार्ड नं. 58 उरला दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23.01.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.12.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202425430103900100

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी रिझनबाई पिता/पति स्व. भुवनलाल साहू पता नयापारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 117(0.0850), 163(0.0770), 119/1(0.0060) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती नेमबाई साहू पिता/पति स्व. अरुण कुमार साहू पता नयापारा दुर्ग, शुभम साहू पिता/पति स्व. अरुण कुमार साहू पता नयापारा दुर्ग, रोशन कुमार साहू पिता/पति स्व. अरुण कुमार साहू पता नयापारा दुर्ग, डुम्मनलाल साहू पिता/पति स्व. भुवनलाल साहू पता नयापारा दुर्ग, गोपाल प्रसाद साहू पिता/पति स्व. भुवनलाल साहू पता नयापारा दुर्ग, कमलनारायण साहू पिता/ पति स्व. भुवनलाल साहू पता नयापारा दुर्ग, रमेश कुमार साहू पिता/पति स्व. भुवनलाल साहू पता नयापारा दुर्ग, महेन्द्र कुमार साहू पिता/पति स्व. भुवनलाल साहू पता नयापारा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.01.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.09.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गौतम जैन पिता मांगी लाल ताटिया, निवासी मकान नं. 37 महावीर कालोनी कोर्ट के पीछे वार्ड नं. 38 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम गौतम जैन को त्यागकर नया नाम गौतम चंद जैन रख लिया हूँ। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय,अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम जतिन देवांगन पिता भूषण लाल देवांगन से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
गौतम चंद जैन
निवासी मकान नं. 37 महावीर
कालोनी कोर्ट के पीछे
वार्ड नं. 38 दुर्ग तह. व जिला
दुर्ग (छत्तीसगढ़)

न्यूज गैलरी

निकाय चुनावों में कांग्रेस पिछली जीत के रिकार्ड को तोड़ेगी

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनावों के लिये नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में आरक्षण की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने दावा किया है, कांग्रेस ने इन स्थानीय निकाय के चुनावों में न सिर्फ अपनी पिछली जीत दोहरायेगी, अबकी बार और अधिक निकाय क्षेत्रों में कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव जीत कर आयेंगे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पिछले चुनाव में कांग्रेस ने अधिकांश नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में जीत हासिल किया था। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के खिलाफ वातारण है। लोग प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था, रोज हो रही हत्याओं, बलात्कार, लूट, चाकूबाजी की घटनाओं के कारण सरकार से निराश है, भाजपा की साय सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में जनता को निराश किया है। विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने जनता से जो वादा किया था, एक साल में उसको पूरा नहीं किया है। न 500 रू. सिलेंडर देने का वादा पूरा किया और न ही 18 लाख आवास देने का वादा पूरा किया। भाजपा राज में बिजली के दाम बढ़ गये है। कांग्रेस शासनकाल में 400 यूनिट तक बिजली के दामों में 50 प्रतिशत छूट को भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश है, जनता भाजपा के खिलाफ निकाय चुनावों में मतदान करेगी।

सारथी दिवस में वाहन चालकों का सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश । अंतर्विभागीय लीड एजेंसी(सड़क सुरक्षा) छत्तीसगढ़ द्वारा 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में दिनांक 24.01.2025 को ''सारथी सम्मान'' कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में ऐसे वाहन चालक जिनका व्यवहार/आचरण उत्तम हो, यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान न हुआ हो, जिनसे सडक दुर्घटना न हुई हो, वाहन चलाते समय नशा न करते हो, वाहनों का बेहत्तर रखरखाव करते हो, सडक दुर्घटना में घायलों की मदद की हो एवं यातायात नियमों की बेहत्तर जानकारी हो, का सम्मान किया जावेगा। देश प्रदेश की विकास यात्रा में वाहन सारथियों द्वारा सतत् यात्री/सामग्री परिवहन से सक्रिय सहभागिता की मान्यता एवं प्रेरणा स्वरूप आयोजित इस कार्यक्रम मे समस्त शासकीय/अशासकीय/ व्यवसायिक/निजी संस्थानों सहित व्यक्तिगत वाहनों में संलग्न उत्तम वाहन चालकों के सम्मान के साथ उनके आत्म विश्वास अभिवृद्धि एवं भविष्य में नियमों के अनुपालन से सड़क सुरक्षा के लिये प्रेरित किये जाने की मंशा है।

भगवान व भाग्य के भरोसे जीना उचित नहीं, कर्म व पुरुषार्थ भी जरुरी

व्यक्ति को शांति और समाज को क्रांति देने वाली है श्रीकृष्ण लीला : रमेश भाई ओझा

- आज कथा का विश्रांति, समय सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक



रायपुर/नवप्रदेश। प्रत्येक व्यक्ति को शांति और समाज को क्रांति चाहिए और यह दोनों प्रदान करने वाला श्रीकृष्ण चरित्र है। शांति के वातावरण में समाज, परिवार, राष्ट्र को उन्नति प्राप्त होता है। वहीं समय-समय पर समाज में बदलाव के लिए क्रांति भी आवश्यक है। ऐसा करने के लिए साधु संत, नेता, युग पुरूष समय के साथ प्रगट होते हैं। कृष्ण के चरित्र में ऐसा जादू है कि व्यक्ति को शांति और समाज को क्रांति प्रदान करता है। वे अंधपरम्परावादी भी नहीं, आवेश में परम्परा का भंजन करने वाले भी नहीं बल्कि उपयोगी व अच्छी बदलाव बताते हैं। श्रीकृष्ण जगतगुरु है, श्रीकृष्ण के समान कोई राजनीतिज्ञ नहीं, कलाकार नहीं, धर्मज्ञ नहीं, कुरुक्षेत्र के मैदान में किए गायन श्रीमद्भागवत कथा बन गया। श्रीकृष्ण लोगों में आस्था का संस्थापन करते हैं। भगवान व भाग्य के भरोसे जीना भी गलत हैं,पहले कर्म तो करो। हालांकि होगा देव कृपा से ही इसलिए पुरुषार्थ तो करो। भागवत कथा का बुधवार को विश्रांति दिवस है और कथा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक है।

जैनम मानस भवन में छठवें दिन भगवताचार्य श्री रमेश भाई ओझा ने गोवर्धन प्रसंग पर बताया कि इंद्रदेव को अहंकार हो गया था। इसे तोडने श्रीकृष्ण ने बृजवासियों को कहा कि क्या तुमने इंद्र को कभी देखा है जो उनकी पूजा करते हो। जो प्रत्यक्ष देव हैं उसकी पूजा करो। गोवर्धन पर्वत,गौ माता की पूजा करो। गोवर्धन तुम्हे फल फूल औषधि देते हैं। गौ माता से तुम्हारा जीवन यापन होता है। इसी को आगे उद्धृत करते हुए बताया कि केवल देव दीपन कर या भाग्यावादी बनकर जीना भी गलत है। इसीलिए तो लोग आज हस्तरेखा दिखाने ज्योतिषों के फेर में पड़ गए हैं। इसी में रूचि है लोगों को। गीता में भगवान ने भाग्य को पांचवे क्रम में बताया है। मन काया को काम पर तो लगाओ, कर्म तो करो, पुरुषार्थ तो करो। हालांकि होगा सब कुछ देव कृपा से ही।

हिंसा से जिसके दिल में दुख होता है वह हिंदू है

बड़ी ही मार्मिक व्याख्या करते हुए उन्होंने बताया कि हिंसा से जिसके दिल में दुख होता है वह हिंदू है। संवेदनशीलता व सहनशीलता की पराकाष्ठा है। जो आत्मा मुझमें वहीं सब में है यह मानता है। इसलिए चीटियों ही नहीं हर जीव से प्यार करता है। जीवन शैली का नाम हैं। ऐसी समग्र पद्धति हारमेनिक क्रिएट करते हैं जीने के लिए। जिसने बिगड़ते पर्यावरण को संतुलित करने के लिए प्रकृति का पूजा करना सिखाया है। इसका समाधान भी हिंदू जीवन शैली में है।

उपमुख्यमंत्री शर्मा के प्रयासों से किसानों को भोरमदेव शक्कर कारखाना ने 19.19 करोड़ का भुगतान किया

- समयबद्ध भुगतान और उच्च उत्पादन से गन्ना किसानों को आर्थिक मजबूती
- 1.66 लाख मीट्रिक टन गन्ने की पेराई से 1.44 लाख क्विंटल शक्कर का उत्पादन

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष निर्देश और मार्गदर्शन में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा पेराई सत्र 2024-25 के अंतर्गत गन्ना किसानों को अब तक कुल 19.19 करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के सतत मार्गदर्शन में कारखाना प्रबंधन द्वारा गन्ना किसानों को समयबद्ध तरीके से भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 5 दिसंबर 2024 तक गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को 5.05 करोड़ रुपए का भुगतान 315.10 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किया गया है।

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा के प्रबंध संचालक श्री जीएस शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान पेराई सत्र 2024-25 के अंतर्गत अब तक 1,66,215 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई की जा चुकी है, जिससे 1,44,735 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। यह उपलब्धि गन्ना उत्पादक किसानों के सहयोग, उनकी मेहनत और कारखाना प्रबंधन के कुशल संचालन का परिणाम है।

उल्लेखनीय है कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना क्षेत्र के गन्ना किसानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य शासन की गन्ना नीति के तहत कारखाना प्रबंधन किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर उनकी आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। समय पर भुगतान मिलने से किसानों का विश्वास भी कारखाने और शासन-प्रशासन पर लगातार बढ़ रहा है।

कारखाना प्रबंधन ने गन्ना उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे कारखाने में परिपक्व, साफ-सुथरा, बिना अगवा और बिना जड़ वाला गन्ना आपूर्ति करें। इससे न केवल शक्कर की रिकवरी दर में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों को भी बेहतर लाभ प्राप्त होगा। गन्ने की गुणवत्ता बढ़ने से उत्पादन क्षमता में सुधार होगा और इसका सकारात्मक असर किसानों की आय पर भी पड़ेगा। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना, गन्ना किसानों के आर्थिक विकास के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कारखाना प्रबंधन का उद्देश्य किसानों के हितों को प्राथमिकता देना और उनके आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है।

पंचायत चुनाव आरक्षण प्रक्रिया की अधिसूचना जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 और पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के तहत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, सदस्य, एवं ग्राम पंचायतों के पंच सरपंच के पदों के लिए प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार आरक्षण की प्रक्रिया 8 जनवरी 2025 से शुरू होगी। यह प्रक्रिया 10 जनवरी 2025 तक जारी रहेगी। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने प्रत्येक जनपद पंचायत के लिए समय और स्थान तय किया गया है। जनपद पंचायत कवर्धा के लिए प्रक्रिया स्थल विवेकानंद भवन, कवर्धा निर्धारित किया गया है। जनपद पंचायत बोड़ला के प्रक्रिया स्थल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय सिंगनल चौक कवर्धा,. जनपद पंचायत पंडरिया के लिए प्रक्रिया स्थल वीर सावरकर भवन, कवर्धा, जनपद पंचायत सहसपुर-लोहारा के लिए जिला कार्यालय के सभाकक्ष को निर्धारित किया गया है।

ट्रेनों की आवाजाही होगी आसान

भारतीय रेल ने दिसंबर 2024 तक 76 प्रतिशत पूंजीगत व्यय निधि का उपयोग किया

मालीगांव/नवप्रदेश। भारतीय रेल ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में अच्छी प्रगति की है, दिसंबर 2024 तक कुल कैपेक्स 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इसके माध्यम से, रेलवे ने पहले ही पूंजी आवंटन का 76प्रति. उपयोग कर लिया है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 4875 करोड़ रुपये अधिक है।

ट्रेनों की आवाजाही को आसान बनाने, बेहतर यात्री अनुभव प्रदान करने और सुरक्षित रेल नेटवर्क सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेल बड़े पैमाने पर पूंजी निवेश कर रही है। प्रमुख फोकस क्षेत्रों में नई लाइनें, आमान परिवर्तन, दोहरीकरण, परिवहन सुविधा कार्य, रेलवे का बिजलीकरण के साथ-साथ रेलवे स्टेशनों, गुड्स टर्मिनलों और अन्य बुनियादी अवसंरचना के आधुनिकीकरण जैसी क्षमता वृद्धि शामिल है। संरक्षा कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जहां वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों में संरक्षा से संबंधित कैपेक्स का 82त्न अब तक खर्च किया जा चुका है।

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे भी अन्य रेलवे जोनों के साथ इस प्रयास में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। पू. सी. रेलवे ने क्षमता वृद्धि कार्यों के लिए आवंटित पूंजीगत व्यय निधि का 99.24त्न अब तक उपयोग किया है। इसके अलावा, दोहरीकरण कार्यों के लिए 75.51त्न निधि और संरक्षा संबंधी कार्यों के लिए 60.78त्न निधि का भी उपयोग किया जा चुका है। नए रोड ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज के निर्माण के लिए आवंटित निधि का 71.43त्न उपयोग किया जा चुका है और पुल संबंधी कार्यों के लिए भी 71.96त्न धनराशि फलदायी तौर पर खर्च हुई है।

रेलवे की महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों के सृजन के लिए पूंजीगत व्यय की आवश्यकता है, जिससे न केवल संरक्षा, दक्षता और यात्री सुविधा में वृद्धि होती है, बल्कि मांग, आय और रोजगार का सृजन करते हुए अर्थव्यवस्था पर भी बहुविध सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

विशेष अधिनियम के तहत कोर्ट में 10 जोड़ों का हुआ विवाह



रायपुर/नवप्रदेश। जिले में विशेष विवाह अधिनियम के तहत आज 10 विवाह संपन्न हुए। इस अधिनियम के तहत इच्छुक आवेदकगण अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी के समक्ष आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक जो लड़का-लड़की बालिग हों कोर्ट में दस्तावेज प्रस्तुत करने पर विवाह संपन्न कराया जाता है। इसके लिए आवेदन पत्र 7 प्रति में, शपथ पत्र वर-वधु दोनों का जिसमें अविवाहित-तलाकशुदा-विदूर/विधवा का एवं उनके बीच कोई रक्त संबंध नहीं है, का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिये। तलाकशुदा होने की स्थिति में संबंधित न्यायालय का आदेश-डिग्री एवं विदूर-विधवा होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र होना चाहिए। जन्मतिथि के लिये अंकसूची जिसमें जन्मतिथि अंकित हो अथवा जन्म प्रमाण पत्र दोनों की, फोटो वर-वधु की अलग-अलग, 7 फोटो वर-वधु की अलग-अलग, 8 रूपये का चालान, 108-विवाह शुल्क भारतीय स्टेट बैंक मेन ब्रांच रायपुर में जमा करना होगा। उपरोक्त दस्तावेज आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय द्वारा आवेदकगण के विवाह हेतु आपत्ति दावा प्राप्त करने के लिये 30 दिवस का सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन कार्यालय की नोटिस बोर्ड में पेपर पब्लिकेशन के माध्यम से कराया जाता है, साथ ही संबंधित विवाह अधिकारी-तहसीलदार को भी सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन प्रेषित करते हुये, आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत विवाह का आवेदन पत्र की प्रति उनके पालक को भी भेजी जाती है।

त्रुटि सुधरवाने भटक रहे हैं किसान, कहीं कोई सुनवाई नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि कंप्यूटरीकरण के नाम पर राजस्व विभाग के त्रुटिपूर्ण प्रक्रिया के चलते अनेकों भूमि स्वामी के नाम, खसरा, खतौनी एवं नक्शे में भारी गड़बड़ी की शिकायतें हैं। कई किसानों की शिकायत है कि उनकी कृषि भूमि का रकबा कम या गायब कर दिया गया है। रिकॉर्ड सुधरवाने के लिए किसानों को तहसीलों के चक्कर नहीं काटने पड़े रहे हैं, कहीं कोई सुनवाई नहीं है। राजस्व विभाग द्वारा राजस्व अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण किया गया है। कम्प्यूटरीकरण से राजस्व अभिलेखों में कई तरह की त्रुटियां सामने आई हैं जिनका तत्काल शुद्धिकरण किया जाना आवश्यक है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि आमतौर पर किसान ऋण पुस्तिका में दर्ज रकबा को अपने द्वारा धारित भूमि का प्रमाण मानता है, लेकिन अब रिकॉर्ड को ऑन लाइन देखने पर त्रुटियां सामने आ रही हैं। आधार कार्ड और भू-राजस्व रिकॉर्ड के नाम में अंतर होने से किसान प्रधानमंत्री किसान योजना, फसल बीमा योजना जैसे अनेकों सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं।

सभी जोन कमिश्नर हर सोमवार एवं गुरूवार को सुनेंगे समस्याएं

आमजनों की समस्याएं सुनकर त्वरित निदान करें : प्रशासक

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम कार्यालय में प्रशासक जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने नगर निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा की उपस्थिति में अपर आयुक्तगणों, उपायुक्तगणों, जोन कमिश्नरों की बैठक लेकर नगर निगम के कार्यो की समीक्षा कर जनहित की दृष्टि से आवश्यक निर्देश दिये। प्रशासक ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया है कि वे सप्ताह में प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जोन कार्यालय में आने वाले आमजनों से मिलकर उनकी समस्याएं सुने एवं सभी समस्याओं का त्वरित निदान करवाने का कार्य सुनिश्चित करें। किसी भी जोन में एवं नगर निगम मुख्यालय में शासन की लोककल्याणकारी सामाजिक सुरक्षा पेंशन और निराश्रित पेंशन के तहत कोई भी आवेदन लंबित ना रहे एवं उसकी स्वीकृति में अनावश्यक विलंब कदापि ना हो, इसका विषेष ध्यान संबंधित अधिकारी रखें। जिला कलेक्टर, प्रशासक ने निर्देशित किया है कि सफाई कार्य राजधानी शहर के अनुरूप पूर्ण गंभीरता से करवाया जाये, निर्धारित सफाई कामगारों की ड्यूटी पर शत प्रतिषत संख्या में उपस्थिति सुनिश्चित हो एवं सफाई कार्य को निरंतर मॉनिटर कर जनअपेक्षित रूप में गुणवत्ता युक्त करवाया जाये। सभी जोन कमिश्नर सफाई कार्य को प्राथमिकता से करवाये। निर्देष दिये गये कि नये नल कनेक्शन एवं भवन अनुज्ञा के सभी प्रकरणों का नियमानुसार त्वरित निदान सुनिश्चित किया जाये एवं नये नल कनेक्शन और नक्शा स्वीकृति हेतु आमजनों को कार्यालय के चक्कर ना लगाना पड़े।

जिला कलेक्टर, प्रशासक ने उद्यानों के सुचारू रखरखाव एवं सुलभ सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता सहित श्रेष्ठ प्रसाधन व्यवस्था आमजनों को निरंतर उपलब्ध करवाने के कार्यो पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये है। उद्यानों की व्यवस्था इस प्रकार सुचारू और सुन्दर बनाई जाये जिससे यहां पहुंचने वाले नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ सहित सुन्दर वातावरण सहजता व सरलता से उपलब्ध हो सके।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के ...

लाख रुपए है. इसके लिए 2 दिसंबर 2022 को कार्यादेश दिया गया खा, जिसे अनुबंधानुसार 7 जनवरी 2024 तक पूर्ण करना था, जिसके लिए 166.85 लाख रुपए व्यय किया गया है. वर्तमान में यह कार्य प्रगति पर है.इसके अलावा बीजापुर कुटरू से फरसेगढ़ तक 12.60 किमी लंबी सड़क के चौड़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति राशि 2021.25 लाख रुपए थी, जबकि अनुबंधानुसार राशि 1952.53 लाख रुपए है. कार्यादेश 12 मार्च 2024 को दिया गया था, जिसकी अनुबंधानुसार पूर्णता की संभावित तिथि 11 सितंबर 2025 है, जिसके विरूद्ध 130.53 लाख रुपए व्यय किया गया है।

आरक्षण प्रक्रिया को ...

प्रक्रिया को लेकर भाजपा और कांग्रेस के नेताओं में सवाल उठाए। भाजपा की मीनल चौबे और प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने तो कांग्रेस के प्रमोद दुबे ने भी आरक्षण को लेकर सवाल उठाए। पार्षद मृत्युंजय दुबे ने कहा कि एसटी और एससी के साथ अन्याय हो रहा है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के ...

नाम को सूची से हटाने और आपत्तियां और सुझाव के लिए आवेदन किया। चुनाव आयोग के संबंधित अधिकारियों ने सभी आवेदनों को 24 दिसंबर तक सुलझा दिया। इस तरह से अंतिम मतदाता सूची जारी होने तक 3,08,942 नए नाम मतदाता सूचियों में जुड़े। 1,41,613 नाम हटाए गए। इस दौरान कुल 1,67,329 मतदाता नए जुड़े।

शाह ने अमित कुमार को राष्ट्रपति...

(पॉलिसी) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। सीबीआई में उनके कार्यकाल को नीतिगत सुधारों और एजेंसी की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए याद किया जाता है। छत्तीसगढ़ में अमित कुमार ने नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र और दुर्ग-रायपुर जैसे शहरी जिलों में कानून व्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उनकी रणनीतिक सोच और नेतृत्व ने न केवल नक्सल गतिविधियों पर लगाम लगाने में मदद की, बल्कि शहरी क्षेत्रों में पुलिसिंग को भी नई दिशा दी।

नकली खसरा दिखा कर ठग ...

लेकिन आरोपी ने प्रार्थी को मौके पर ले जाकर जमीन दिखाते समय खसरा नंबर 788/3, का बी-1 रकबा 0.9550 हेक्टेयर (2.36) एकड़) का आनलाईन प्रति दिखाकर सभी जमीन 06 एकड को एक करोड़ 90 लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से सौदा कर लिया था। झ

राहुल गांधी ने नहीं दिया जवाब...

गांधी की ओर से आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर बयान दिया था। हिंदूवादी संगठनों की ओर से इसका तीखा विरोध हुआ था। इसी मामले में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक की ओर से बरेली के कोर्ट में अर्जी दी गई थी। एमपी-एमएलए कोर्ट ने उस वक्त अर्जी को खारिज कर दिया था।

चुनाव के ऐलान के मौके पर बोले सीईसी ...

2020 में बिहार की राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव हुए। मार्च में कोविड संक्रमण के बीच असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में चुनाव हुए। वहीं मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में उन्होंने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव, लोकसभा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड समेत कई राज्यों में विधानसभा चुनाव कराए।

मुख्यमंत्री ने शहीद जवानों के ....

बस्तर फाईटर्स आरक्षक हरीश कोर्राम पिता गोन्डू, बस्तर फाईटर्स आरक्षक सोमडू वेट्टी पिता सन्नू वेट्टी, बस्तर फाईटर्स आरक्षक सुदर्शन वेट्टी पिता आशा राम, बस्तर फाइटर्स आरक्षक सुबरनाथ यादव पिता श्रीधर यादव, आरक्षक डूम्मा मरकाम पिता आयतु मरकाम, आरक्षक पण्डरू राम पोयाय पिता स्व. जोगा पोयाम और आरक्षक बामन सोढ़ी पिता स्व. हड़मा सोढ़ी शामिल हैं।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.46/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदिका श्रीमती लता बाई पति सीताराम निवासी सुभाष नगर दुर्ग एवं अन्य द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क. 29 अ प्लाट नं. 10/1 रकबा 1097.93 वर्गफीट भूमि धारकगण बेलास बाई व अन्य 02 के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक बेलास बाई की मृत्यु दिनांक 14.08.2011 को हो चुकी है। मृतक सहधारक के वारिसान आवेदिकागण है, इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदिकागण का नाम नजूल अभिलेख में पूर्व से दर्ज है। आवेदिकागण द्वारा उक्त प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक सहधारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत की है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.01.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202411100900002 /ब/121/ वर्ष 2024-25

एदत द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम पाटन प.ह.नं. 35 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक बृज कुमार पिता जगेसर निवासी पाटन तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदकगण के नाम पर दर्ज मौजा ग्राम पाटन प.ह.नं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित संयुक्त खाते की भूमि आवेदक बृज कुमार पिता जगेसर अन्य के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 594/1 रकबा क्रमशः 0.04 हे. दर्ज होने किन्तु मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक बृज कुमार पिता जगेसर निवासी पाटन तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 21.11.2024 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.11.2024 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार पाटन (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका छछत्रपाल साहू पिता/पति स्व. भरतलाल साहू निवासी ग्राम बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 227/39 रकबा 0.018 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार भरतलाल साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.01.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511116321

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती इन्दु साहू पिता/पति प्रेमनारायण साहू पता सीनियर एमआईजी 691 सेक्टर-2 पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 142/75(0.0320) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती सीमा जैन पिता/पति अजित जैन पता वार्ड नं. 41 पहिरावा बुटिक के पास विद्युत नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.01.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नगर पंचायत इंदौरी, पांडातराई एवं नगर पालिका पंडरिया में विधायक भावना बोहरा ने किये 2 करोड़ 62 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

विधायक भावना बोहरा के प्रयास से पंडरिया विधानसभा को मिल रही करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना विकास एवं जनता की सुविधाओं के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किये जा रहें हैं। सौन्दर्यीकरण से लेकर जनता की सुविधाओं हेतु सड़क, नाली,पुल-पुलिया निर्माण, प्रकाश व्यवस्था हेतु हाई मास्ट लाइट व स्ट्रीट लाइट जैसे विकास कार्यों के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने करोड़ों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने सोमवार को इंदौरी नगर पंचायत में अधोसंरचना मद के अंतर्गत 1 करोड़ 78 लाख 70 हजार की लागत से होने वाले कुल 12 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मंगलवार को उन्होंने नगर पंचायत पांडातराई में हाई मास्ट लाइट एवं शेड निर्माण हेतु 34 लाख 5 हजार तथा नगर पालिका परिषद् पंडरिया में कुल 49 लाख 37 हजार की लागत से शेड व आहता निर्माण तथा सांस्कृतिक कला मंच एवं प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस तरह कुल 2 करोड़ 62 लाख 12 हजार के विकास कार्यों का भूमिपूजन विधायक भावना बोहरा द्वारा किया गया।

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पंडरिया विधानसभा में भी पांच वर्षों तक कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य ठप्प पड़े थे वह अब तीव्र गति से हो रहें हैं। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है तो जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी उनकी आकाँक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास से लेकर सौन्दर्यीकरण व प्रकाश व्यवस्था की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। वहीं हमारे शहरी क्षेत्रों में भी व्यावसायिक गतिविधियों को गति देने के लिए अधोसंरचना विकास व सौन्दर्यीकरण, चौक-चौराहों का निर्माण तथा सुगम आवागमन के लिए सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, सौन्दर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा विकास कार्यों की सौगात जनता को लगातार मिल रही है। इस सौगातविधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रति जनता के विश्वास से ही आज पंडरिया विधानसभा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में निरंतर विकास कार्य हो रहें हैं। मोदी की गारंटी में किये वादों को पूरा करने माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वहीं कल्याणकारी योजनाओं से जनता के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आज हर क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात जनता को मिल रही है इससे क्षेत्र के विकास के साथ ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को भी गति मिल रही है।

छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हमारे पंडरिया विधानसभा में भी पांच वर्षों तक कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य ठप्प पड़े थे वह अब तीव्र गति से हो रहें हैं। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है तो जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी उनकी आकाँक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास से लेकर सौन्दर्यीकरण व प्रकाश व्यवस्था की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

न्यूज गैलरी

नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। लायंस क्लब एवं माहेश्वरी समाज तथा एस एम सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिवर का आयोजन महेश्वरी भवन में संपन्न हुआ। इसमें लगभग 200 से अधिक विभिन्न रोगों से संबंधित मरीजों की जांच की गई। गणेश जी और सरस्वती जी की पूजा के साथ शिविर का शुभारंभ हुआ । इसमें वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ ,हड्डी रोग विशेषज्ञ, पेट रोग विशेषज्ञ विशेष रूप से उपस्थित थे।

जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सतीश सूर्यवंशी ,डॉक्टर महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रज्ञा सूरवंशी, पेट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय कुमार अग्रवाल एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ खरे उपस्थित रहकर मरीजों की जांच की। इसमें आए मरीजों की ब्लड प्रेशर शुगर हड्डी रोग से संबंधित हार्ट से संबंधित महिला रोग से संबंधित तथा पेट रोग से संबंधित जांच की गई और आवश्यक उपचार बताया गया।

इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, रोशन हबलानी,दिनेश बजाज सूरज गुप्ता, नरेंद्र भूषणिया, श्याम रतन मूंदड़ा गिरधर गोविंदानी राजेश अग्रवाल संदीप भट्टार विनोद अग्रवाल प्रकाश बजाज के अतिरिक्त माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष छोटी

दमानी,राजेश झवर, अनिल चांडक, तरुण मूंदड़ा, मौजूद रहे। इस शिविर को सफल बनाने में डॉ पंकज अग्रवाल चंदन राजपूत का विशेष योगदान रहा। मौके पर उपस्थित लोगों को डॉक्टर सतीश सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में नगरवासियों लायंस क्लब भाटापारा तथा माहेश्वरी सभा भाटापारा के सहरानीय कार्यों की प्रशंसा की।

भागवत साहू के नेतृत्व में राजिम जयंती महोत्सव में शामिल हुए जिला साहू संघ के पदाधिकारी

पांच करोड़ रुपये की लागत से राजिम माता की कांस्य प्रतिमा होगी स्थापित : मुख्यमंत्री

■ **सीएम के करकमलों से भागवत, तरुणा ,दीपक एवं अंकालू साहू सम्मानित हुए**

राजनांदगांव/नवप्रदेश।आज राजिम में वृहद राज्य स्तरीय संत शिरोमणी भक्त राजिम माता जी की जयंती समारोह राजिम धर्म नगरी में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के आतिथ्य एवं केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू डीप्टी सीएम अरूण साव ,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गरिमामय उपास्थि भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।इस दौरान छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समाज की मांग पर नदी के तट पर भक्त शिरोमणी राजिम माता जी की भव्य कांस्य प्रतिमा स्थापित करने पांच करोड़ रुपये देने की घोषणा की।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस आश्य की घोषणा से कार्यक्रम स्थल राजिम माता जय - राजिम माता जय - जय, साहू समाज की जय गुंजायमान हो गया और मुख्यमंत्री के उक्त घोषणा से सामाजिक जन एक दूसरे को बधाई देते नजर आए।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर सभी समाजिक जनों माता राजिम जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी।इस गरिमामय समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में दिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्ति सर्वश्री भागवत साहू, रेल्वे सुरक्षा बल में कार्यरत श्रीमती तरुणा साहू, पत्रकारिता के क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार अंकालू साहू दैनिक सुबह का प्रहरी ब्यूरो चीफ एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपक साहू ब्यूरो चीफ पहट को सूबे के मुखिया विष्णु देव साय के करकमलों से प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सर्व श्री भागवत साहू, नीलमणी साहू महामंत्री जिला साहू संघ, नोबल साहू कोषाध्यक्ष , जिला साहू संघ,तुलदास साहू, श्रीमती मुनेश्वरी साहू, मोतिम साहू, केसरी साहू ,शोभा साहू ,अहिल्या साहू, लीना साहू ,गिरजा साहू ,चंद्रप्रभा साहू ,विजय साहू, प्रीतम दास साहू ,श्यामा चरण साहू ,जगमोहन साहू ,गुलशन बघेल,लता साहू अनुराधा साहू,तिमला साहू, केशरी साहू ,सुमन खिलेश्वरी साहू ,छाया साहू ,अंजू साहू सहित जिला साहू संघ मीडिया प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष पत्रकार अंकालू साहू की विशेष रूप से उपास्थि रही।उक्ताशय की जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने दी।

सड़क दुर्घटना व बढती नशाखोरी पर अंकुश लगाने पुलिस : एस पी विजय अग्रवाल

प्रेस क्लब भाटापारा मे एसपी विजय अग्रवाल ने पत्रकारों से की मुलाकात

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ राज्य मे बलौदाबाजार - भाटापारा जिला मे सड़क दुर्घटना व नशाखोरी की बढती सर्वाधिक प्रवृत्ति एवं प्रकरण पुलिस के लिये चुनौती पूर्ण कार्य बना हुआ है जिस पर हर संभव प्रयास पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। शरद दुर्घटनाओं में कमी लाना और नशा खोरी पर अंकुश लगाना पुलिस प्रशासन का पहला लक्ष्य है। उक्ताशय के विचार पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने भाटापारा के पत्रकारो से भाटापारा प्रेस क्लब के भवन में रूबरू होते हुये कहीं ।

उन्होने आगे कहा कि सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आम नागरिको एवं सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क सुरक्षा की गंभीरता व चुनौती के बारे मे जागरूकता से बताते हुये पुलिस विभिन्न बिंन्दुओं पर कार्य कर रहीं है। श्री अग्रवाल ने कहा कि जिला मे सर्वाधिक सड़क दुर्घटना के प्रकरण सामने आ रहे है जिन्हे रोकना चुनौतीपूर्ण कार्य है पुलिस के साथ साथ जनसहयोग से सड़क दुर्घटना को रोकने सामुहिक प्रयास पर अग्रवाल ने जोर दिया। एसपी ने यह भी कहा कि बलौदाबाजार - भाटापारा जिला मे बढती नशाखोरी चिंता का विषय है यहां पर हर प्रकार के अवैध शराब व सभी किस्म के अवैध शराब तस्करी के बढते प्रकरण पर चिंता प्रकट करते हुये उन्होने इसके रोकथाम पर बल दिया।

जवानों की भुजाओं की ताकत से नक्सलवाद समाप्ति की ओर : मरकाम

■ **कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का स्तरहीन बयान पूर्णता निंदनीय : भाजपा**

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के वीर जवानों की शहादत पर नमन करती है श्रद्धांजलि अर्पित करती है इन्हीं जवानों की भुजाओं की ताकत से देश के आंतरिक सुरक्षा के सबसे बड़े खतरे नक्सलवाद अब समाप्ति की ओर है।

आज जब पूरा छत्तीसगढ़ जवानों की शहादत पर आंसू बहा रहा है ऐसे समय में कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का स्तरहीन बयान पूर्णता निंदनीय है। दीपक बैज जी बस्तर निवासी हैं लेकिन लगता है भाजपा मंडल अध्यक्ष से हार के बाद वे वापस अपने घर नहीं जा पा रहे हैं। इसीलिए उन्हें मालूम नहीं है कि देश के गृह मंत्रीअमित शाह के संकल्प व निर्देश से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों और इन्हीं जांबाज जवानों के मेहनत से एक साल में ढाई सौ से अधिक नक्सली मार गिराए गए हैं। 1200 से अधिक नक्सली या तो गिरफ्तार हो गए हैं या उन्होंने आत्म समर्पण कर दिया है। मरकाम ने कहा सरकार की स्पष्ट नीति है की गोली का जवाब गोली और जो नक्सली आत्मसमर्पण करना चाहते हैं उनके लिए स्पष्ट पुनर्वास नीति। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार क्षेत्र का विकास जनता के हित में हो इस हेतु नियद नेलानार योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में राशन दुकान, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और बिजली की त्वरित व्यवस्था कर रही है।

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR
797/2, SHANTIKUNJ, SOUTH CIVIL LINES, JABALPUR - 482001

DEMAND NOTICE

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/139/2016 — 04.12.2024

UCO BANK
VERSUS
M/S. PINNACLE ENTERPRISES

To
(CD1) **M/s. Pinnacle Enterprises,** Flat No. C/201, Shankar Nagar, VIP Charishma Colony, Raipur (C.G.)-492001, Raipur.
(CD2) **Prateek Kejriwal,** Flat No. C/201, Shankar Nagar, VIP Charishma Colony, Raipur (C.G.), Raipur, Chhattisgarh.

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/234/2015** an amount of **Rs. 2552254.16 (Rupees Twenty Five Lakhs Fifty Two Thousands Two Hundred Fifty Four And Paise Sixteen Only)** along with pendentelite and future interest @ **12%** simple Interest Yealy w.e.f. **11/08/2015** till realization and costs of **Rs 28000 (Rupees Twenty Eight Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/Fully/Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **31/01/2025** at **10:30** a.m. for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **04/12/2024.**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR

UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)
अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल : zoraipur.rec@ucobank.co.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक/सांकेतिक कब्जा** प्रतिभूत लेनदार यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **30-01-2025** को 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम समय नीलामी **30-01-2025, 4-00 बजे** के पूर्व सुनिश्चित की गई है। **ई-नीलामी की तिथि व समय- 30-01-2025** को सुबह 11.00 बजे से उपरान्त 4.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।

क्र. सं.	शाखा का नाम/ संपर्क विवरण	ऋणी एवं गारंटर का नाम	बकाया राशि / कब्जा का प्रकार	मांग सूचना/ कब्जा सूचना तिथि	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य व बयाना राशि
01	Balod Branch Mr. Avinash Sahu (7967081547)	श्री मानिक राम साहू	₹ 12.28 Lakh सांकेतिक कब्जा	03.11.2015 06.11.2019	संपत्ति के मालिकः श्री मनिर राम साहू, ख.नं. 312 (भाग), मेन रोड, देवरी खपरी, ग्राम- मनकी (सालो बाजार), देवरी के पास, तहसील- डौंडीलोहारा, जिला- बालोद छ.ग. स्थित भूमि एवं वाणिज्यिक भवन।	2190000/- 219000/- 25000/-
02		श्री मोतीलाल	₹ 3.25 Lakh सांकेतिक कब्जा	03.12.2018 06.09.2019	संपत्ति के मालिकः श्री मोतीराम, ख.नं. 256//140, प.ह.नं. 19, ग्राम- अहिवरन, नवागांव, तहसील- डौंडीलोहारा, एवं जिला- बालोद छ.ग. स्थित भवन।	529000/- 52900/- 25000/-
03		श्री राकेश साहू	₹ 6.69 Lakh सांकेतिक कब्जा	20.05.2017 11.01.2018	संपत्ति के मालिकः श्री राकेश साहू, ख.नं. 417/1, प.ह.नं. 07, लाटाबोड़, तहसील- बालोद, जिला- बालोद छ.ग. स्थित आवासीय भवन एवं भूमि।	968000/- 96800/- 25000/-
04		भवानी मुरमुरा उद्योग	₹ 21.69 Lakh सांकेतिक कब्जा	18.10.2023 10.01.2024	संपत्ति के मालिकः श्री रोहित कुमार पुत्र श्री डमरू राम, ख.नं. 240/3 व 240/4, प.ह.नं. 09, ग्राम-पोस्टः नेवारीकला, तहसील व जिला- बालोद स्थित भूमि एवं औद्योगिक शेड भवन।	3066000/- 306600/- 25000/-
05	Civic Center Branch Mr. Soumya Ranjan Sahu (8000545448)	श्री शिवेन्द्र प्रताप सिंह एवं एएस इंटरप्राईजेस	₹ 4.34 Lakh सांकेतिक कब्जा ₹ 27.02 Lakh सांकेतिक कब्जा	16.11.2021 11.02.2022 16.11.2021 11.02.2022	संपत्ति के मालिकः श्रीमती अर्चना सिंह, ख.नं. 553/1, 553/2, 554, 555, 556/1, 556/3, प.ह.नं. 109, मोवा, जिला-रायपुर छ.ग. छठवीं मंजिल, श्री कर्पण हेरिटेज, दलदल सिवनी, मोवा रायपुर छ.ग. स्थित आवासीय फ्लैट नं. 604.	2208000/- 220800/- 25000/-
06	Dhamtari Branch Mr. Mohit Sahu (9986836722)	यमुना सिन्हा	₹ 7.94 Lakh सांकेतिक कब्जा	06.02.2023 13.06.2023	संपत्ति के मालिकः यमुना सिन्हा पत्नी- श्री मन्नु लाल सिन्हा, ख.नं. 720, प.ह.नं. 52, ग्राम- निपनी, तहसील- निपनी, जिला- दुर्ग- 491227.	952000/- 95200/- 25000/-
07	Maroda Branch Mr. Rahul kosta (9669985860)	श्रेया सिन्हा	₹ 36.11 Lakh सांकेतिक कब्जा	13.04.2023 15.06.2023	संपत्ति के मालिकः श्री मलय चन्द्र पुत्र- श्री लालजी प्रसाद, ख..नं. 316, प.ह.नं. 15/21, भूतल, ब्लॉक नं. इ4, चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) में स्थित फ्लैट नं. 03.	3190000/- 319000/- 25000/-
08	Jagdalpur Branch (2579) Mr. Akash Choubey (7008173645)	कशीश जनरल फैंसी	₹ 8,12,900.3 + अप्रयुक्त ब्याज सांकेतिक कब्जा	01.05.2024 29.07.2024	स्वामित्व- गौरी शंकर साव पुत्र- नीलकंठ साव मेन रोड, प्रतापगंज पारा, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.) भूतल में स्थित एक मंजिला भवन।	23,38,2000/- 23,38,200/- 25,000/-
09		लक्ष्मी कलेक्शन	₹ 8,25,357.77 + अप्रयुक्त ब्याज सांकेतिक कब्जा	01.05.2024 29.07.2024		
10	Bhilai Sector-1 Branch (0125) Mr. Shubash (7873742962)	नेहा मिश्रा	₹ 15,85,992.53 + अप्रयुक्त ब्याज सांकेतिक कब्जा	25.05.2024 06.08.2024	स्वामित्व- नेहा मिश्रा पत्नी स्वप्निल मिश्रा, ख.नं. 9296, प.ह.नं. 14/19, सोनिया रेसिडेंसी, रामनगर, अम्बेडकर नगर वार्ड, कोहका, भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग, फ्लैट नं. 204 द्वितीय तल) में स्थित आवासीय फ्लैट।	20,80,000/- 2,08,000/- 25,000/-

ई-नीलामी तिथि एवं समयः 30.01.2025 सुबह 11.00 से सायं 4.00 बजे तक एवं **संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय- 27.01.2025,** दोपहर 1.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक, बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया **https://ebkray.in** में दिए गए लिंक का संदर्भ लें, भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से **9937140058** पर भी संपर्क कर सकते हैं।

यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटीकर्ताओं/बंधककर्ताओं को 15 दिनों की नोटिस भी है।

दिनांक : 07.01.2025 स्थान : रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/यूको बैंक, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार देवकर
जिला बेमेतरा (छ.ग.)
ईश्तहार

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरा सिंह पिता उमराव सिंह जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम सोनपांडर तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सोनपांडर में दिनांक 30/11/1954 को आवेदक के पिता, दादा दुर्गा सिंह की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष/दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 11/01/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया।

दिनांक 28/12/2024
स्थान देवकर

सील — तहसीलदार, देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार देवकर
जिला बेमेतरा (छ.ग.)
ईश्तहार

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरा सिंह पिता उमराव सिंह जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम सोनपांडर तहसील देवकर द्वारा प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सोनपांडर में दिनांक को आवेदक के बड़े पापा माखन सिंह की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष/दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 11/01/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया।

दिनांक 28/12/2024
स्थान देवकर

सील — तहसीलदार, देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank (A Government of India Undertaking) — सिंडिकेट Syndicate
1. राजनांदगांव शाखा (छ.ग.)
2. महासमुंद शाखा (छ.ग.)

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का **प्रवर्तन अधिनियम 2002** के अधीन **केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2)** के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से **60 दिन** के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन **केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा** को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि
01	श्री जितेन्द्र सोनी पुत्र- स्व. ईश्वर लाल सोनी.	खसरा नं. 15042/3, प.ह.नं. -41, मौजा- नंदई, , आर.एन.एम., तहसील व जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल का विस्तार 1133 वर्ग फीट में स्थित भूमि और भवन का ईएमटी। चौहद्दीः उत्तर- मनु कुमार शुक्ला की शेष भूमि, दक्षिण- चोपड़ा की भूमि, पूर्व- रोड, पश्चिम- कब्रिस्तान।	₹ 27,43,828.37 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ।	09.10.2024 / 03.01.2025
02	श्रीमती अंबाती अरुणा राव (ऋणी) एवं श्री अंबाती चन्द्रशेखर राव (सह ऋणी)	प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पी.सी. नं. 41, मचेवा, आर.आई.सी., तहसील व जिला- महासमुंद (छ.ग.) क्षेत्रफल 402.85 वर्ग फीट में स्थित मकान नं. ईडब्ल्यूएस/बीएल-05/एसएफ-202. चौहद्दीः पूर्व- ब्लॉक - 2/फ्लैट- 203, पश्चिम- ब्लॉक -5/फ्लैट- 201, उत्तर- ब्लॉक- 4/फ्लैट- 203, दक्षिण- ब्लॉक - 5/फ्लैट - 203.	₹ 4,13,622.60 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ।	24.10.2024 / 07.01.2025

दिनांक : 07.01.2025, स्थानः राजनांदगांव, महासमुंद (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

वार्ड क्र. 50 व 52 के निवासियों को नगर निगम ने थमाया चार साल के पानी का बिल, हजारों परिवार प्रभावित

लिंगियाडीह क्षेत्र के नाराज लोगों ने घेरा कलेक्ट्रेट, पानी का बिल माफ कर राहत देने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम, बिलासपुर के जोन क्रमांक 07 के अंतर्गत आने वाले वार्ड 52 और 50 के निवासियों ने वर्ष 2020 से 2024 तक के पानी बिल माफ करने की अपील की है कि इन वार्डों के निवासी पानी बिल जमा करने में असमर्थता जताते हुए, कलेक्टर से गुहार लगाई है।

वार्ड 52 और 50 के निवासी पिछले पांच वर्षों से पानी के बिल जमा नहीं कर पाए हैं। उनका कहना है कि वे गरीब और रोजाना मजदूरी करने वाले परिवार हैं, जिनके लिए पानी बिल भरना संभव नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2019 में जब ये क्षेत्र ग्राम पंचायत से नगर निगम में शामिल किया गया, तब से पानी बिल को लेकर समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। अन्नपूर्णा मानिकपुरी, रीना निषाद, राहिन निषाद सहित अन्य वार्डवासियों ने बताया कि 1 जनवरी 2025 को इन निवासियों को 2020 से 2024 तक का बकाया पानी बिल जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया। इस नोटिस ने वार्डवासियों के बीच चिंता और तनाव उत्पन्न कर दिया है, क्योंकि वे इस बकाया राशि को भरने में असमर्थ हैं। वार्डवासियों का कहना है कि उनके आर्थिक हालात इतने खराब हैं कि वे अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में भी संघर्ष कर रहे हैं।पिछले पांच वर्षों में पानी आपूर्ति की अनियमितताओं और बिलिंग प्रक्रिया में असमंजस भी उनकी प्रमुख समस्याओं में शामिल है।पानी बिल जमा करने की अनिवार्यता उनके लिए भारी आर्थिक बोझ बन रही है। वार्डवासियों ने नगर निगम से अपील की है कि उनके पानी बिल माफ किए जाएं और भविष्य में भी ऐसी परिस्थितियों में राहत दी जाए। उन्होंने कहा कि, हम सभी गरीब परिवारों के लिए यह संभव नहीं है कि पांच साल का बिल एक साथ जमा करें। हम निगम से निवेदन करते हैं कि हमारी स्थिति को समझा जाए और इस बकाया बिल को माफ किया जाए। इस मामले में निवासियों ने कलेक्टर,नगर पालिका निगम के आयुक्त और जोन क्रमांक 07 के अधिकारियों को लिखित ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में वार्डवासियों के प्रतिनिधि और प्रमुख सदस्य शामिल हैं।

पानी बिल माफ करने की लगाई गुहार

वार्डवासी दिलीप पाटिल ने बताया कि 3 जनवरी को जोन क्रमांक 7 के कर्मचारियों के द्वारा पांच साल का पानी का बिल पटाने को कहा गया। 2020 से 2024 तक बिल बनाकर नगर निगम द्वारा दिया गया है। कुछ लोगों ने बिल पटा दिया है। हमारी मांग है कि गरीब मजबूर वर्ग परिवार वार्ड में निवासरत है जो एक साथ पानी का बिल पटा पाने में असमर्थ हैं और हमारा बिल माफ की जाए और हमें उम्मीद है कि कलेक्टर हमारी मांग को गंभीरता से लेते हुए पानी बिल माफ कर देंगे।

पट्टा नहीं बांटा, पार्षद के खिलाफ आक्रोश

वार्डवासियों को कहना है कि चुनाव के समय पट्टा दिए जाने का वादा किया गया था, लेकिन गरीबों को अभी तक पट्टा नहीं मिल पाया है। इसके अलावा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की समस्या है। कांग्रेस के पार्षद कभी वार्ड में झांकने तक नहीं आते हैं।

न्यूज गैलरी

अंडर-16 अंतर शालेय ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 12 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा नगर के प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने हेतु एवं क्रिकेट के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को तलाश करने के उद्देश्य से अंडर 16 जिला स्तरीय अंतर शालेय ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आधारशीला विद्या मंदिर कोनी में किया जाएगा। जिसका उद्घाटन संभवतः 12 जनवरी दिन रविवार से किया जाना है। यह क्रिकेट प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के निर्देश पर नई प्रतिभाओं को खोजने के उद्देश्य से की जा रही है। जिसमें शासकीय /अशासकीय विद्यालय के टीम निशुल्क भाग ले सकती हैं। प्रविष्टि हेतु अंतिम तिथि 8 जनवरी रखी गई है। जिला स्तरीय अंतर शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51000 का नगद राशि तथा उपविजेता टीम को 21000 रुपए की राशि एवं कप ईनाम के रूप में दिया जाएगा साथी प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बेस्टमैन, बेस्ट फील्डर, इत्यादि अन्य आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। अब तक डी ए वी पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, कैरियर प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल , छत्तीसगढ़ स्कूल, करनाल अकादमी ऑफ रेडियंट एजुकेशन कोनी और सेंट जेवियर स्कूल सरकंडा ने भाग ले चुकी है।

ग्राम पंचायत गढ़वत लखराम व चोरहादेवरी के आसपास रोज लाखों की रेत चोरी

रतनपुर-बेलतरा के आसपास रेत माफिया सक्रिय, प्रशासन मौन

रतनपुर/नवप्रदेश। बेलतरा ग्राम पंचायत गढ़वत लखराम एवं चोरहादेवरी के आसपास के क्षेत्र पर हो रहे हैं रोज लाखों रुपया की रेत की चोरी आखिर क्यों मिल रहा है। लाखो की चोरी कर रहे हैं कहीं पुलिस प्रशासन और माइनिंग विभाग के अधिकारियों का तो नहीं है हाथ जो मिली भगत कर इतने बड़े पैमाने पर रोज रात को जेसीबी मशीन लगाकर किया जा रहा है। अवैध रेत की चोरी आश्चर्य की बात है कि ना तो ग्राम पंचायत का सरपंच ना तो जनपद सदस्य ना ही जिला पंचायत सदस्य इनके ऊपर कभी कार्यवाही की मांग करते हैं तो क्या यह समझा जाए कि इनका भी तो कहीं नहीं है इन चोरों पर मेहरबानी या मिली भगत। शासन के सख्त निर्देश के बाद भी जिले में अवैध खनन का कारोबार तेजी से हो रहा है। सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी के साथ घाटों पर रेत का भी खनन गुपचुप तरीके से किया जा रहा है। खनन विभाग के साथ ही खाकी भी जानते हुए अनजान बनी हुई है। इन गांव के नदियों सुबह से ही लाइने लगना शुरू हो जाता है और धड़ल्ले से खुले आम बिना नंबर का ट्रैक्टर चालक नाबालिक तेज रफ्तार चलते निकलते है। रतनपुर बेलतरा में अवैध मिट्टी और रेत खनन का काम जोरों पर है। ग्रामीण अंचलों में अवैध खनन का सिलसिला बेख़ौफ़ जारी है । बेलतरा के गढ़वट और चोरहा देवरी गांव में पिछले एक पखवारे से रात-रात भर जेसीबी से अवैध खनन हो रहा है। सैकड़ों ट्रैक्टर मिट्टी ढोई जा रही है। जानकारी तहसीलदार बेलतरा, तहसीलदार रतनपुर, रतनपुर सभी को है लेकिन कार्रवाई नहीं कर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि रात में हो रहे अवैध खनन के दौरान कई गाड़ी खड़ी रहती है।

बेलतरा गढ़वट हमारे क्षेत्र में नहीं आता इसलिए वहां जाकर कार्रवाई नहीं कर सकते पर रतनपुर से गुजरेगी तो कार्रवाई जरूर करेंगे।
शिल्पा भगत, तहसीलदार रतनपुर

अभी जानकारी नहीं मिली जानकारी मिलते ही सख्त कार्रवाई करता हूं।
शशांक शुक्ला, तहसीलदार बेलतरा

इसकी कोई जानकारी तो नहीं मिली है खबर चलाए कार्रवाई करेंगे।
नरेश कुमार चौहान, थाना प्रभारी रतनपुर

आम आदमी पार्टी के बिलासपुर जोन का मनाया नववर्ष मिलन समारोह

बिलासपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जोन के सभी जिलों के कार्यकर्ताओं के साथ नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन 5 जनवरी को प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला, प्रदेश संगठन मंत्री अभिषेक मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग मिथिलेश बघेल,के द्वारा मिश्रा फार्महाउस, अकलतरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री जसवीर सिंह चावला, प्रियंका शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, मिथिलेस बघेल जी समेत जिले के पदाधिकारियों ने नेतृत्व करते हुए, कार्यकर्ताओं को संबोधित किया एवं प्रदेश के मुद्दों और संगठन पर रणनीति बनाई गई।

डोंगरहीन बाई बैगा के परिवार में महतारी वंदन योजना से आई खुशहाली

कवर्धा/नवप्रदेश । वनांचल की मिट्टी में विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति समुदाय की जिंदगी में अब सुशासन का सवेरा होने लगा है। कबीरधाम जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति ग्राम बहपानी के भलिंदादार टोला की डोंगरहीन बाई बैगा की जिंदगी में बदलाव की रोशनी आई है। मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में बैगा जनजाति समुदाय की जिंदगी में बड़ा बदलाव आ रही हैं। शासन की अनेक योजनाओं से अब मुख्यधारा से जुड़ने लगे है। यह प्रेरक कहानी डोंगरहीन बाई बैगा की है, जो अपने पति चारू बैगा और दो बच्चों के साथ सादगी भरा, परंतु आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं।

डोंगरहीन बाई का परिवार कभी आर्थिक तंगी और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा था। लेकिन अब, छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना और जनमन आवास योजना जैसे सुशासन के प्रयासों ने इनके जीवन में खुशियों की नई रोशनी बिखेरी है। डोंगरहीन बाई बताती हैं कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली प्रति माह 1 हजार की राशि उनके परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में बहुत सहायक साबित हो रही है। यह राशि उनके घर की छोटी-छोटी जरूरतों, जैसे बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी खर्चों को पूरा करने में मदद करती है।

डोंगरहीन बाई ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना से जीवन में नई उम्मीद मिली है। परिवार के पास अब उनका अपना घर होगा। जनमन आवास योजना के तहत तीन किस्तें मिल चुकी हैं।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com
ईश्तहार
नामांतरण प्र.क्र. 17270 दिनांक 07.01.2025
वार्ड का नाम- 2- पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित मकान/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR8022I00858 जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती Madan Lal Soni पिता/पति श्री/श्रीमती --- के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती GANESH PRASAD SONI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. MADANLAL SONI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **हाउसिंग बोर्ज नामांतरण आदेश**/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे.
श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक्र 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामांतरण प्र.क्र. 17093 दिनांक 07.01.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR445G00123 जो कि निगम अभिलेख में श्री RAMESH LAL DODAI पिता श्री LAXMAN DAS DODANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री SURENDRA BHAGCHANDANI पिता LAXMAN DAS BHAGCHANDANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे,
श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
ईश्तहार
सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरा सिंह पिता उमराव सिंह जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम सोनपांडर तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सोनपांडर में दिनांक 25/07/1956 को आवेदक के दादी जामवती बाई की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष/ दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 11/01/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 27/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया।
दिनांक 28/12/2024
स्थान- देवकर
तहसीलदार
सील **देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामांतरण प्र.क्र. 16968 दिनांक 07.01.2025
वार्ड का नाम- 52- डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446L0803C जो कि निगम अभिलेख में श्री ASHISH KUMAR AGRWAL पिता श्री PRITAM DAS AGRWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री VARUN GANJIR पिता S/O RAMESH KUMAR GANJIR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे,
श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामांतरण प्र.क्र. 17078 दिनांक 07.01.2025
वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651A00034 जो कि निगम अभिलेख में श्री PRAVEEN GOLCHHA पिता श्री SHIKHARCHAND GOLCHHA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री NARESH DUGAR AND SMT. PRIYANKA DUGAR पिता S/O SHRI MAHENDRA KUMAR DUGAR AND W/O SHRI NARESH DUGAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत दानपत्र**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे,
श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामांतरण प्र.क्र. 17117 दिनांक 07.01.2025
वार्ड का नाम- 52- डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446Q01073 जो कि निगम अभिलेख में श्री JAYRAM SINGH पिता श्री P0SHAN LAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री TOSHANT KUMAR NAYAK पिता S/O SHRI B.S. NAYAK ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत दानपत्र**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे,
श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR
797/2, SHANTIKUNJ, SOUTH CIVIL LINES, JABALPUR - 482001
NOTICE FOR THE SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.
RC/352/2018 06.01.2025
UCO BANK
VERSUS
RANJAN GARG
To
(CD1) **Ranjan Garg**, H.No. 51, Palash Duplex, Kharoon Green, Kumhari, Dist- Durg (CG) 490001. **Also at:** H.No. 51, Palash Duplex, Kharoon Green, Kumhari.
(CD2) **Lucky Garg**, H.No. 51, Palash Duplex, Kharoon Green, Kumhari, Dist- Durg (CG) 490001.
Whereas you was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **11/07/2018** in **OA/959/2017** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs. 2569782.00 (Rupees Twenty Five Lakhs Sixty Nine Thousands Seven Hundred Eighty Two Only)** along with pendentelite and future interest **@8.50 %** Simple Interest Yearly w.e.f. **01/11/2017** till realization and costs of **Rs 28000 (Rupees Twenty Eight Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/ Immoveable property.
2. You are hereby informed that the **17/02/2025 at 10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.
Specification of property
Land and building admeasuring **1080.00** sqft., built-up area **697** (G.F.) + **697** (F.F.) = **1394** Sq.ft.at Khasra No. **996/02**, PC No. 27, Village- Devkar, Tehsil- Saja, District- Bemetara (C.G.); belonging to **Shri Ranjan Garg S/o. Shri Satish Garg**.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **06/01/2025**.
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR (M.P.)

छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद
काष्ठागार नीलाम का संक्षिप्त विवरण
सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि गरियाबंद वनमंडल के अंतर्गत गरियाबंद काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ एवं जलाऊ चट्टा का e-Auction द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे e-Auction में भाग लेंवे। e-Auction की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार गरियाबंद से प्राप्त की जा सकती है।
नीलाम दिनांक - 17/01/2025
नीलाम समय - प्रातः 09.00 बजे
नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

क्र.	प्रजाति	लट्ठा घ.मी.			बल्ली/डेंगरी (संख्या)		
		नया	पुराना	योग	नया	पुराना	योग
1	सागौन	198.181	68.325	266.506	18460	26815	45275
2	साल	1.037	155.415	156.452	458	3211	3669
3	शीशम	0	0.894	0.894	0	0	0
4	तिन्सा	2.542	0	2.542	0	0	0
5	साजा	0.726	4.219	4.9945	688	0	688
6	हल्दू	0	15.540	15.54	139	0	139
7	धावड़ा	0	0	0	317	0	317
8	सालई	0	2.267	2.267	0	0	0
9	अन्य	0	0	0	9503	0	9503
	योग :-	**202.486**	**246.660**	**449.146**	**29565**	**30026**	**59591**

वनोपज	अस्थाई पड़ाव डिपो नाऊमुड़ा (प.अ.मैनपुर उत्पादन)	योग
जलाऊ चट्टा नग	350	350

टीप :-
01. क्रेताओं को e-Auction के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
02. क्रेताओं को e-Auction के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लाट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.टी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लागिन करके देख सकते हैं।
4. e-Auctionमें लाट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकेंड का समय प्राप्त होगा, उसी लाट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकेंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकेंड का समय प्राप्त होगा।
5. ईमारती काष्ठ नया लाट 173, पुराना लाट 138 कुल 311 है एवं जलाऊ 60 लाट 350 चट्टा।
वनमण्डलाधिकारी
गरियाबंद, वनमण्डल गरियाबंद
जी-242505156/6

कार्यालय, नगर पालिक निगम , रायपुर
नगर निगम मुख्यालय रंग मंदिर के पास, गांधी चौक छोटापारा रायपुर (छ.ग.)
Pho.no. 0771-2535780, 90 Fax- 077172227395, Email-dc_rmc@rediffmail.com
क्रमांक 2502/भ.नि.अ.प./न.पा.नि./2024 रायपुर, दिनांक 27.12.2024
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स सुमीत इन्फ्राकाम प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री नमीत कांकरिया पिता श्री सुरेशचंद कुमार कांकरिया, सुयश हास्पिटल के पास रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम शंकर नगर प.ह.नं. 110/63 स्थित खसरा नं. 15001 कुल रकबा 1.282 हेक्टेयर में से 0.7695 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय (निगमित) कालोनी में विकास कार्य प्रारंभ करने हेतु कालोनी विकास अनुमति जारी की जा रही है। उक्त कालोनी में आतंरिक विकास कार्य पूर्ण करने के एवज में निम्नानुसार बंधक रखे गये फ्लैटों, समाज में निम्न आय वर्गों हेतु आरक्षित फ्लैटों एवं EWS के लिए आरक्षित फ्लैटों का विवरण आम लोगों की जानकारी हेतु दी जा रही है। जो निम्नानुसार है :-
(अ) बंधक फ्लैटों का विवरण :-

क्र.	फ्लैट क्र.	संख्या	रकबा प्रति बंधक फ्लैट	रकब कुल बंधक फ्लैट
1	फ्लैट क्र. B-106 To B-606	06	134.852 Sqm.	809.112 Sqm.
2.	फ्लैट क्र. C-303 To C-503	03	111.372 Sqm.	334.116 Sqm.
3.	फ्लैट क्र. C-501	01	75.209 Sqm.	75.209 Sqm.
	योग	**10**		**1218.437 Sqm.**

(ब) निम्न आय वर्गों (एल.आई.जी.) के लिए आरक्षित सीटों का विवरण :-

क्र.	फ्लैट क्र.	संख्या	रकबा प्रति LIG फ्लैट	रकबा कुल LIG फ्लैट
1.	फ्लैट क्र. C-101 To C-401	04	75.209 Sqm.	300.836 Sqm.
2.	फ्लैट क्र. C-102 To C-402	04	76.861 Sqm.	307.444 Sqm.
	योग	**08**		**608.280 Sqm.**

(स) E.W.S. के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण :-

क्र.	फ्लैट क्र.	संख्या	रकबा प्रति EWS फ्लैट	रकबा कुल EWS फ्लैट
1	फ्लैट क्र. E-1 To E-7	02	34.500 Sqm.	69.00 Sqm.
2	फ्लैट क्र. E-2 To E-8	02	32.226 Sqm.	64.452 Sqm.
3	फ्लैट क्र. E-3 To E-9	02	39.717 Sqm.	79.434 Sqm.
4	फ्लैट क्र. E-4 To E-10	02	38.929 Sqm.	77.858 Sqm.
5	फ्लैट क्र. E-5 To E-11	02	39.971 Sqm.	79.942 Sqm.
6	फ्लैट क्र. E-6 To E-12	02	36.277 Sqm.	72.554 Sqm.
	योग	**12**		**443.240 Sqm.**

उपरोक्तानुसार बंधक फ्लैटों को क्रय करने के पूर्व नगर निगम रायपुर द्वारा बंधक मुक्त किया गया है अथवा नहीं, इसके संबंध में कालोनाईजर से बंधक मुक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करें तथा बंधक मुक्त नहीं होने की स्थिति में बंधक फ्लैटों को क्रय न किया जावें।
घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।
निवेशक
नगर पालिक निगम,
रायपुर

दिवंगत विधायक की प्रतिमा की उपेक्षा से नाराज कांग्रेसियों ने श्रमदान कर की सफाई

■ पालिका से प्रतिमाओं की नियमित सफाई कराने योजना बनाने की मांग

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के सिविललाइन मे स्थापित की गई दिवंगत विधायक देवव्रत सिंह की प्रतिमा की साफ सफाई नहीं होने से नाराज कांग्रेस प्रतिनिधियों ने रविवार को प्रतिमा परिसर की साफ सफाई के लिए श्रमदान किया । विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की अगुवाई मे पहुँचे प्रतिनिधियों ने प्रतिमा की सफाई के साथ साथ परिसर मे फै ले कचरे, गंदगी हटाई, प्रतिमा पर जमी महीनों की धूल को साफकर उसे पानी डाल कर साफ किया । मनराखन देवांगन ने कहा कि सिंह की प्रतिमा शहर के नागरिको व समर्थकों की लम्बी लड़ाई के बाद पालिका द्वारा स्थापना अक्टूबर 24 में कराया गया था इसके बाद तीन माह तक सिंह की प्रतिमा का ध्यान पालिका द्वारा नहीं दिया जा रहा है । प्रतिमा में धूल जमा था चढ़ाए

गए फुल पूरी तरह खराब होकर जम गए । प्रतिमा स्थापना के बाद पालिका प्रशासन ने इसकी सुध ही नही ली । परिसर में कचरे के साथ लगे घास सूखने लगे हैं पानी डालने की व्यवस्था नही है । नगर पालिका द्वारा प्रतिमा अनावरण में फर्जी तरीके से लाखो की राशि खर्च दिखाकर भुगतान का आरोप भी लगाया । कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने प्रतिमा की सफाई कर फूल माला अर्पित कर स्व सिंह को याद किया । देवांगन ने कहा कि नगरपालिका द्वारा शासकीय राशि से शहर में स्व सिंह,डॉ भीमराव अंबेडकर, मीराबाई व भगवान शिव की प्रतिमा स्थापना किया गया है प्रतिमा व प्रतिमा स्थल की नियमित साफसफाई होनी चाहिए लेंकिन पालिका प्रशासन इसमे जानबूझकर अनदेखी कर रहा है । प्रतिनिधियों ने पालिका प्रशासन से प्रतिमाओं की नियमित देखभाल साफसफाई के लिए ठोस योजना बनाकर कार्य करने की मांग की । इस दौरान अरुण भारद्वाज, दीपक देवांगन, पुरन सारथी, रतन सिंगी, महेश यादव शेखर दास वैष्णव, रविंद्र सिंह गहरवार, सोनू ढीमर, सुदर्शन ढीमर, राहुल लहरें सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

पत्रकार मुकेश हत्याकांड को लेकर आईरा संगठन ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

डोंगरगांव/नवप्रदेश। पत्रकार संगठन आईरा छत्तीसगढ़ ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा मुकेश चंद्राकर के हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग। राजनांदगांव डोंगरगांव पत्रकारों के अंतरराष्ट्रीय संगठन आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने आज

मुख्यमंत्री के नाम डोंगरगांव एसडीएम कांत कोर्राम को ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत वर्मा, प्रदेश महासचिव विमल चंद जैन, जिला अध्यक्ष धनंजय गोस्वामी ने संयुक्त रूप से प्रेस को दिए विज्ञप्ति में बताया कि हाल ही में बस्तर बीजापुर के जांबाज पत्रकार एनडीटीवी के वरिष्ठ पत्रकार एवं बस्तर जंक्शन के नाम से मशहूर मुकेश चंद्राकर की बेरहमी से हत्या कर दिया गया गौरतलाब है कि मुकेश चंद्राकर ने उस क्षेत्र में बन रहे सड़क के घोटाले का पर्दाफाश किया था जिसकी लागत पहले 55 करोड़ थी बाद में 100 करोड़ रूपया हो गया था इसकी कवर स्टोरी करने पर छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करने के आदेश दिए थे यही कारण है कि ठेकेदार मुकेश चंद्राकर से रंजीश रखता था और एकांत में मिलने के बहाने उनकी बेरहमी से हत्या कर दिया गया इस मामले की जांच उच्च स्तरीय हो एवं आईरा संगठन ने प्रदेश में जल्द से जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग किया है गौरतलब है कि पत्रकार सुरक्षा कानून राज भवन में अटका हुआ है जिसके लिए आईरा संगठन लगातार प्रयासरत है अब अगर इस बार पत्रकार सुरक्षा कानून नहीं लागू किया गया तो सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी।

प्रकाश बैस पुन: बने जिला अध्यक्ष

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रकाश बैस पुन बने जिला अध्यक्ष बनते ही प्रकाश बैस को कार्यकर्ताओं ने बधाइयां प्रेषित की पुष्प हर्ष से स्वागत सम्मान किया गया इस समय मौजूद थे प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा कुरूद विधायक अजय चंद्राकर धमतरी पूर्व विधायक

रंजन साहू निरंजन सिंन्हा निर्मल बरडिया, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेद्र शुक्ला, नगरी मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, गोपी कश्यप रूपेंद्र साहू जितेंद्र मांडवी राजू पटेल नगरी विधानसभा के जिला अध्यक्ष बनने पर फूल माला पहनकर बधाई देते हुए

कर्णेश्वर में हुई एकल संच समिति द्वारा भारत माता की आरती

नगरी/नवप्रदेश। एकल संच समिति नगरी द्वारा 5 तारीख को कर्णेश्वर मंदिर परिसर, सिहावा में भारत माता की महा-आरती संपन्न की गई। एकल विद्यालय नवीन आचार्यो का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कर्णेश्वर मंदिर परिसर सिहावा में 30 दिसंबर 2024 से चल रहा है, जिसका समापन 8 जनवरी को होगा। यहां छुरा, मैनपुर, गंगरेल और नगरी संच के कुल 40 आचार्य गण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। पंचमुखी शिक्षा के तहत संस्कार शिक्षा और जागरण विषय के तहत एकल संच समिति

द्वारा 'भारत माता की महा-आरती' मुख्य अतिथि प्रकाश बैस, अध्यक्ष प्रयाग बिसेन, एवं डा आर देवांगन, विकलगुप्ता,नागेन्द्र शुक्ला, प्रेमलता नागवंशी, रविशंकर दुबे, कमल डागा, बलजीत छाबड़ा, विमला धुर्वा, शैलेन्द्र धेनुसेवक, उमाशंकर नागवंशी, दिनेश्वरी नेताम, कविता गोस्वामी, के एन पांडे, प्रतिमा देवांगन, सुलोचना साहू, हेमलता साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। भारत माता की महा-आरती÷ के पूर्व एकल आचार्यो ने गीत भजन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। एकल संच समिति के मोतीलाल दिवाकर, आर पी साहू, महेन्द्र नेताम सरपंच मुनईकेरा, चंद्रभान यादव उमरगांव, स्थानीय ग्रमीण मनोज कुमार साहू, पूजा गिरि, तिहारू यादव एवं आचार्यो का विशेष योगदान रहा।

महतारी जतन योजना : 334 हितग्राहियों के लिए 1 करोड़ रूपये का प्रस्ताव शासन को भेजा

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला श्रम विभाग के असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में पंजीकृत हितग्राहियों के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की कड़ी में श्रम विभाग द्वारा संगठित कर्मकार महतारी जतन योजना के अंतर्गत 235 हितग्राहियों के लिए 47 लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसके तहत छात्रवृत्ति सहायता योजना अंतर्गत 40 हितग्राहियों को राशि 33500 रूपये व असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में 59 हितग्राहियों को राशि 59 लाख रूपये शामिल है। इस तरह 334 हितग्राहियों को 1 करोड़ 6 लाख 33,500 से लाभान्वित करने हेतु स्वीकृति पश्चात शासन को सूची प्रेषित की गयी है।

बाढ़ की आशंका से केनाल कार्य रोकने ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ ब्लाक के कामठा मे आमनेर नदी पर बनाए जा रहे कामठा फीडर केनाल का कार्य बंद कराने बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुँचे और अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल को ज्ञापन सौंपा । सरपंच सहित बड़ी संख्या मे पहुँचे किसानों ने ज्ञापन मे कहा कि कामठा स्थित नदी मे केनाल का निर्माण कराया जा रहा है । इसका निर्माण रोकने पहले भी आवेदन दिया गया था । लेकिन कार्यवाही नही रोकी गई। कामठा के किसानों ने कहा कि कामठा मे रपटा स्टाप डेम का निर्माण कराए जाने नदी का जलस्तर बारिश के दौरान काफी तेजी से बढ़ जाएगा। भविष्य मे गांव मे बाढ़ की आशंका हर समय बनी रहेगी। जिससे किसानो को फसल और गांव मे काफी ज्यादा नुकसान होने की आशंका बढ़ जाएगी। किसानों ने कहा कि पिछले सितंबर माह मे ही आए बाढ़ के दौरान पूरा कामठा गांव में पानी घुसने से बाढ़ की चपेट मे पूरा गांव और खेती की जमीन आ गई थी। जिससे किसानो की फसलों और गांव को बड़ा नुकसान हुआ था । स्टाप डेम बनने पर बाढ़ की स्थिति और विकराल रूप धारण कर सकती है ।

शिक्षक सम्मान समारोह में नाश्ते का फर्जी बिल भुगतान पर कांग्रेस गरम

■ कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप मामले की जांच कर दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह मे फर्जी तरीके से सांसद की मौजूदगी मे आयोजित कार्यक्रम में 19 हजार से अधिक के नाश्ते का बिल भुगतान किए जाने की शिकायत पर विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी के खिलाफ त्वरित कार्यवाही की मांग की है । जिपं सभापति विप्लव साहू , पालिका के नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन,

मनोज यादव, विनोद सिन्हा , रतन सिंगी, चंद्रशेखर वर्मा, रोशन वर्मा, मीनेश साहू, हरिदर्शन ढीमर, रामगोपाल वर्मा, भूपेन्द्र साहू की उपस्थिति मे अपर कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर को सौंपे ज्ञापन मे देवांगन ने कहा कि मदराकुही मे 17 सितंबर को आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान नाश्ते के नाम पर जिला शिक्षा विभाग द्वारा 19 हजार का फर्जी बिल भुगतान कर शासकीय राशि का दुरूपयोग किया गया है । कार्यक्रम मे सांसद सहित कई जिलास्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में मध्यान्ह भोजन का भोजन अतिथियों को कराया गया था । किसी प्रकार के स्वल्पाहार की व्यवस्था नही की गई थी । जो कि पूरी तरह से फर्जी भुगतान कर अधिकारियों ने अपनी जेब भर ली है । देवांगन ने कहा कि नाश्ते के नाम पर किए गए फर्जीवाड़े मे जिस होटल का बिल लगाया गया है वहाँ एक साथ इतना नाश्ता बन पाना संभव नही है । कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों ने स्कूली छात्रछात्राओं के साथ मध्यान्ह भोजन किया था । किसी प्रकार के नाश्ते का प्रबंध नही होने के बाद भी शासकीय राशि के आबंटन पर भुगतान दिखाया गया है । देवांगन ने कहा कि शिक्षा विभाग और उसके अधिकारियों द्वारा विभागीय कई योजनाओं मे इस तरह की लगातार शासकीय राशि के दुरूपयोग की शिकायतें बढ़ रही है । मामले की जांच आवश्यक है । ताकि जीरो टारलेंस वाली सरकार द्वारा विभागीय मद मे दिए जाने वाले राशि का सदुपयोग हो सके । देवांगन सहित कांग्रेसियों ने मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच कराए जाने, दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की ।

भाजपा सरकार किसानों को धान की कीमत 3100 रु क्विंटल नहीं दे रही

रायपुर/नवप्रदेश । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानों से 2300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रही है और उसी दर से किसानों को भुगतान कर रही है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में किसानों से वादा किया था धान के खरीदी 3100 रु क्विंटल की दर से की जाएगी और एकमुश्त भुगतान ग्राम पंचायत भवन में किसानों को नगद किया जाएगा। जो अब तक धान खरीदी के दौरान कहीं देखने को नहीं मिला है, यह किसानों के साथ धोखा है और भाजपा का चरित्र वादाखिलाफी करना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि किसान धान बेचने आज भी भटक रहे, उन्हें बारदाना नहीं मिल पा रहा है, टोकन नहीं दिया जा रहा है, धान खरीदी केंद्रों में धान जमा हो गया है, कस्टम मिलिंग हो नहीं पा रहा है। प्रदेश के कई धान केंद्रों में एक सप्ताह से अधिक हो गया है धान की खरीदी नहीं हो रही है। सरकार फर्जी और गुमराह करने वाले आंकड़े जारी करके धान खरीदी को बेहतर बता रही है और खुद के हाथ से पीठ थपथपा रही है जबकि किसान हताश और परेशान धान खरीदी केंद्रों का चक्कर लगा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा का चरित्र ही धोखा बाजी है। भाजपा की केंद्र सरकार 11 साल से किसानों को धोखा दे रही है। छत्तीसगढ़ में 15 साल के भाजपा सरकार के दौरान भी किसानों को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ा था और एक बार फिर वही स्थिति और परिस्थितियों किसानों के सामने उत्पन्न हो गई है। रवि फसल लगाने के समय किसानों को बीज, खाद और आर्थिक मदद जो बैंकों से मिलता था, उसके लिए भी इनको भटकना पड़ रहा, सरकार का रवैया किसान विरोधी है, किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाला है।

दो दिवसीय अन्तर्राज्यीय ओपन और वेटरन्स टूर्नामेंट आयोजित

कुरुद/नवप्रदेश। बैडमिंटन बॉयस क्लब कुरुद द्वारा दो दिवसीय अन्तर्राज्यीय ओपन और वेटरन्स टूर्नामेंट का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी इनडोर स्टेडियम कुरुद में 4 एवं 5 जनवरी को किया गया। इस टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों जैसे उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़ के 76 खिलाड़ी भाग लिये।

प्रतियोगिता में ओपन मेन्स डबल में प्रथम पुरस्कार अमलाफ एवं तन्मय (उड़ीसा) को 31 हजार, द्वितीय पुरस्कार सोनू एवं पार्टनर (उड़ीसा) को 21 हजार, तृतीय पुरस्कार मिहिर एवं कीतेक (डोंगरगढ़) को 11 हजार एवं वेटरन्स डबल 40 प्लस में प्रथम पुरस्कार रवि सुखवानी एवं मुकेश शर्मा धमतरी (छत्तीसगढ़) को 31 हजार, द्वितीय पुरस्कार सूर्यकांत सामल एवं हिमांश साहू को 21 हजार, तृतीय पुरस्कार वीरेन्द्र एवं युवराज रायपुर को 11 हजार रुपए प्रदान किया गया।

दीपक अग्रवाल आदि को शाल फल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर मंच में पूर्व नपं अध्यक्ष रविकान्त चन्द्राकर, नेता प्रतिपक्ष भानु चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहु बतौर अतिथि मौजूद थे।

समापन समारोह में धमतरी पूर्व विधायक रंजना साहू, नपं अध्यक्ष तपन चंद्राकर, पूर्व नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, रामकिशोर केला, पंकज नायडू, विकास अग्रवाल, सौरभ चंद्राकर के आतिथ्य में विजेता खिलाडियों को पुरस्कार वितरण किया गया। बैडमिंटन के फाइनल खेल धमतरी ने 22-20 और 21-18 से अंगूल ओडिशा को हराया। दूसरे मुकाबले में अमलान-तन्मय की जोड़ी ने ओडिशा के सोनू एण्ड पार्टनर को 21-10, 21-18 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। कार्यक्रम के सफल बनाने रविकांत चंद्राकर, प्रसन्न नायडू, दिनेश केला, विनय अग्रवाल, हरीश केला, राहुल बागे, थनेन्द्र साहू, सचिन बागे , हुमन साहू, अवनीश तिवारी, कमलेश दीवान आदि का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर भूपेन्द्र चन्द्राकर, जितेन्द्र अग्रवाल, थानेश्वर- ईश्वरी तारक, इमरान बेग, मुकेश पवार सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे।

सहयोग के लिए विजय मोटवानी ने निगम प्रशासन का माना आभार

धमतरी/नवप्रदेश। नगर निगम के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल कल समाप्त हो जाने के बाद आज से वहां प्रशासक के नियंत्रण के साथ ही कामकाज निगम के अधिकारी कर्मचारियों के हाथों में आ गया वहीं कार्यकाल के अंतिम दो दिवस शनिवार , रविवार अवकाश हो जाने के कारण सोमवार को कार्यालय खुलते ही जनहित के लिए सदैव मुखरता के साथ अपनी बात रखने वाले आमापारा वार्ड के पूर्व पार्षद विजय मोटवानी सभी विभागीय कार्यालय में पहुंचकर उपस्थित कर्मचारियों अधिकारियों को 5 साल तक किए गए सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने भी कहा कि पद तो आते रहता है लेकिन सम्बन्ध स्थाई होता है । हम सब भी आप सबके साथ संबंधों की डोर में हमेशा बंधे रहकर शहर को अपनी सेवा प्रदान करने तत्पर रहेंगे। वही निगम के प्रत्येक महत्वपूर्ण गतिविधियों को संचालित करने में अपनी माहिती सेवा प्रदान करने वाले निचले स्तर के कर्मचारियों काफी भावुक हो गए थे तथा उन्होंने रूंधे स्वर में कहा जनप्रतिनिधियों का हम सब के प्रति आज के इस कार्य और व्यवहार ने वास्तव में हमें कार्य करने के लिए आगे प्रेरित किया है ।

प्रतिनिधिमंडल ने चेम्बर के मुख्य चुनाव अधिकारी से की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर का प्रतिनिधिमंडल चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेम्बर के मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली से मुलाकात की तथा रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स द्वारा चेम्बर के पक्ष में सुनवाई करते हुए चेम्बर संविधान संशोधन को पारित कर आदेश जारी किया है, जिसकी छायाप्रति चेम्बर के मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली एवं चुनाव अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा के समक्ष प्रस्तुत कर अवलोकन पश्चात् चुनाव की आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निवेदन किया। इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- विक्रम सिंहदेव, मनमोहन अग्रवाल, मंत्री-शंकर बजाज एवं कैट के कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

तंदुरूस्त शरीर व मन के लिए खेल आवश्यक : ठाकुर

धमतरी/नवप्रदेश। युवा यूथ फेस्टिवल, युवा मित्र मंच और समस्त ग्रामवासी देमार के द्वारा राज्य स्तरीय महिला और पुरुष कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय अधिकारी श्री मोहनलाल साहू, नामदेव राय, रिंकू सेन, हेमराज सोनी , जतिन देवांगन , गोपाल साहू, डब्लू पटेल उपस्थित रहे । दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि आजकल के बच्चे, युवा सभी लोग मोबाइल के आने से फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब में व्यस्त रहते है जिससे मानसिक विकास होता है लेकिन विकृति भी आ रही है । लोग खेल के मैदान को भूल गए हैं

इस प्रकार के आयोजन से शारीरिक और मानसिक के साथ सर्वांगीण विकास भी होता है। तंदुरुस्त शरीर स्वस्थ मन के लिए खेल भी आवश्यक है । हमारी जो पुरातन खेल खो-खो, कबड्डी यह सब लोग अब भुल रहे हैं । इस आप सभी ग्राम वासियों के सहयोग से इस प्रकार का आयोजन हमारे नव युवा पीढ़ी के लिए देशभक्ति राष्ट्रभक्ति जगाने का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मोहन साहु ने कहा है कि मातृशक्तियों का कबड्डी खेल का आयोजन हम सबके लिए बहुत ही सुखद अनुभव है । पुरुषों का कबड्डी का प्रतियोगिता का आयोजन तो होता है लेकिन हमारी माता बहनों के लिए बहुत ही अच्छा अवसर है ।

एचएमपीवी वायरस को लेकर छग में अलर्ट

रायपुर। चीन से शुरू हुआ कोरोना वायरस पूरी दुनिया में त्राहिमाम मचा चुका था और अब चीन से फिर एक नई बीमारी एचएमपीवी वायरस का प्रकोप शुरू हो गया है। इस संक्रमण की एंट्री यूएस और मलेशिया के बाद अब भारत में भी हो गई है। देश में (ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस) के बढ़ते मामलों को देखते हुए छत्तीसगढ़ भी अलर्ट मोड पर है। इस बीच प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई. बैठक में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और वायरस से निपटने के लिए रणनीति तैयार की।

गायत्री महायज्ञ ... *गायत्री महायज्ञ के भव्य आयोजन में सम्मिलित हुए डॉ. चिन्मय पंड्या*

जीवन का असली उद्देश्य भीतर स्थित देवत्व का जागरण करना है : डॉ. चिन्मय पंड्या

नवापारा/राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रवास के अंतिम दिन, डॉ. चिन्मय पंड्या जी छत्तीसगढ़ राज्य के नवापारा (राजिम), जिला रायपुर में आयोजित 108 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ के भव्य आयोजन में सम्मिलित हुए। कुलेश्वर महादेव की पावन नगरी में उनके आगमन पर रायपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से पधारे गायत्री परिजनों ने भावपूर्ण स्वागत किया। आत्मीय भेंट के पश्चात् डॉ. पंड्या जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति के साथ

कार्यक्रम को शुभाशीष प्रदान किया।

मंच पर जाने से पूर्व उन्होंने महायज्ञ स्थल पर स्थापित माँ गायत्री की मूर्ति और प्रखर-प्रज्ञा, सजल-श्रद्धा पर पुष्प चढ़ाकर नमन वंदन किया, एवं गायत्री महामंत्र के 24 सूत्रों का प्रतिनिधित्व करतीं हुईं 24 गायों की अनूठी गौशाला के दर्शन भी किये। इसके बाद ध्वजारोहण कर कार्यक्रम स्थल पर पधारे।

अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में डॉ. पंड्या जी ने पूज्य गुरुदेव के विचारों का स्मरण करते हुए जीवन के उद्देश्यों और देवत्व के जागरण पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'जीवन का असली उद्देश्य भीतर स्थित देवत्व का जागरण करना है।' डॉ. पंड्या जी ने यह भी कहा कि हम सभी के भीतर देवत्व का बीज विद्यमान है, जिसे जगाने के लिए हमें प्रयासरत रहना चाहिए।

उन्होंने परम पूज्य गुरुदेव का यह संदेश साझा किया कि मनुष्य भटका हुआ देवता है, और उसकी वास्तविकता तभी प्रकट होती है जब वह अपने भीतर की अपार संभावनाओं को जागृत करता है। जीवन का सही उद्देश्य यही है कि श्रेष्ठ मार्ग पर चलते हुए पीड़ित मानवता की सेवा करें और चुनौतियों को अवसर में बदलते हुए एक आदर्श नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि *मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण* तभी संभव है, जब हम अपने कर्म और संकल्प को उच्चतर उद्देश्यों से जोड़ें। उनका संदेश श्रोताओं के लिए आत्म-बोध और आंतरिक उन्नयन का मार्ग प्रशस्त करने वाला था।

कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में अनिल चंद्राकर बने भाजपा के नए जिला अध्यक्ष

■ चुनाव अधिकारी श्रीचंद सुंदरानी ने पार्टी कार्यालय में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के बीच की घोषणा

गरियाबंद /नवप्रदेश। भाजपा के नए जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर होगें। सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में चुनाव अधिकारी श्रीचंद सुंदरानी तथा संगठन सह प्रभारी किशोर महानंद ने जिला अध्यक्ष के रूप में उनके नाम की घोषणा की। जिसके बाद उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने ताली बजाकर उनका जोशीला स्वागत किया। ज्ञात हो कि वर्तमान में वे जिला के महामंत्री रहे है। इसके पहले दो बार जिला उपाध्यक्ष भी रह चुके है। लंबे समय से निष्ठाभाव से संगठन में काम करने का प्रतिफल उन्हे मिला। इस दौरान राजिम विधायक रोहित साहू भी मौजूद थे। इसके पहले जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा को लेकर पार्टी कार्यालय में काफी गहमागहमी रही। सुबह से ही कार्यालय में कार्यकर्ताओ की भीड़ जुटने लगी थी। सुबह 12 बजे चुनाव अधिकारी श्रीचंद सुंदरानी जिला कार्यालय पहुॅचे। यहां सभाकक्ष में सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ की मौजुदगी में उन्होने जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा की। जैसे ही घोषणा हुई कार्यकर्ताओ ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर का फूलमाला से आत्मीय स्वागत किया। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मिठाई खिलाकर उन्हे बधाई दी। वही कार्यालय के बाहर जमकर बाजे गाजे बजने लगे। ज्ञात हो कि जिले में अध्यक्ष लिए 21 नाम आए थे। रायशुमारी के बाद पांच नाम का पैनल प्रदेश से दिल्ली भेजा गया था। नाम तय होने के बाद आज विधिवत घोषणा की गई।

इस अवसर पर नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि पार्टी संगठन से मुझे बड़ी जिम्मेदारी मिली है। मैं जिले के सभी पदाधिकारियों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि मै सबके साथ मिलकर संगठन को नई ऊंचाई तक लेने जाने का प्रयास करूंगा। पार्टी संगठन ने जो विश्वास जताया है उसे पूरे निष्ठा और मेहनत के साथ पूरा करेंगे। आगामी समय में जिले के सभी कार्यकर्ताओ को एकजुट कर उनकी सक्रियता बढ़ाई जाएगी। पार्टी संगठन को मजबुत करने हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होने कहा कि केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार है। निकाय में भी सरकार बनायेंगे। इसके पहले जिला चुनाव प्रभारी श्रीचंद सुंदरानी ने कहा कि प्रदेश ने तय किया था चुनाव आम सहमति और राय शुमारी से संपन्न हो। प्रक्रिया के तहत शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हुआ। उन्होने नए जिला अध्यक्ष सहित सभी का आभार जताया। इसके साथ ही विधानसभा और लोकचुनाव के जैसे निकाय चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने का आव्हान किया। इसके पहले पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने भी संबोधित किया। प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से मिले सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला संगठन प्रभारी किशोर महानंद, पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू, चुन्नीलाल साहू, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व विधायक डमरुधर पुजारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संदीप शर्मा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजक राजेश अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष कुंजबिहारी बेहरा, वरिष्ठजन बलदेव हुंदल, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, जीवनएस साहू, मुरलीधर सिन्हा, अनुप भोसले, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, शेषनारायण गजभिए, रितेश यादव, प्रतिक सिंह, सहित मंच एवम् कार्यालय में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हे बधाई दी।

न्यूज गैलरी

विजेता क्रिकेट टीम को पुरस्कृत किए इंजीनियर के के देवांगन ने

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 अंतर्गत ग्राम पंचायत लोहारी में आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में बासीन की टीम ने फाइनल मैच में विश्रामपुर की टीम को हराकर ट्राफी अपने नाम की।विजेता टीम को इंजीनियर के के देवांगन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा एवं जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि ने ईनाम राशि एवं शील्ड वितरण किया। श्री देवांगन ने गांव के सभी लोगो को अच्छे आयोजन के लिए बधाई दी ।इस अवसर पर गांव के सरपंच सतीश देवदास खेमराज वर्मा ,कुलदीप वर्मा जरौद के उपसरपंच गोलू यदु,रोहित यदु सहित गांव के पंचगण खिलाड़ी एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

पत्रकारो ने राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़/नवप्रदेश। बीजापुर के सक्रिय पत्रकार स्व मुकेश चंद्राकर की जघन्य हत्या के विरोध मे जिला पत्रकार संघ ने राज्यपाल के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंप कर चंद्राकर के हत्यारों की त्वरित गिरफ्तारी, फास्टटैक कोर्ट मे सुनवाई, आरोपियों को कड़ी सजा दिलाए जाने, आरोपियों की सभी संपत्तियों को जप्त करने, पत्रकार चंद्राकर के परिजनो को शासकीय सेवा और उचित मुआवजा प्रदान किए जाने की मांग की । अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गौर की अगुवाई मे सौंप ज्ञापन मे पत्रकारो ने कहा कि सरकार समय पर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करे । ताकि जनता और प्रशासन के बीच सेतू का काम करने वाले पत्रकारो की सुरक्षा तय हो सके । इस दौरान पत्रकारों ने खैरागढ़ जिले मे भी हो रहे विभागीय भ्रष्टाचारों की खबरों पर प्रशासनिक कार्यवाही त्वरित रूप से करने, जिला कार्यालय मे अटके कई मांगों, शिकायतों आवेदनो पर त्वरित जांच करने की मांग की । इस दौरान जितेन्द्र सिंह गौर, खिलेन्द्र नामदेव, आलोक श्रीवास, सोमेश लहरे, प्रवीण नामदेव, यतेन्द्र जीत सिंह, शैलेन्द्र मिश्रा, जितेन्द्र यादव, किशोर सोनी, राजेन्द्र सिंह चंदेल,याहया नियाजी, विमल बोरकर, श्रेयांश सिंह, रंजीत सिंह, प्रशांत सहारे, सुरेश वर्मा, यतीश साहू, दिनेश साहू, साकेत श्रीवास्तव, सन्नी यदु सहित पत्रकार मौजूद रहे ।

गिरनार तीर्थ की नव्वाणु यात्रा संपन्न करने वाली वीर बालाओं का अभिनंदन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। स्थानीय श्वेताम्बर जैन श्री संघ की तीन बालिकाओं ने नेमिनाथ मंडन गिरनार तीर्थ की 108 यात्रा (नव्वाणुयात्रा) एवं गिरी राज शत्रुंजय तीर्थ की छठ्यात्रा (दो उपवास कर तीर्थ की सातयात्रा) पूर्ण कर संघ का गौरव संपूर्ण शासन में बढाया है। गिरनार पर्वत जिसकी लगभग चार हजार सीढ़ीयाँ है सीमित समय में तीर्थ की 108 बार परिक्रमा का पुरुषार्थ मीनल बाफ्ना सुपुत्री ममता धरम बाफ्ना, रिद्धि एवं सिद्धि कांकरिया सुपुत्री राखी नरेन्द्र कांकरिया ने सानंद संपन्न किया है। आज नगर आगमन पर इन पुण्यशाली आत्माओं की अगुवानी हेतु श्रीसंघ, श्री ऋषभदेव जिनालय के मुख्य द्वार पर उपस्थित था सकल श्री संघ ने अनुमोहना स्वरुप जय जयकारा लगाया। सर्वप्रथम देव, गुरु, दर्शन का कार्यकम हुआ तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में स्वागत बहुमान समारोह के अंतर्गत तीनों पुण्य शालीयों का स्वागत संघ प्रमुख शिखर बाफ्ना ने किया । तत्पश्चात सकल जैन समाज की ओर से डा0 राजेन्द्र गदिया ने तीनों का बहुमान करते हुए नवकार पट्टीका स्मृत्ति चिन्ह के रूप में प्रदान किया।

श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम

कबीरधाम जिले के सैकड़ों श्रद्धालुओं के अयोध्या और काशी दर्शन के सपने पूरे

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रभु रामलला दर्शन योजना केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि एक ऐसा आध्यात्मिक अभियान है, जो प्रदेश के लोगों के जीवन में श्रद्धा, विश्वास और भक्ति का नया अध्याय जोड़ रहा है। यह योजना छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के बाद शुरू की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शिता और जनकल्याणकारी सोच का यह एक सशक्त प्रमाण है। इस योजना से छत्तीसगढ़ के हजारों नागरिकों को प्रभु रामलला के जन्मस्थान के दर्शन करने का लाभ मिल चुका है। कबीरधाम जिले में इस योजना से 421 लोगों के अयोध्या यात्रा करने के सपने पूरे हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में भगवान राम के प्रति श्रद्धा का गहरा भाव हमेशा से रहा है। वर्षों से प्रदेश के श्रद्धालुओं के मन में अयोध्या में रामलला के दर्शन करने का सपना संजोया हुआ था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस भाव को समझते हुए 'रामलला दर्शन योजना' की शुरुआत की, ताकि हर व्यक्ति को बिना किसी आर्थिक बोझ के, निःशुल्क भगवान राम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो सके। योजना के अंतर्गत विशेष ट्रेन के माध्यम से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन कराए जा रहे हैं। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन, स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षा और आरामदायक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इन सभी व्यवस्थाओं ने इस यात्रा को एक अविस्मरणीय अनुभव बना दिया है। कबीरधाम जिले से अब तक 421 श्रद्धालु इस योजना के माध्यम से रामलला के दर्शन कर चुके हैं। धार्मिक यात्रा कर लौटे श्रद्धालुओं ने योजना की मुक्त कंठ से सराहना की। कवर्धा निवासी विजय कुमार यादव ने कहा कि हमने वर्षों तक अयोध्या जाकर भगवान राम के दर्शन करने का सपना देखा था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे साकार कर दिया।

यात्रा के दौरान हमें ऐसा अनुभव हुआ, मानो हम अपने घर में ही हों। भोजन, स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई थी। इसी तरह, गौरमाटी के बलराम साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन से मन को अपार शांति मिली है। यात्रा का हर पल यादगार था। मुख्यमंत्री जी ने इस योजना के माध्यम से हम जैसे हजारों श्रद्धालुओं को एक ऐसा अवसर प्रदान किया है, जिसे हम जीवनभर नहीं भूल पाएंगे। रामलला दर्शन योजना न केवल श्रद्धालुओं के धार्मिक विश्वास को सशक्त कर रही है, बल्कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को भी नई ऊर्जा दे रही है। इस योजना के माध्यम से न केवल धार्मिक स्थलों के प्रति श्रद्धालुओं का आकर्षण बढ़ा है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को भी मजबूती मिली है।

श्रद्धा से विकास तक, छत्तीसगढ़ सरकार का विजन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का यह प्रयास 'धार्मिक पर्यटन' को बढ़ावा देने और प्रदेशवासियों के सपनों को साकार करने का एक सशक्त कदम है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान हर प्रकार की सुविधा मिले और वे अपनी यात्रा को सुखद और यादगार बना सकें। योजना का प्रभाव केवल धार्मिक स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने प्रदेश में सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता को नई मजबूती दी है। यह पहल छत्तीसगढ़ की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक बन रही है। कबीरधाम जिले के सैकड़ों श्रद्धालुओं की तरह, अब प्रदेश के अन्य जिलों के श्रद्धालु भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

पूर्व सीएम द्वारा कुर्मी छात्रावास भवन व व्यावसायिक परिसर का लोकार्पण

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भाटापारा के कूर्मि छात्रावास पहुचे जहां उन्होंने केंद्रीय अध्यक्ष मनवा कूर्मि समाज खोडस कश्यप व विधायक इंद्र साव ,राजप्रधान हरिराम वर्मा के साथ नवनिर्मित भवन एव व्यवसायिक परिषर का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री रहते हुए सीएम मद से भूपेश बघेल ने उक्त दोनों निर्माण कार्य के लिए लगभग 40 लाख रु की स्वीकृति प्रदान की थी।

इस कार्यक्रम के दौरान आडिल अस्पताल के सौजन्य से 200 से अधिक लोगो का निःशुल्क स्वस्थ्य जांच किया गया वही 100 से अधिक प्रतिभावन छात्र छात्राओं व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने पर शाल श्री फल व स्मृति चिन्ह भेंट कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा सम्मान किया गया। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले वार्ड प्रमुखों को केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप व राजप्रधान हरिराम के हाथो स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।कार्यक्रम में नगर इकाई अध्यक्ष दीपक टिकरिहा,छात्रावास अध्यक्ष जितेंद्र नायक,महिला अध्यक्ष सुमन वर्मा,युवा अध्यक्ष प्रशांत वर्मा, उपाध्यक्ष कृष्णकुमार वर्मा, रविकांत वर्मा, तेजराम वर्मा, रमेश वर्मा, सन्दीप परगनिहा,भूपेंद्र वर्मा, सेवक वर्मा, हितेंद्र वर्मा, रमेश वर्मा(सी), ब्रिजमोहन वर्मा, सौरभ बघमार, भूषण वर्मा,हेमंत वर्मा, देवेंद्र वर्मा, डेविड वर्मा,डा अरुण वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, भीखम वर्मा,मनोज वर्मा सहित काफी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे।

सरकार की योजना से संगीता पटेल ने बढ़ाया आत्मनिर्भरता की ओर कदम

■ महतारी वंदना योजना ने सिखाया बचत और प्रबंधन के गुण

कवर्धा । कबीरधाम जिला के ग्राम भागुटोला की रहने वाली श्रीमती संगीता पटेल आज आत्मनिर्भरता और आर्थिक प्रबंधन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गई हैं। उनके जीवन में परिवर्तन का यह सफर छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदना योजना से शुरू हुआ, जिसने उन्हें न केवल आर्थिक सहायता दी, बल्कि आत्मविश्वास से भर दिया।श्रीमती संगीता पटेल, एक गृहिणी और मां, अपने परिवार के लिए हमेशा कुछ बेहतर करना चाहती थीं। लेकिन सीमित आय के कारण उनके सपनों को साकार करना मुश्किल था। अब जब उन्हें महतारी वंदना योजना के तहत हर महीने 1000 रुपये की आर्थिक सहायता मिलने लगी, तो उनके जीवन में नई उम्मीद जागी। संगीता ने इस राशि का बुद्धिमानी से उपयोग करना शुरू किया। उन्होंने अपनी बेटी के भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलवाया और हर महीने उसमें 500 रुपये जमा करने का निर्णय लिया। यह उनके बेटी के बेहतर शिक्षा और भविष्य के सपनों को साकार करने का पहला कदम था। बचे हुए 500 रुपये का उपयोग वह घर के अन्य खर्चों और बच्चों की जरूरतों को पूरा करने में करती हैं। श्रीमती संगीता बताती हैं कि पहले छोटी-छोटी जरूरतों के लिए मुझे पति या सास-ससुर से पैसे मांगने पड़ते थे, जो कभी-कभी असहजता का कारण बनता था। लेकिन अब मुझे हर महीने अपनी जरूरतों के लिए पैसा मिलता है। यह केवल आर्थिक मदद नहीं है, बल्कि मेरे लिए आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की भी बात है। इस योजना ने न केवल संगीता को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि उनके भीतर बचत और प्रबंधन का गुण भी विकसित किया है। अब वे अपने बच्चों के भविष्य के बारे में और अधिक सकारात्मक सोचने लगी हैं। श्रीमती संगीता ने छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद करते हुए कहा कि महतारी वंदना योजना ने मेरे जैसे लाखों महिलाओं के जीवन में समृद्धि और आत्मविश्वास का संचार किया है। यह केवल आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि हमारे जीवन में स्थिरता और सम्मान लाने का माध्यम है।

भाजपा ने जिलाध्यक्ष के रूप में प्रकाश बैस को किया नियुक्त

कुरूद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने धमतरी जिले के जिलाध्यक्ष के रूप में प्रकाश बैस को नियुक्त किया है। रविवार को हरदिया साहू समाज भवन में आयोजित बैठक में यह फैसला लिया गया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गहन चर्चा की। पूर्व में प्राप्त आवेदनों और उम्मीदवारों की योग्यता पर विचार-विमर्श किया गया।जिलाध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर बड़े नेताओं के बीच गुटबाजी की खबरें भी सामने आईं।

रक्तदान जनसेवा का श्रेष्ठ माध्यम : मधुसूदन यादव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विभिन्न जनजागृति एवं सामाजिक सेवा कार्यो से जुड़े छात्र युवा मंच परिवार द्वारा नगर निगम के सभागार में रक्तदान शिविर व श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 20 युवाओं ने रक्तदान कर राजनांदगॉव जिला, छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं भारत देश के दिवंगत गणमान्य नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिवंगत शहरवासियों के परिवारजन, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, सरपंच संघ अध्यक्ष नोमेश वर्मा, पार्षद शिव वर्मा, पार्षद गगन आईच, समाज सेवी संतोष खंडेलवाल, छात्र युवा मंच संयोजक नागेश यदु रक्तवीर , संगठक लिकेश्वर सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष माधव साहू, प्रदेश प्रमुख चन्द्रभान जंघेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश साहू, लोकेश बारापात्रे, अगेश्वर वर्मा, राजु साहू, जितेंद्र साहू, भागवत वर्मा, दुष्यंत सेन, साहिल जंघेल, जमुना साहू व संगठन के सभी अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने दिवंगत पुण्यात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रक्तदान को मानवसेवा का श्रेष्ठ माध्यम बताया।

नाला जीर्णोद्धार के लिए पार्षद गुप्ता चंपू ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

■ नाला पावरफुल ठेकेदारों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पिछले साल 31 जुलाई 2024 को इंदिरा नगर की ज्वलंत समस्या नाला की समस्याओं को वार्डवासियों को लेकर महावीर चौक फ्लाईओवर के धरना प्रदर्शन एवं आमरण अनशन किया गया था। उक्त नाला का जीर्णोद्धार करने विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा लगभग 30 करोड़ रुपये की एक बड़ी धनराशि निगम प्रशासन को उपलब्ध कराई गई थी। पर दुर्भाग्य से कहना पड़ रहा है कि उक्त नाला पावरफुल जनप्रतिनिधियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया और उक्त नाले के आसपास कुछ रसूखदार व्यक्तियों ने अवैध कब्जा भी कर लिया गया है। जिसकी वजह से बारिश का पानी इंदिरा नगर वासियों के घरों में के अंदर भर जाता है, जिससे वार्ड के नागरिकों को बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जनहित में इनके निराकरण के लिए पिछले साल 31 जुलाई 2024 को धरना प्रदर्शन एवं आमरण अनशन के माध्यम से प्रशासन-निगम प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया गया था और सबसे अहम बात यह है कि तब पूर्व निगम आयुक्त ने अनशनकारियों के इस मांग पर सहमति प्रदान करते हुए अनशन स्थल पर ही अपने प्रतिनिधि के माध्यम से लिखित में निगम प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन को माईक पर पठन पाठन किया गया था? बड़े अफसोस की बात है कि डॉ. साहब की एक बड़ी धनराशि का बंदरबांट हो गया है और नाला ज्यों का त्यों बना हुआ है।जनहित में पूर्व में दिए गए ज्ञापन संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द उक्त कार्यों का श्रीगणेश करने के लिए हम वार्डवासीगण आपसे अपेक्षा करते है।

श्रद्धांजलि सभा... आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग

नगर के पत्रकारों ने दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

दो मिनट का मौन रख दी गई श्रद्धांजलि

भाटापारा/नवप्रदेश। बीजापुर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के विरोध में नगर के पत्रकार गणों एवं समाजिक जनों द्वारा यज्ञशाला नाका नंबर एक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, उपस्थित जनों द्वारा दिनों दिन पत्रकारिता के क्षेत्र मे बढ़ती असुरक्षा तथा आए दिन घटते अप्रिय घटनाक्रम पर चिंता जाहिर करते हुए,युवा पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की नृशंस हत्या पर रोष एवं शोक जाहिर करते हुए एक स्वर मे आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गयी।

श्रद्धांजलि सभा का संचालन कर रहे मुकेश शर्मा ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते है,जो समाज का स्वरुप होता है पत्रकार उसे प्रकाशित करता है लेकिन देखने मे यह आ रहा है कि समाज के विकृति को उजागर करने का प्रतिफल पत्रकार को आघात के रुप मे झेलना पड़ रहा है, प्रशांत वर्मा द्वारा पत्रकारिता की चुनौती एवं अवरोधों का विस्तार से वर्णन किया गया,सत्यनारायण पटेल द्वारा निरंतर घट रही दुखद घटनाओं एवं असुरक्षित होते पत्रकारिता के क्षेत्र पर चिंता जाहिर करते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गयी,कैलाश जायसवाल द्वारा दिनों दिन बिगड़ती पत्रकारिता की दशा का उल्लेख करते हुए सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया,शंकर लाल सोनी द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून की त्वरित क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया गया,कोमल प्रसाद शर्मा द्वारा वर्तमान स्थिति पर आक्रोश जताते हुए परिस्थिति मे बदलाव की आवाज पुरजोर ढंग से उठाई गयी। पूर्व पी एस ओ कल्याण सिंह ठाकुर द्वारा वर्तमान चुनौती पूर्ण एवं पत्रकारिता की असुरक्षित परिस्थिति पर अपनी बात रखते हुए संघर्ष से तस्वीर बदलने की बात कही गयी।सरयू साहित्य परिषद अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा द्वारा भी उपरोक्त परिस्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए सुचिता स्थापना के लिए प्रयासो की आवश्यकता पर बल दिया । उपस्थित पत्रकार जनों ने पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या पर शोक एवं रोष जाहिर करते हुए आरोपियों पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई की मांग की गयी। तथा उनकी संपत्ति कुर्क करने एवं आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग के साथ ही पत्रकार के परिवार को एक करोड़ रुपये आर्थिक मदद देने की भी मांग की गयी। उपस्थित पत्रकारों ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना के साथ ही परिवार जनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने भगवान से प्रार्थना के साथ ही दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

समाज के सजग प्रहरी पत्रकार भी अब सुरक्षित नहीं है

नगरी/नवप्रदेश। पत्रकारों के हितों के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द से जल्द लागू कर दिया जाना चाहिए । आए दिन ठेकेदार, अधिकारी, तथाकथित नेता अपने पद व पैसे की दम पर व राजनैतिक संरक्षण के चलते प्रदेश सहित पूरे देश में पत्रकारों के साथ बदसलूकी , मारपीट यहां तक की उसकी निर्मम हत्या कर दी जा रही है। । उक्त कथन गोपी कश्यप ब्यूरो चीफ नगरी श्रमजीवी पत्रकार संघ नगरी ब्लाक सचिव राजू पटेल कुलदीप साहू प्रतिनिधि अगेश हिरवानी inh रिपोर्ट ने सभी ने कहा पत्रकारों का भविष्य अंधकार में है एवं पूरे देश में राजनीति हावी है । एक राजनेता जिसे दुनिया भर की सुरक्षा दिया जाता है लेकिन सच्चाई की आवाज उठाने वाले , देश के हित में काम करने वाले , छोटी बड़ी-मुद्दाओं को छोटे-छोटे आम लोगों तक पहुंचाने वाले निस्वार्थ रूप से बिना वेतन के अपना फर्ज निभाने वाले एक पत्रकार को देश में किसी भी प्रकार का ना कोई सुरक्षा है और ना ही उसका भविष्य को संवारने वाला ऐसी कोई सरकारी योजना सरकार के पास है।

न्यूज गैलरी

अनमैरिड कपल्स को अब नहीं मिलेगा रूम, नियमों में बदलाव

नई दिल्ली। होटल बुकिंग प्लेटफॉर्म ओयो ने अपनी नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए अविवाहित जोड़ों (अनमैरिड कपल्स) के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। कंपनी ने नई चेक-इन पॉलिसी लागू की है जिसके तहत अविवाहित जोड़ों को कमरा देने से इनकार किया जा सकता है। यह नियम फिलहाल उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में लागू किया गया है, लेकिन जल्द ही इसे अन्य शहरों में भी लागू किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार, अब अविवाहित जोड़ों को होटल में कमरा बुक करने के लिए अपने रिश्ते की पुष्टि के लिए वैलिड प्रूफ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यह नियम ऑनलाइन बुकिंग पर भी लागू किया जाएगा, जिससे कि अविवाहित जोड़ों को होटल में कमरा लेने के दौरान अतिरिक्त दस्तावेज़ीकरण की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, ओयो ने अपने पार्टनर होटलों को स्थानीय सामाजिक संवेदनशीलता का ध्यान रखते हुए बुकिंग रद्द करने का अधिकार प्रदान किया है, ताकि सामाजिक मान्यताओं और नियमों का सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। ओयो ने सबसे पहले मेरठ स्थित अपने पार्टनर होटलों को इस नई पॉलिसी को तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्देश दिया है। कंपनी मेरठ में इस नियम के कार्यान्वयन का मूल्यांकन करेगी और उसके आधार पर अन्य शहरों में भी इसे लागू करने का निर्णय लेगी। सूत्रों के अनुसार, मेरठ की कई सामाजिक संस्थाओं ने इस मुद्दे को ओयो के सामने उठाया था, जिसके बाद कंपनी ने यह कदम उठाया है। कुछ अन्य शहरों में भी अविवाहित जोड़ों को कमरा न देने को लेकर याचिकाएं दायर की गई थीं। ओयो के नॉर्थ इंडिया रीजन के हेड पवास शर्मा ने बताया कि ओयो सुरक्षित और जिम्मेदारी के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं, लेकिन कानून के दायरे में काम करने और सामाजिक संस्थाओं की बातों को भी जिम्मेदारीपूर्वक सुनने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सेंसेक्स 234 अंक चढ़ा, निफ्टी 23707 के पार

नई दिल्ली। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन 30 शेयरों वाला बीएएसई सेंसेक्स 234.12 (0.30%) अंकों की बढ़त के साथ 78,199.11 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 91.86 (0.39%) अंक मजबूत होकर 23,707.90 पर पहुंच गया। सोमवार की बड़ी गिरावट के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सभल गए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन 30 शेयरों वाला बीएएसई सेंसेक्स 234.12 (0.30%) अंकों की बढ़त के साथ 78,199.11 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 91.86 (0.39%) अंक मजबूत होकर 23,707.90 पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एलएंडटी जैसे ब्लू-चिप शेयरों में तीव्र खरीदारी से बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी पिछले दो सत्रों की तीव्र गिरावट के बाद मंगलवार को संभले। हालांकि, कारोबारियों के अनुसार कंपनियों के वित्तीय परिणामों से पहले आईटी शेयरों में गिरावट और डॉलर के मुकाबले कमजोर रुपये ने बाजार की तेजी को सीमित कर दिया। बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 234.12 अंक या 0.30 प्रतिशत चढ़कर 78,199.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 487.75 अंक या 0.62 प्रतिशत चढ़कर 78,452.74 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 91.85 अंक या 0.39 प्रतिशत बढ़कर 23,707.90 पर पहुंच गया। 30 शेयरों वाले ब्लूचिप शेयरों में टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट, लार्सन एंड टूब्रो और अडानी पोर्ट्स सर्वाधिक लाभ में रहे। इसके विपरीत, जोमैटो, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और इंफोसिस नुकसान में रहे।

1 अमेरिकी डॉलर कीमत 85 रुपए 79 पैसा हुआ, इसके अलावा विदेशों में पढ़ना, विदेशों में घूमने का बोझ भी बढ़ेगा

डॉलर के मुकाबले लुढ़कते रुपये से बढ़ेगी महंगाई, जरूरी सामान हो सकते हैं महंगे

मुंबई। डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में रिकॉर्ड गिरावट आ रही है। रुपया टूटकर अपने निचले स्तर 85.79 प्रति पर पहुंच गया है। यानी 1 अमेरिकी डॉलर कीमत 85 रुपए 79 पैसा हो गया है। रुपये के मूल्य में रिकॉर्ड गिरावट पर चिंता जताते हुए विशेषज्ञों का कहना है कि घरेलू मुद्रा के मूल्य में गिरावट से आयातित कच्चे माल के महंगा होने से उत्पादन लागत बढ़ेगी और कुल मिलाकर देश में महंगाई बढ़ सकती है जिससे आम लोगों की जेब पर प्रभाव पड़ेगा। जानकारों का कहन है कि कमजोर रुपये से मोबाइल फोन, टीवी, फ्रिज, एसी, पेंट आदि के दाम बढ़ जाएंगे। इसके अलावा विदेशों में पढ़ना, विदेशों में घूमने का बोझ भी बढ़ेगा।

डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में कमी के कारण आम लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर जाने-माने अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के निदेशक प्रोफेसर एन आर भानुमूर्ति ने कहा, रुपये के मूल्य में गिरावट आयातित मुद्रास्फीति (आयातित महंगे कच्चे माल) से चीजें महंगी होंगी। उन्होंने कहा, हालांकि, अगर इससे निर्यात को गति मिलती है तब आर्थिक वृद्धि और रोजगार पर सकारात्मक असर पड़ सकता है। यदि रुपये में गिरावट बाजार की ताकतों (मांग और आपूर्ति) के कारण होती है, तो उत्पादन वृद्धि और महंगाई दोनों बढ़ेंगे।

इस बारे में आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के निदेशक (जिंस और मुद्रा) नवीन माथुर ने कहा, रुपये की विनिमय दर में गिरावट का सबसे बड़ा असर महंगाई बढ़ने के रूप में होता है क्योंकि आयातित कच्चे माल और उत्पादन की लागत बढ़ जाती है जिसका बोझ अंततः उपभोक्ताओं को उठाना होता है। इससे विदेश यात्रा और दूसरे देश में

जाकर पढ़ाई करना महंगा हो जाता है। अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, यदि विनिमय दर पूरी तरह से बाजार की ताकतों के कारण बदल रही है, तो निर्यात और आयात में स्वतः समायोजन होगा। हालांकि, केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप के बारे में चर्चाएं हैं और हाल ही में सोने की खरीद के कारण चालू खाते के घाटे (कैड) में वृद्धि हुई है। कमजोर विनिमय दरों से आयात महंगा होता है, इससे देश में महंगाई बढ़ सकती है। इसका विभिन्न क्षेत्रों पर नकारात्मक असर होता है।

कंपनियों की लागत भी बढ़ेगी

विदेशी मुद्रा में कर्ज लेने वाली कंपनियों को भुगतान की अधिक लागत चुकानी पड़ेगी। और आयातित कच्चे माल पर निर्भर इकाइयों को कम लाभ मार्जिन देखने को मिल सकता है। साथ ही, यह भारत में विदेशी निवेश प्रवाह को सीमित कर सकता है। उन्होंने कहा, दूसरी तरफ, निर्यात से जुड़ी कंपनियों को स्थानीय मुद्रा के मूल्य में गिरावट का लाभ मिल सकता है। इसका कारण वे चीन के मुकाबले अधिक प्रतिस्पर्धी बन जाती हैं। सॉफ्टवेयर और विनिर्माण निर्यात को बढ़ावा मिल सकता है क्योंकि वे चीन की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट के कारण के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, इसके दो मुख्य कारण हैं। एक तो तीसरी तिमाही में व्यापार घाटा बढ़ा।

छोटे निवेशकों के लिए बड़ा मौका!

अगले हफ्ते आएंगे 7 नए आईपीओ छह कंपनियों की होगी लिस्टिंग

मुंबई। नए वर्ष 2025 का दूसरा हफ्ता आईपीओ के नजरिए के काफी व्यस्त रहने वाला है, क्योंकि इस दौरान शेयर बाजार में मेनबोर्ड और एसएमई को सात पब्लिक इश्यू खुलेंगे और वहीं, छह कंपनियों की लिस्टिंग होगी। स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी का आईपीओ 6 जनवरी से लेकर 8 जनवरी तक खुलेगा। इस आईपीओ का इश्यू साइज 410.05 करोड़ रुपये का होगा। इस पब्लिक इश्यू का प्राइस बैंड 133 रुपये से लेकर 140 रुपये होगा। फार्मास्यूटिकल और केमिकल सेक्टर के लिए इंजीनियरिंग उपकरण बनाने वाली इस कंपनी ने 3 जनवरी को एंकर बुक के जरिए पहले ही 123.02 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। इस आईपीओ की लिस्टिंग 13 जनवरी को हो सकती है। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक का आईपीओ 7 से 9 जनवरी तक आम निवेशकों के लिए खुलेगा। इस कंपनी का इश्यू साइज 290 करोड़ रुपये का होगा। इसका प्राइस बैंड 275 रुपये से

लेकर 290 रुपये के बीच होगा। भारतीय रेलवे की कवच परियोजना के तहत नई पीढ़ी के ट्रेन नियंत्रण और सिग्नलिंग सिस्टम विकसित करने वाली कंपनी की लिस्टिंग 14 जनवरी को हो सकती है। कैपिटल इन्फ्रा ट्रस्ट इनविट का आईपीओ 7 जनवरी से लेकर 9 जनवरी तक खुलेगा। इसका प्राइस बैंड 99 रुपये से लेकर 100 रुपये तक होगा। इस इश्यू का साइज 1,578 करोड़ रुपये होगा। इसकी लिस्टिंग 14 जनवरी को होगी।

इसके अलावा चार एसएमई आईपीओ भी खुल रहे हैं, जिसमें बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर, डेल्टा ऑटोकॉर्प, इंडोबेल इंसुलेशन, अवाक्स अपैरल्स एंड ऑर्नामेंट्स का आईपीओ शामिल है। इन आईपीओ का साइज क्रमशः 85.21 करोड़ रुपये, 54.60 करोड़ रुपये, 10.14 करोड़ रुपये और 1.92 करोड़ रुपये होगा। ये सभी आईपीओ 6 जनवरी से आम निवेशकों के लिए खुल रहे हैं। अगले हफ्ते एक मेनबोर्ड और पांच एसएमई कंपनियां भी एक्सचेंजों पर लिस्टिंग होंगे। इंडो फार्म इक्विपमेंट मेनबोर्ड सेगमेंट में लिस्ट होने वाली एकमात्र कंपनी होगी। इसकी लिस्टिंग 7 जनवरी को होगी। इस आईपीओ का साइज 260 करोड़ रुपये था और यह 229.68 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके अलावा एसएमई कंपनियों में टेक्नीकेम ऑर्गेनिक्स लिमिटेड, लियो ड्राई फ्रूट्स एंड स्पाइसेज ट्रेडिंग लिमिटेड, डेविन संस रिटेल लिमिटेड, परमेश्वर मेटल लिमिटेड और फैबटेक टेक्नोलॉजीज क्लीनरूम्स लिमिटेड के पब्लिक इश्यू की लिस्टिंग भी इस हफ्ते होगी।

सैमसंग के एआई-कनेक्टेड घरेलू उपकरणों

8के क्यूएलईडी टीवी पर खास फोकस

लास वेगास। दक्षिण कोरिया की दिग्गज टेक कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स अमेरिका के लास वेगास में सीईएस 2025 में होम एआई नाम की एक अत्याधुनिक तकनीक पेश करेगी। यह तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाकर एक बेहद निजी और शानदार अनुभव प्रदान करेगी।

सैमसंग 3,368 वर्ग मीटर का सबसे बड़ा शो रूम लगाएगा, जहां एआई फॉर ऑल थीम के तहत कंपनी की नई तकनीकें और स्मार्ट होम सॉल्यूशन्स को दिखाया जाएगा। योनहाप न्यूज एजेंसी के अनुसार, सैमसंग की होम एआई तकनीक स्मार्टथिंग्स प्लेटफॉर्म के जरिए डिवाइस डेटा को एनालाइज करती है। यह प्लेटफॉर्म वॉशिंग मशीन, टीवी, लैपटॉप और स्मार्टफोन जैसे कई सैमसंग प्रोडक्ट्स में इंटीग्रेट किया गया है। यह तकनीक परिवारों के लिए उनकी जीवनशैली के हिसाब से घर को और सुविधाजनक और व्यक्तिगत बनाती है। सैमसंग का यह कनेक्टेड अनुभव सिर्फ घरों तक सीमित नहीं रहेगा। इसे गाड़ियों, जहाजों और व्यापारिक जगहों जैसे अपार्टमेंट, ऑफिस और होटलों तक

भी बढ़ाया जाएगा। कंपनी ने अपने टीवी में स्पोकन सबटाइटल्स फीचर को अपग्रेड किया है, जो खासकर दृष्टिहीन लोगों के लिए कंटेंट को और स्पष्ट करता है। सैमसंग ने अपना 2025 का फ्लैगशिप नियो क्यूएलईडी 8के टीवी भी पेश किया। इसमें एनक्यू8 एआई जनरेशन 3 प्रोसेसर और अन्य उन्नत तकनीकें दी गई हैं। यह टीवी 8के रिज़ॉल्यूशन पर कंटेंट को बेहतर बनाता है और शानदार रंग, कॉन्ट्रास्ट और ब्राइटनेस देता है।

इसके साथ, इक्लिप्सा ऑडियो नामक नई 3डी ऑडियो तकनीक भी पेश की गई, जिसे गूगल के साथ मिलकर विकसित किया गया है। यह तकनीक ऑडियो अनुभव को और रोमांचक बनाती है। सैमसंग ने विजन एआई नाम की नई तकनीक भी पेश की, जो देखने के अनुभव को और ज्यादा व्यक्तिगत बनाएगी।

माइलेज की रानी अब नहीं मिलेगी, 1 लीटर में दौड़ती थी 70 किलोमीटर!

नई दिल्ली। देश में माइलेज की रानी के नाम से मशहूर बजाज प्लेटिना 110 एबीएस अब बाजार से गायब हो गई है। कंपनी ने आधिकारिक तौर पर इस मॉडल की बिक्री बंद कर दी है। यह खबर उन लोगों के लिए निराशाजनक होगी जो कम बजट में अधिक माइलेज देने वाली बाइक की तलाश में थे। प्लेटिना 110 एबीएस 70 किलोमीटर प्रति लीटर का शानदार माइलेज देती थी, फिर भी इसे बंद करने का फैसला क्यों लिया गया? इसका मुख्य कारण है कम बिक्री। भले ही यह बाइक कई बेहतरीन फीचर्स के साथ आती थी, लेकिन ग्राहकों ने इसे उतना पसंद नहीं किया जितना कंपनी को उम्मीद थी। बजाज प्लेटिना 110 एबीएस एक किफायती और सुविधाजनक बाइक थी जो कई खास फीचर्स के साथ आती थी। इस बाइक का सबसे बड़ा आकर्षण इसका शानदार माइलेज था, जो

लगभग 70 किलोमीटर प्रति लीटर था। इसके अलावा, 125सीसी से कम इंजन क्षमता वाली बाइक्स में सिंगल-चैनल एबीएस मिलना काफी दुर्लभ था, लेकिन प्लेटिना 110 एबीएस में यह फीचर दिया गया था, जिससे सुरक्षा और बढ़ गई थी। 115सीसी का दमदार इंजन इसे एक स्मूथ और आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता था, खासकर लंबी दूरी की यात्राओं के लिए। प्लेटिना 110 एबीएस के अलावा, बजाज ने हाल ही में अपनी पल्सर एबीएस 250 बाइक को भी बंद कर दिया है।

मोटे डिविडेंड का हो सकता है ऐलान, 9 जनवरी को रिजल्ट जारी करेगी कंपनी

नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) गुरुवार, 9 जनवरी को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2024) के नतीजे जा करने जा रहा है। टाटा ग्रुप की इस कंपनी के नतीजों पर सिर्फ घरेलू निवेशकों की ही नहीं बल्कि तमाम विदेशी निवेशकों की भी नजरें टिकी होंगी।

बताते चलें कि वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी करने के साथ ही कंपनी अपने शेयरहोल्डरों के लिए डिविडेंड का भी ऐलान कर सकती है। ये वित्त वर्ष 2024-25 के लिए तीसरा अंतरिम डिविडेंड होगा। टीसीएस ने 31 दिसंबर को एक एक्सचेंज फाइलिंग में

डिविडेंड के भुगतान के लिए रिकॉर्ड डेट का भी ऐलान कर दिया था। कंपनी ने फाइलिंग में बताया था कि अगर 9 जनवरी को होने वाली बोर्ड मीटिंग में डिविडेंड के भुगतान को मंजूरी दे दी जाती है तो इसके लिए शुक्रवार, 17 जनवरी रिकॉर्ड डेट रहेगी। यानी, 17 जनवरी को कंपनी के शेयर एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेंगे। बताते चलें कि रिकॉर्ड डेट वाले दिन खरीदे जाने वाले नए शेयरों पर डिविडेंड का लाभ नहीं मिलता है। हालांकि, रिकॉर्ड डेट से एक दिन पहले खरीदे गए नए शेयरों समेत खाते में उपलब्ध सभी शेयरों पर डिविडेंड का फायदा मिलता है। बताते चलें कि आज सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। हालांकि, टीसीएस के शेयरों पर इस भयानक गिरावट का कोई बहुत बुरा असर देखने को नहीं मिल रहा है। सोमवार को दोपहर 12.07 बजे तक टीसीएस के शेयर बीएसई पर 10.40 रुपये (0.25%) की गिरावट के साथ 4088.85 रुपये के भाव पर ट्रेड कर रहे थे। आज कारोबार के दौरान, कंपनी के शेयर 4064.70 रुपये के इंट्राडे लो से 4149.25 रुपये के इंट्राडे हाई तक पहुंच चुके थे। बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, टीसीएस के शेयरों का 52 वीक हाई 4585.90 रुपये और 52 वीक लो 3593.30 रुपये है। कंपनी का मौजूदा मार्केट कैप 14,75,781.72 रुपये है।

खेल

रोहित शर्मा का बेस्ट रिप्लेसमेंट साबित होंगे ऋतुराज गायकवाड़

***टेस्ट टीम में ले सकते है उनकी जगह!**

नईदिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा बतौर कप्तान ही नहीं बतौर बल्लेबाज भी काफी निराशाजनक रहा. 3 मैचों में वह सिर्फ 31 रन ही बना सके. वैसे तो रोहित ने ये क्लीयर कर दिया है की वह अभी रिटायरमेंट के बारे में नहीं सोच रहे हैं. लेकिन, अगर आगे भी टेस्ट में उनके बल्ले से रन नहीं आते, तो यकीनन टीम इंडिया को उन्हें रिप्लेस करने की जरूरत पड़ सकती है. तो आइए आपको एक ऐसे खिलाड़ी के बारे में बताते हैं, जो आने वाले टाइम में रोहित का बेस्ट रिप्लेसमेंट साबित हो सकते हैं. वैसे तो घरेलू क्रिकेट में कई खिलाड़ी हैं, जो बेहतरीन प्रदर्शन करते

हुए आगे बढ़ रहे हैं और जरूरत पड़ने पर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर सकते हैं. मगर, इन सबमें ऋतुराज गायकवाड़ एक ऐसा नाम है, जो आने वाले समय में रोहित शर्मा का बेस्ट रिप्लेसमेंट साबित हो सकते हैं. गायकवाड़ ने आईपीएल में एमएस धोनी को प्रभावित किया और अब वह चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते हैं।तकनीकी तौर पर गायकवाड़ काफी मजबूत माने जाते हैं. उन्होंने 37 फर्स्ट क्लास मैचों में 41.52 की औसत से 2533 रन बनाए हैं जिसमें सात शतक और 13 अर्धशतक जमाए हैं. वह इंडिया-ए की ओर से भी खेलते हैं और कप्तानी भी करते हैं. गायकवाड़ की उम्र भी कम है और अगर उनको मौका मिलता है, तो वह टीम इंडिया के लिए अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। रोहित शर्मा ने भारत के लिए कुल 67 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 40.57 के औसत से 4301 रन बनाए हैं. इस दौरान उन्होंने 12 शतक और 18 अर्धशतक भी लगाए. लेकिन, साल 2024 में रोहित का बल्ला खामोश रहा. उन्होंने 2024 में रोहित ने कुल 14 टेस्ट मैच खेले, जिसकी 26 पारियों में बल्लेबाजी करने आए. इस दौरान उन्होंने 24.76 के औसत से 619 रन बनाए. इस दौरान उनके बल्ले से 2 शतक और 2 फिफ्टी निकली. वहीं, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तो रोहित के बल्ले से रन ही नहीं आए. उन्होंने 3 मैचों में सिर्फ 31 रन बनाए, जो भारतीय टीम की हार की बड़ी वजह रहा।

ईसीबी ने महिला अधिकारों के उल्लंघन के विरुद्ध अफगानिस्तान सीटी मैच के बहिष्कार का आह्वान खारिज किया

नई दिल्ली। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने तालिबान शासित देश में महिलाओं के साथ व्यवहार के कारण आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड के मैच का बहिष्कार करने के आह्वान को कथित तौर पर खारिज कर दिया है। इंग्लैंड को चैंपियंस ट्रॉफी में 26 फरवरी को अफगानिस्तान का सामना करना है, लेकिन 160 से अधिक राजनेताओं ने ईसीबी को एक पत्र लिखकर मैच का बहिष्कार करने का आग्रह किया है। हम इंग्लैंड की पुरुष टीम के खिलाड़ियों और अधिकारियों से दृढ़ता से आग्रह करते हैं कि वे तालिबान के शासन में अफ़गानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के साथ हो रहे भयानक व्यवहार के खिलाफ़ आवाज़ उठाएं। हम ईसीबी से भी आग्रह करते हैं कि वह अफ़गानिस्तान के खिलाफ़ होने वाले आगामी मैच का बहिष्कार करने पर विचार करे... ताकि यह स्पष्ट संकेत दिया जा सके कि इस तरह के घृणित दुर्व्यवहार को

बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लेबर सांसद टोनिया एंटोनियाज़ी द्वारा ईसीबी के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड गोल्ड को लिखे गए एक पत्र में कहा गया है, हमें लैंगिक भेदभाव के खिलाफ़ खड़ा होना चाहिए, और हम ईसीबी से आग्रह करते हैं कि वह अफ़गान महिलाओं और लड़कियों को एकजुटता और उम्मीद का एक दृढ़ संदेश दे कि उनकी पीड़ा को अनदेखा नहीं किया गया है। बहिष्कार के लिए आह्वान करने वाले पत्र के जवाब में, गोल्ड ने कहा, ईसीबी अफ़गानिस्तान में तालिबान शासन के तहत महिलाओं और लड़कियों के साथ हो रहे व्यवहार की कड़ी निंदा करता है जबकि स्काई स्पोर्ट्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह सुझाव देते हुए कि यह अकेले काम करने के बजाय सभी सदस्य देशों से एक समान दृष्टिकोण का समर्थन करता है। हम उन लोगों द्वारा उठाई गई चिंताओं को समझते हैं जो मानते हैं कि पुरुष क्रिकेट का बहिष्कार अनजाने में तालिबान की स्वतंत्रता को दबाने और अफ़गान समाज को अलग-थलग करने के प्रयासों का समर्थन कर सकता है। उन्होंने कहा, आईसीसी संविधान में यह अनिवार्य किया गया है कि सभी सदस्य देश महिला क्रिकेट के विकास के लिए प्रतिबद्ध हों। इस प्रतिबद्धता के अनुरूप, ईसीबी ने अफ़गानिस्तान के विरुद्ध कोई द्विपक्षीय क्रिकेट मैच आयोजित न करने की अपनी स्थिति को बनाए रखा है जबकि आईसीसी के भीतर आगे की अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई पर आम सहमति नहीं बनी है, ईसीबी ऐसे उपायों के लिए सक्रिय रूप से वकालत करना जारी रखेगा।

गिधवा और परसदा पक्षी विहार ने जिले को दी नई पहचान

बेमेतरा जिले में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिला अपनी समृद्ध कृषि परंपरा के लिए प्रसिद्ध है, खासतौर पर धान, दाल और तैलीय फसलों के उत्पादन के लिए। बेमेतरा जिला छत्तीसगढ़ राज्य का एक नवीन गठित जिला है जिसका गठन 1 जनवरी 2012 को दुर्ग जिले के विभाजन के पश्चात हुआ है। यह दुर्ग जिले के उत्तरी किनारे पर स्थित है।

हालांकि, यहां पर्यटन को लेकर खास पहचान नहीं रही है। इसके बावजूद, गिधवा और परसदा गांवों के पक्षी विहार ने इस जिले को एक नई पहचान दी है। इन गांवों में सर्दियों के मौसम में देश-विदेश से प्रवासी पक्षियों का आगमन होता है, जो इसे पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बनाता है।

गिधवा-परसदा प्रवासी पक्षियों का स्वर्ग

सर्दियों के मौसम में लगभग 150 प्रजातियों के प्रवासी पक्षी अफ्रीका, मंगोलिया, बर्मा, बांग्लादेश और हिमालय क्षेत्र से यहां पहुंचते हैं। साथ ही, लगभग 50 उड़ान पक्षियों का भी यहाँ नियमित आगमन होता है। पक्षियों को यहां के जलाशयों की जैव विविधता, मछलियां, और नम भूमि आकर्षित करती हैं। गिधवा में 100 एकड़ और परसदा में 125 एकड़ का जलाशय है, जो पक्षियों के लिए अनुकूल पर्यावास प्रदान करता है। यहां गैडवाल, नॉर्थन पिनटेल, रेड-क्रेस्टेड पोचार्ड, कॉमन पोचार्ड, मार्श सैंडपाइपर, कॉमन ग्रीन शेंक और कॉमन रेड शेंक जैसे पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की जाती है।

पक्षी महोत्सव और नवाचार

वर्ष 2021 में, गिधवा और परसदा में छत्तीसगढ़ का पहला पक्षी महोत्सव आयोजित किया गया था। यह आयोजन पर्यावरण और जैव विविधता संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय और बाहरी सैलानियों को आकर्षित करने में सफल रहा।

वन विभाग ने नवधा ग्राम में पक्षी विज्ञान केंद्र की स्थापना की है। यहां पक्षियों के संरक्षण और अध्ययन के लिए विशेष प्रबंधन किया गया है। विभाग ने पांच कर्मचारियों को राजस्थान की भरतपुर वर्ड सेंचुरी से प्रशिक्षण दिलाया और आधुनिक दूरबीन उपलब्ध कराई। दूरबीन की सहायता से कर्मचारी पक्षियों की गतिविधियों पर नजर रखते है। सैलानी भी इसकी सहायता से दूर पक्षियों का नजारा लेते है ।

पर्यटन विकास की चुनौतियाँ और संभावनाएं

हालांकि गिधवा-परसदा पक्षी विहार पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है, लेकिन यहाँ ठहरने और अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। वन विभाग और स्थानीय प्रशासन ठहरने, चाय-पानी और विश्राम जैसी सुविधाओं को विकसित करने के लिए प्रयासरत हैं।

आगे की राहः स्थानीय प्रशासन और वन विभाग के समन्वित प्रयासों से गिधवा-परसदा पक्षी विहार को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के पूरे प्रयास किए जा रहे है ।इसके साथ ही, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के लिए स्थायी पर्यटन को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

निष्कर्षः बेमेतरा जिले का गिधवा-परसदा पक्षी विहार पर्यटकों और पक्षी प्रेमियों के लिए अनमोल स्थान है। यह न केवल जिले की पहचान बना सकता है, बल्कि पर्यटन के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ कर सकता है। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से विकास और संरक्षण प्रयासों की आवश्यकता है।

खबरों के गलियारे से...

छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सबसे ज्यादा ठंड सरगुजा संभाग में है। पूरे संभाग में शीतलहर चल रही है। प्रदेश में अगले दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी, जिससे ठंडी और बढ़ेगी। हालांकि अभी दो दिनों तक प्रदेश के न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। वहीं सोमवार को प्रदेश में सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा। यहां 7.1 डिग्री न्यून्यतम तापमान दर्ज किया गया है। वहीं अधिकतम तापमान दुर्ग में 30.6 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट होने की संभावना है। इससे प्रदेश में ठंड में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही आउटर इलाकों में कोहरा छाए रहन के साथ ही कड़ाके की ठंड और ठिठुरन का अहसास होने वाला है। हालांकि अभी दो दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। मौसम में बदलाव नहीं होगा। दो दिनों के बाद मौसम मी बदलाव होगा।

पत्रकार को धमकाने के आरोप में वन अधिकारी गिरफ्तार

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में वन चौकी पर वाहनों से कथित अवैध वसूली की खबर देने वाले एक पत्रकार को धमकाने के आरोप में रविवार को एक वन अधिकारी को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सीतानदी वन परिक्षेत्र के रेंज अधिकारी नरेशचंद्र देवनाग को एक क्षेत्रीय समाचार चैनल के पत्रकार संदीप शुक्ला की शिकायत पर गिरफ्तार किया गय पिछले दिनों धमतरी जिले में वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध वसूली का खेल चल रहा था, जिसमें वाहन चालकों से बिना पावती या रसीद के 20 से 50 रुपए तक की वसूली की जा रही थी जिस पर पत्रकार संदीप शुक्ला ने बोराई चेक पोस्ट में अवैध वसूली का किया था भंडाफोड़ अधिकारी नरेश चंद्र देवनाग ने गुस्से में आकर पत्रकार संदीप शुक्ला को जान से मारने की धमकी दी थीज्पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है अब पुलिस ने आरोपी अधिकारी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

21 साल बाद बदलेगा राजिम कुंभ मेला स्थल

संगम से 750 मीटर दूर होगा महोत्सव, लक्ष्मण झूला-चौबे बांधा के बीच बनेगी अस्थाई सड़क

राजिम/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में राजिम कुंभ कल्प का आयोजन 12 फरवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहा है। इस बार राजिम कुंभ महोत्सव का मेला स्थल बदला जाएगा। जिला प्रशासन के सूत्रों के अनुसार मेला स्थल अब संगम स्थल में नहीं, बल्कि वहां से 750 मीटर दूर लक्ष्मण झूला और चौबे बांधा के बीच लगेगा। लक्ष्मण झूला और चौबे बांधा के बीच अस्थाई सड़क (रेत-मुरूम) जिला प्रशासन बनाएगा। इसके अलावा यात्रियों के लिए गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था भी की जाएगी। गरियाबंद जिला प्रशासन और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, राजिम कुंभ की तैयारियों को लेकर पिछले दिनों सीएम साय ने बैठक ली थी। बैठक के दौरान नए स्थल का प्रपोजल सीएम साय को दिखाया गया। सीएम साय ने भीड़ और व्यवस्थाओं को देखकर नई जगह पर सहमति दी। बैठक में सीएम ने राजिम कुंभ कल्प के आयोजन में शामिल सभी विभागों और प्रशासनिक अमले को आपस में समन्वय बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं के आने-जाने की व्यवस्था, सुरक्षा संबंधी उपाय और स्वच्छता के लिए विशेष ध्यान देने को कहा।

भूपेश सरकार में जगह हुई थी निर्धारित

लक्ष्मण झूला और चौबे बांधा के बीच मेला लगाने के लिए जगह निर्धारित हुई है। इसकी मार्किंग भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान 2021 में हुआ था। 2021 में यहां पर मेला लगाने का निर्देश भी जारी किया गया था, लेकिन तैयारियां पूरी नहीं हो पाने की वजह से इसको टाल दिया गया। इतिहासकार रामेंद्र मिश्रा कहते हैं कि, नाम तो बदला लेकिन राजिम कुंभ की आस्था कम नहीं हुई।

हालांकि कुंभ के दौरान यातायात व्यवस्था पूरी बदहाल हो जाती है। मंदिर पहुंचने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब मेला स्थल बदल रहा है, तो स्थिति प्रशासनिक अधिकारियों के नियंत्रण में रहेगी।

कुंभ में कई धर्मगुरु, साधु-संत, कथावाचक होंगे शामिल

कुंभ में महामंडलेश्वर, अखाड़ों के धर्मगुरु, कथावाचक और दूसरे देशों के संत शामिल होंगे। धर्मगुरुओं के अलावा काशी, मथुरा, बनारस, अयोध्या,अमरकंटक और चित्रकूट से बड़ी संख्या में साधु-संत भी पहुंच सकते हैं। कुंभ में एक दर्जन से ज्यादा अखाड़ों के अलावा शाही जुलूस, साधू-संतों के दरबार, झाकियों, नागा साधुओं और धर्मगुरुओं की मौजूदगी रहेगी।

ओवरलोड गाड़ियों पर यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई

कवर्धा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल व पंकज पटेल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा ओवरलोड गाडियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो की टीम ने विशेष अभियान चलाते हुए अभी तक पाँच ओवरलोड गाडियों पर कार्रवाई की। इस अभियान के दौरान कुल 2,21,649 रूपए का जुर्माना वसूला गया है। इसमें एक गाड़ी पर ई-चालान के माध्यम से 35,300 रूपए का जुर्माना लगाया गया। डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर ने बताया कि ओवरलोड गाडियां न केवल सड़कों की संरचना को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि दुर्घटनाओं का जोखिम भी बढ़ाती हैं। यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो की टीम ने इस कार्रवाई के दौरान पाँच ओवरलोड गाडियों पर जुर्माना लगाया।

नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। ओवरलोड गाडियों के खिलाफ इस अभियान का उद्देश्य सड़कों पर यातायात को सुरक्षित बनाना और दुर्घटनाओं को रोकना है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, अभियान निरंतर जारी रहेगा। यातायात पुलिस ने इस अभियान में तकनीकी साधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए ई-चालान प्रणाली के माध्यम से जुर्माना वसूलने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और त्वरित बनाया है।

अवैध धान परिवहन व भण्डारण पर सतत कार्रवाई जारी

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन व भण्डारण पर प्रभावी कार्रवाई सतत जारी है। ऐसे मामलों में संबंधित वाहन, धान और तस्करी में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा, धान के अवैध कारोबार में शामिल व्यापारियों पर भी जुर्माना लगाया जा रहा है। निर्देशानुसार बिना उचित दस्तावेजों और अनुमति के धान परिवहन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और ऐसे परिवहन को तुरंत जब्त किया जा रहा है। इसी क्रम में 6 जनवरी को अवैध धान परिवहन के 2 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 415 बोरा (166 क्विंटल) धान जप्त किया गया। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि राजस्व, मंडी, खाद्य विभाग द्वारा जिले में अभी तक खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अवैध धान परिवहन के विरुद्ध 6 जनवरी तक कुल 143 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई हैं।

कोपरा नपं में अध्यक्ष पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित, चुनावी सरगर्मी तेज

गोरेलाल सिन्हा होंगे मजबूत दावेदार

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के नगर पंचायत कोपरा में इस बार अध्यक्ष पद सामान्य वर्ग (मुक्त) के लिए आरक्षित किया गया है। रायपुर के साइंस कॉलेज स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित लॉटरी प्रक्रिया के तहत इस आरक्षण का निर्धारण हुआ। इस फैसले ने कोपरा में चुनावी गतिविधियों को और रोमांचक बना दिया है।

सामान्य वर्ग के लिए खुला मैदान

चूंकि यह पद सामान्य वर्ग (मुक्त) के लिए आरक्षित है, महिला और पुरुष, दोनों ही चुनाव में अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। वर्तमान में कई संभावित उम्मीदवारों के नाम सामने आ रहे हैं। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार गोरेलाल सिन्हा को एक मजबूत दावेदार माना जा रहा है। वहीं, रूप नारायण साहू

और नोगेश्वर साहू भी इस दौड़ में हैं।

कौन बनेगा कोपरा का पहला अध्यक्ष

नगर पंचायत कोपरा का यह चुनाव ऐतिहासिक होगा क्योंकि यह कोपरा में नगर पंचायत गठन के बाद पहला चुनाव है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि विकास और नेतृत्व की जिम्मेदारी किसे सौंपी जाएगी।

नए नेतृत्व की तलाश में जनता

इस बार कोपरा की जनता बदलाव चाहती है। नागरिकों का मानना है कि वर्तमान स्थिति से बाहर निकलने के लिए ऐसा नेतृत्व जरूरी है, जो विकास को प्राथमिकता दे और जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुने।

जनता की उम्मीदें और चुनावी मुद्दे

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार वे ऐसा प्रतिनिधि चुनना चाहते हैं, जो क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे और बुनियादी सुविधाओं में सुधार करे। शिक्षा, स्वास्थ्य और सफाई जैसे मुद्दे प्रमुख हैं, जिन पर जनता का फोकस है।

अंतिम लड़ाई का इंतजार

नगर पंचायत कोपरा में अध्यक्ष पद के लिए सामान्य वर्ग को आरक्षण मिलने से प्रतिस्पर्धा खुली हो गई है। अब देखना यह है कि कौन सा प्रत्याशी अपनी योजनाओं और वादों के साथ जनता का विश्वास जीतकर इस पद पर काबिज होता है। आगामी चुनाव न केवल कोपरा के लिए बल्कि पूरे गरियाबंद जिले के लिए नई राजनीति का आगाज करेंगे।

अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार आबकारी अमला द्वारा 6 जनवरी को कुरूद के ग्राम भाठागांव स्थित भाठापारा में प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी हरिनारायण ओझा के घर की तलाशी ली गई। जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि कार्यवाही के दौरान उसके घर से 48 पाव देशी मदिरा मसाला कुल 8.64 ब.ली. बरामद किया गया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999